CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

नई दिल्ली, रविवार 14 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 163 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 21 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मोदी की हिंसाग्रस्त मणिपुर की यात्रा महज दिखावा: खड़गे पेज 2




ईशा ने महिलाओं की एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण खेल टाइम्स



भ्रष्टाचार रोकेगा अल्बानिया में एआई मिनिस्टर पेज 11



शाहरुख खान और गुरु रंधावा पंजाब के किसानों की मदद को आगे आए बॉलीवुड



आगरा: ताजमहल के पास यमुना नदी का जलस्तर कम होने के बाद आगरा नगर निगम के कर्मचारी कीचड़ और गाद साफ करते हुए।

### आखिरकार आजिज आकर बोला चुनाव आयोग

# वोटर लिस्ट बनाना, बदलना हमारा काम, SC का नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कहा: एसआईआर कराना विशेष अधिकार
- सुप्रीम कोर्ट का निर्देश देना हमारे काम में दखल




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा कि पूरे देश में समय-समय पर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कराना उसका विशेषाधिकार है। कोर्ट इसका निर्देश देगी, तो ये अधिकार में दखल होगा।

आयोग ने कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार वोटर लिस्ट बनाना और उसमें समय-समय पर बदलाव करना सिर्फ चुनाव आयोग (ईसी) का अधिकार है। यह काम न किसी और संस्था और न ही अदालत को दिया जा सकता। चुनाव आयोग ने कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी समझते हैं और वोटर लिस्ट को पारदर्शी रखने के लिए लगातार काम करते हैं। यह हलफनामा एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर दायर किया गया था। याचिका में मांग की गई थी कि चुनाव आयोग को भारत में विशेष रूप से चुनावों से पहले एसआईआर कराने का निर्देश दिया जाए, ताकि देश की राजनीति और नीति केवल भारतीय नागरिक ही तय करें। ईसी ने 5 जुलाई 2025 को बिहार को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) को पत्र भेजकर एक जनवरी 2026 की पात्रता तिथि के आधार पर एसआईआर की तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया था। आयोग ने कहा कि धारा 21 के मुताबिक, वोटर लिस्ट में बदलाव करने की कोई तय समय सीमा नहीं है। बल्कि ये सामान्य जिम्मेदारी है, जिसे हर आम चुनाव, विधानसभा चुनाव या किसी सीट के खाली होने पर होने वाले उपचुनाव से पहले पूरा करना जरूरी है।

## भारत-पाक के बीच मुकाबला आज खून व पानी साथ नहीं तो मैच क्यों: उद्धव

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2025 के रविवार को (आज) होने वाले मैच का लगातार विरोध हो रहा है। पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच ये पहला मौका है जब दोनों देश आमने सामने होंगे। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे व अन्य नेता मैच को रद्द किए जाने की मांग कर रहे हैं। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आम जनता भी इस मैच के खिलाफ लिख रही है। सुप्रीम कोर्ट में भी मैच को रद्द करने की मांग करने वाली याचिका दायर की गई, जिस पर सुनवाई से कोर्ट ने इन्कार कर दिया। एशिया कप 2025 में भारत पाकिस्तान के बीच 14 सितम्बर 2025 को दुबई में मैच खेला जाएगा। यह मैच शाम 8:00 बजे से शुरू होगा।

## एडीआर फाउंडर प्रो. छोकर का निधन

**नई दिल्ली।** चुनाव सुधारों के लिए काम करने वाले संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के को-फाउंडर और चुनाव सुधारों के प्रबल समर्थक प्रो. जगदीप एस छोकर का दिल्ली में हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे 81 साल के थे। प्रो. छोकर की इच्छा के अनुसार उनका शरीर रिसर्च के लिए लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज को डोनेट किया गया है। आईआईएम अहमदाबाद में प्रोफेसर रहे छोकर ने 1999 में एडीआर की स्थापना की। इसके जरिये चुनावी पारदर्शिता के लिए कई कानूनी लड़ाइयां लड़ीं।


## देश की ट्राइबल भाषाओं को समझाएगा एआई

**नई दिल्ली।** जनजातीय कार्य मंत्रालय ने जनजातीय सशक्तिकरण और भारत की समृद्ध भाषाई विविधता के संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए आदि वाणी का बीटा संस्करण शुरू किया। यह जनजातीय भाषाओं के लिए भारत का पहला एआई-संचालित ट्रांसलेटर है। यह प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। समर्पित वेब प्लेटफार्म के माध्यम से उपलब्ध, आदि वाणी को आदिवासी और गैर-आदिवासी समुदायों के बीच संवाद की खाई को पाटने और उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके लुप्तप्राय आदिवासी भाषाओं की सुरक्षा के लिए डिजाइन किया गया है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति को आई सद्बुद्धि

# रिश्तों में दरार, टैरिफ वॉर का ट्रम्प को बड़ा मलाल

वाशिंगटन, वार्ता



- कहा: रूस का सबसे बड़ा ग्राहक था, मैंने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया
- अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्वीकार किया वह रूस-यूक्रेन विवाद को नहीं सुलझा पाए

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ ने भारत के साथ दरार पैदा कर दी है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि रूस-यूक्रेन विवाद अभी तक सुलझा नहीं है। इसे सभी ने हल्के में ले लिया था।

ट्रम्प ने कहा कि भारत रूस का सबसे बड़ा ग्राहक था, मैंने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर जुर्माने सहित 50 (25 फीसदी + 25 फीसदी) टैरिफ लगाया। यह एक बड़ी बात है और इससे भारत के साथ दरार पैदा होती है। याद रखें, यह हमारी समस्या से ज्यादा यूरोप की समस्या है। भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ पर चर्चा करने से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्वीकार किया कि वह रूस-यूक्रेन विवाद को नहीं सुलझा पाए हैं, जिसे उन्होंने सबसे आसान समझा था। समाचार एजेंसी के मुताबिक, फॉक्स न्यूज को दिए अपने साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि मुझे लगा था कि यूक्रेन और रूस के बीच मुकाबला सबसे आसान होगा। समझौते के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। जब पुतिन ऐसा करना चाहते हैं, तो जेलेंस्की नहीं करते। जब जेलेंस्की ऐसा करना चाहते हैं, तो पुतिन नहीं करते। अब जेलेंस्की ऐसा करना चाहते हैं और -शेष पृष्ठ दो पर

### डर के चलते भारत पर टैरिफ लगाया गया: भागवत

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि लोगों (अमेरिका) को डर है कि अगर भारत मजबूत हुआ तो उनका क्या होगा, इसलिए टैरिफ लगाए जा रहे हैं। भागवत ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि ऐसे कदम वो लोग उठाते हैं, जो खुद को हमेशा चर्चा में देखना चाहते हैं। भागवत ने ये बातें नागपुर में ब्रह्माकुमारी विश्व शांति सरोवर के 7वें स्थापना दिवस पर कहीं। दरअसल ट्रम्प ने 30 जुलाई को भारत पर 25 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया था। यह 7 अगस्त को लागू हुआ। वहीं रूसी तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया गया, जो 27 अगस्त से लागू हुआ।

# पीएम मोदी ने किया मणिपुर का दौरा



**इंफाल/चुराचांदपुर।** पीएम मोदी शनिवार को मणिपुर के चुराचांदपुर और इंफाल पहुंचे। उन्होंने चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ और इंफाल में 1,200 करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

मणिपुर में मई, 2023 में हिंसा भड़कने के बाद पीएम मोदी का यह पहला दौरा है। प्रधानमंत्री ने इंफाल में कहा कि मणिपुर में किसी भी तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें राज्य को शांति और विकास के रास्ते पर लेकर जाना है। चुराचांदपुर में पीएम ने कहा कि मैं सभी संगठनों से शांति के रास्ते पर आगे बढ़ने की अपील करता हूं। मैं वादा करता हूं, मैं आपके साथ हूं। पीएम चुराचांदपुर में हिंसा पीड़ितों से मिलने रिलीफ कैंप गए। इंफाल में कार्यक्रम स्थल पर हिंसा पीड़ितों से बात की। चुराचांदपुर कुकी बहुल पहाड़ी इलाका है। इंफाल घाटी इलाका है और मैतेई समुदाय का गढ़ है। पिछले दो साल से, दोनों समुदायों की एक-दूसरे के इलाकों में आवाजाही बंद है। पीएम मोदी ने कहा कि मणिपुर, मां भारती के मुकुट पर सजा मुकुट रत्न है। हमें मणिपुर की विकासवादी छवि को लगातार मजबूत करना है। मणिपुर में किसी भी तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है। ये हिंसा हमारे पूर्वजों और हमारी भावी पीढ़ी के साथ भी बहुत बड़ा अन्याय है। मणिपुर में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है। जरूरत इस बात की है कि हम संवाद का रास्ता निरंतर मजबूत करें। हमें पहाड़ी और घाटी के लोगों के बीच विश्वास का एक मजबूत सेतु बनाना है। मणिपुर के युवा की पहचान को हिंसा की काली छाया में नहीं डूबने देना चाहिए। मणिपुर आशा और उम्मीद की भूमि है। दुर्भाग्य से, हिंसा से इस शानदार इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था।

- मणिपुर को साढ़े आठ सौ करोड़ की सौगात

### 51 किमी की रेल लाइन से मिजोरम दिल्ली से जुड़ा

**आइजोल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मिजोरम की पहली रेल लाइन बैराबी-सायरंग का उद्घाटन किया। 51 किमी लंबी बैराबी-सायरंग रेलवे लाइन के जरिए मिजोरम की दिल्ली, गुवाहाटी और कोलकाता से सीधी रेल कनेक्टिविटी हो गई है। इस रेलवे रूट में 45 सुरंग, 88 छोटे और 55 बड़े ब्रिज हैं। इसके अलावा 114 मीटर ऊंचा देश का दूसरा पियर ब्रिज भी है, जो कुतुब मिनार (72 मीटर) से भी ऊंचा है। पीएम ने कहा कि लंबे समय से हमारे देश की कुछ राजनीतिक पार्टियां वोट बैंक पॉलिटिक्स कर रही हैं। जिन्होंने मिजोरम को अनदेखा किया, लेकिन आज मिजोरम फ्रंटलाइन में है।

## नेपाल में सेना ने कर्फ्यू हटाया दैनिक जीवन सामान्य की ओर

**काठमांडू।** नेपाल में तख्तापलट के तीन दिन बाद पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की अंतरिम प्रधानमंत्री बन गई हैं। संसद भंग करने के साथ छह महीने में उन्हें संसद यानी प्रतिनिधि सभा के चुनाव की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने अपने पहले फैसले में पांच मार्च, 2026 को आम चुनाव का ऐलान कर दिया। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने उनकी सिफारिश मंजूर कर ली। अब सभी की नजर कैबिनेट विस्तार पर लगी हुई है। इस बीच अधिकारियों ने शनिवार को काठमांडू घाटी और नेपाल के अन्य हिस्सों में लगाए गए कर्फ्यू और प्रतिबंधात्मक आदेशों को हटा दिया। ऐसे में अब दैनिक जीवन धीरे-धीरे सामान्य होते दिखाई दे रहा है। घटनाक्रम पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के नेपाल की अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने वाली पहली महिला प्रधानमंत्री बनने के एक दिन बाद हुआ।

## हिमाचल के बिलासपुर में बादल फटा, मंडी में लैंडस्लाइड



- 10 गाड़ियां मलबे में दबीं, सड़क बही

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर के नम्होल में शुक्रवार देर रात बादल फटा है। इससे 10 से ज्यादा गाड़ियां मलबे में दब गईं। सड़कें भी बह गई, कई घरों को भी नुकसान पहुंचा।

वहीं, मंडी जिले के धर्मपुर में सपड़ी रोह गांव में शनिवार सुबह 4 बजे लैंडस्लाइड हुई। कई घर मलबे से घिर गए हैं। 8 घर खाली कराए गए हैं। राज्य में बारिश-बाढ़ से मरने वालों का आंकड़ा 386 पहुंच गया है। राज्य में इस सीजन में सामान्य से 43 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। एक जून से 12 सितम्बर के बीच 678.4एमएम बारिश होती है, इस बार 967.2एमएम बारिश हो चुकी है।

## मोदी का मणिपुर जाना अच्छा है : राहुल-प्रियंका

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीएम मोदी की मणिपुर की यात्रा को अच्छा तो बताया लेकिन कहा कि उन्हें दो साल से ज्यादा समय से हिंसा में जल रहे राज्य में शांति के लिए वहां की यात्रा पहले करनी चाहिए थी। श्री गांधी ने प्रधानमंत्री की मणिपुर यात्रा को लेकर कहा कि पीएम मोदी का मणिपुर जाना अच्छा है, लेकिन मणिपुर दौरे से ज्यादा बड़ा मुद्दा देश में वोट चोरी का है। श्री गांधी मणिपुर हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री पर लगातार निशाना साधते हुए उनसे जवाब मांगते रहे हैं कि वह मणिपुर कब जा रहे हैं और वहां की स्थिति को सामान्य करने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री ने दो साल बाद मणिपुर जाने का फैसला किया है। उन्हें बहुत पहले ही जाना चाहिए था।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट
जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# वायुसेना को 114 राफेल चाहिएं, रक्षा मंत्रालय को भेजा प्रस्ताव

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 60 फीसदी स्वदेशी सामान होगा, दो लाख करोड़ का सौदा संभव, यह सबसे बड़ी डिफेंस डील होगी

**नई दिल्ली।** इंडियन एयर फोर्स को 114 मेड इन इंडिया राफेल लड़ाकू विमान की जरूरत है। इसके लिए सेना की तरफ से रक्षा मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

इन विमानों को फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन और भारतीय एयरोस्पेस कंपनियां मिलकर बनाएंगी। मेड इन इंडिया राफेल में 60 परसेंट सामान स्वदेशी होगा। यह फैसला ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के खिलाफ राफेल के शानदार प्रदर्शन के तुरंत बाद लिया गया है। इस प्रस्ताव की अनुमानित लागत 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायु सेना की तरफ से केस स्टेटमेंट (एसओसी) या प्रस्ताव कुछ दिन पहले रक्षा मंत्रालय को प्राप्त हुआ था। रक्षा, वित्त सहित अन्य विभाग इस पर विचार कर रहे हैं। विचार-विमर्श के बाद, प्रस्ताव को रक्षा खरीद बोर्ड (डीपीबी) और उसके बाद रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीआरसी) के पास भेजा जाएगा। अगर फ्रांस के साथ यह सौदा हो जाता है, तो भारत सरकार की अब तक की सबसे बड़ी डिफेंस डील होगी। भारतीय सेना में 176 राफेल विमान हो जाएंगे 114 राफेल की डील पूरी होने के बाद भारतीय सेना के बेड़े में राफेल विमानों की संख्या 176 हो जाएगी। हालांकि अभी इसमें थोड़ा वक्त लग सकता है। भारतीय वायु सेना पहले ही 36 राफेल विमानों को शामिल कर चुकी है, और भारतीय नौसेना ने 26 राफेल मरीन का ऑर्डर दिया है। भारत और फ्रांस के बीच जून में 26 राफेल मरीन विमानों की डील साइन हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### गणेश विसर्जन जुलूस में ट्रक घुसा नौ को कुचला, मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के हासन जिले में शुक्रवार रात एक ट्रक ने गणेश विसर्जन जूलूस में शामिल लोगों को कुचल दिया। 9 लोगों की मौत हो गई, 20 लोग घायल हैं। घटना लगभग 8.45 बजे मोसाले होसाहल्ली गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक ज्यादातर मृतक युवा लड़के हैं। घायलों को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। चश्मदीद ने बताया कि ट्रक अरकलागुडु की तरफ से आ रहा था। जुलूस के नजदीक पहुंचते ही ट्रक का कंट्रोल खो गया और वह भीड़ को कुचलता हुआ निकल गया, लोग ट्रक के पहिए के नीचे आ गए। इधर पीएम मोदी ने हादसे में मरने वाले सभी मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50,000 रुपए देने की घोषणा की है।

### भारत-पाक मैच न देखें: ऐशन्या

**कानपुर।** एशिया कप में कल, 14 सितम्बर को भारत-पाकिस्तान के बीच मैच होना है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में मैच खेला जाएगा। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच यह पहला मुकाबला है। पहलगाम में कानपुर के शुभम द्विवेदी को आतंकियों ने उनकी पत्नी ऐशन्या की आंखों के सामने गोली मार दी थी। ऐशन्या ने इस मैच का विरोध किया है। उन्होंने ।छप् से बातचीत में कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर में कई जवानों की जान गई। बावजूद इसके मैच कराया जा रहा है। मुझे लगता है कि बीसीसीआई में इमोशंस नहीं हैं। इन सब की शहादत आपके लिए कोई वैल्यू नहीं रखती। शायद इसलिए, क्योंकि आपके घर से कोई नहीं गया।

# मोदी की हिंसाग्रस्त मणिपुर की यात्रा महज दिखावा

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हिंसा से जूझ रहे मणिपुर की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा को दिखावा करार देते हुए कहा है कि उन्होंने शांति बहाली का ठोस प्रयास करने की बजाय शोर शराबा करने पर ज्यादा ध्यान दिया है।

खड़गे ने प्रधानमंत्री के नाम एक संदेश में शनिवार को कहा ष्श्री नरेंद्र मोदी, मणिपुर में आपका तीन घंटे का पड़ाव करुणा नहीं, बल्कि एक दिखावा है और हिंसा से घायल हुए लोगों के जख्मों का अपमान है। मणिपुर की राजधानी इम्फाल और चुराचांदपुर में आप जो तथाकथित रोड शो कर रहे हैं, वह राहत शिविरों में रहने वाले लोगों का दर्द सुनने से बचने का एक प्रयास है। उन्होंने मणिपुर हिंसा के जख्मों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां 864 दिनों की हिंसा में लगभग 300 लोग मारे गए और 1,500 से ज्यादा घायल हुए तथा हिंसा के कारण 67,000 लोग विस्थापित हुए हैं। मणिपुर में भड़की हिंसा के बाद से आपने 46 विदेश यात्राएं कीं हैं, लेकिन अपने देश के नागरिकों को सहानुभूति के दो शब्द कहने के लिए मणिपुर की एक भी यात्रा नहीं की। मणिपुर के दौरे पर आप इससे पहले जनवरी 2022 में गए और वह भी वहां चुनावी यात्रा पर गए थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी पर हमला करते हुए कहा कि आपकी 'डबल इंजन' सरकार ने मणिपुर के निर्दोष लोगों की जान ले ली है। आप और गृह मंत्री अमित शाह की घोर अक्षमता और सभी समुदायों के साथ विश्वासघात की मिलीभगत को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाकर जांच से तो बचा लिया, लेकिन वहां हिंसा अब भी जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी भाजपा की थी लेकिन इसमें केंद्र सरकार फिर से टालमटोल कर रही है। भाजपा को यह भी ध्यान रखना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमा पर सुरक्षा आपकी ही सरकार की जिम्मेदारी है। इस बीच पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी मोदी पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का मणिपुर दौरा इस बात का एहसास कराता है कि एक नेता में सहानुभूति और करुणा का कितना अभाव हो सकता है। उन्होंने कहा कि मणिपुर 2023 से जल रहा है और उन्हें आज ढाई साल बाद वहां जाने का समय मिला। यह दौरा भी आधे-अधूरे मन से किया गया है। वहां बमुश्किल कुछ घंटे बिताए हैं।



■ डबल इंजन सरकार ने मणिपुर के निर्दोष लोगों की जान ली: खड़गे

# सहमति से बने शारीरिक संबंध दुष्कर्म नहीं

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने प्रेम संबंधों और शारीरिक संबंधों से जुड़े एक मुद्दे एक अहम टिप्पणी की है। कोर्ट का कहना है कि अगर प्रेम संबंधों में शारीरिक संबंध सहमति से बने हों, तो उन्हें दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता।

कोर्ट ने कहा कि अगर महिला शुरू से यह जानती है कि सामाजिक कारणों की वजह से उसकी शादी मुमकिन नहीं है और बावजूद इसके वह सालों तक सहमति से शारीरिक संबंध बनाए रखती है, तो इसे दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल की बेंच ने महोबा जिले के चरखारी थाना क्षेत्र की एक महिला की याचिका खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया । महिला ने अपने सहकर्मी लेखपाल पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था। दरअसल पीड़िता ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि 2019 में उसके सहकर्मी लेखपाल ने जन्मदिन की पार्टी के बहाने अपने घर बुलाकर नशीला पदार्थ पिलाकर उसके दुष्कर्म किया और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। होश में आने के बाद शादी करने का वादा किया लेकिन चार साल बाद जातिगत ताना मारते हुए शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता ने इस मामले की शिकायत पुलिस अधिकारियों से की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़िता ने एससी-एसटी की विशेष अदालत में परिवाद दाखिल किया, विशेष अदालत ने परिवाद खारिज कर दिया। इसके खिलाफ पीड़िता ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और अर्जी दाखिल कर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने दलील दी कि आरोपी लेखपाल ने शादी का झांसा देकर उसके साथ सालों तक संबंध बनाए। वहीं कोर्ट में आरोपी लेखपाल के वकील ने दलील दी कि पीड़िता ने खुद थाने और एसपी को लिखकर कार्रवाई से इनकार किया था।



■ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुद्दे पर दी अहम टिप्पणी

# अंबेडकर पर टिप्पणी करने वाले संतों को मायावती ने दी नसीहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने शनिवार को साधु संतों को नसीहत देते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बारे में बोलने की बजाय चुप रहें तो अच्छा होगा, क्योंकि वे लोग बाबा साहब की विद्वता के आगे कुछ नहीं हैं।

सुश्री मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, जैसाकि विदित है कि आएदिन सुर्खियों में बने रहने हेतु विवादित बयानबाज़ी करने वाले कुछ साधु-सन्तों को परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के भारतीय संविधान के निर्माण में रहे उनके अतुल्य योगदान के बारे में सही जानकारी नहीं होने के कारण इनको इस बारे में कोई भी ग़लत बयानबाज़ी आदि करने की बजाय यदि वे चुप रहें तो यह उचित होगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के अनुयायी, मनुस्मृति का विरोध क्यों करते हैं? उसे भी इनको अपनी जातिवादी द्वेष की भावना को त्याग कर ज़रूर समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ इन्हें यह भी मालूम होना चाहिए कि बाबा साहेब महान विद्वान व्यक्तित्व थे। इस मामले में कोई भी टीका-टिप्पणी करने वाले साधु-सन्त, इनकी विद्वता के मामले में कुछ भी नहीं हैं। अतः इस बारे में भी कुछ कहने से पहले इनको ज़रूर बचना चाहिए, यही नेक सलाह है।



■ ऐसे लोग बाबा साहेब की विद्वता के आगे कुछ नहीं

## राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान के समारोह में बोले सीएम योगी

# हर मरीज के साथ डॉक्टर करें अच्छा व्यवहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का पांचवा स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा शामिल हुए।

इस मौके पर सीएम योगी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक्टरों को सम्मानित किया। लोगों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि डाक्टरों का व्यवहार मरीजों के लिए काफी अहम होता है। गरीब परिवारों के प्रति आपकी संवेदना होनी चाहिए। अस्पताल में मरीजों को स्ट्रेचर मिल जाए। वार्ड बाय उनकी मदद करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी गरीब परिवार के किसी व्यक्ति की दुखद मौत हो जाती है, तो संस्थान के वाहन से शव उसके घर तक पहुंचा दें। हमारे पास वाहन नहीं है तो संस्थान एक वाहन खरीद लें। निजी एंबुलेंस जो मरीजों को निजी अस्पताल ले जाती हैं, इन पर रोक लगनी चाहिए। पेशेवर ब्लड डोनेशन करने वाले लोग मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हैं। इस पर भी रोक लगे।



■ गरीब परिवारों के प्रति आपकी संवेदना होनी चाहिए: योगी

### यूपी में खुलेगा राज्य सहकारी महाविद्यालय: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में सहकारिता के क्षेत्र में अध्ययन, अध्यापन और शोध को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए राज्य सहकारी महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इसकी तैयारी के निर्देश दिए। वह शुक्रवार को केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल के साथ सहकारिता विभाग की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' मंत्र को आत्मसात करते हुए 12 सितम्बर से 12 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान शुरू किया जा रहा है। इससे पहले चले अभियान से व्यापक बनाया जाए। गांव-गांव में कैंप, आनलाइन/आफलाइन पंजीकरण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान और जमाकर्ताओं का विश्वास ही सहकारिता की असली पूंजी है, इसे हर हाल में सुरक्षित रखा जाए। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की उपलब्धियां अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय हैं। बैठक में सहकारी बैंकिंग सुधारों की समीक्षा करते हुए अवगत कराया गया कि 2017-18 से 2024-25 तक राज्य सरकार द्वारा 16 बंद जिला सहकारी बैंकों को 306.92 करोड़ की सहायता से पुनर्जीवित किया गया है। मार्च 2025 तक 1000 करोड़ का ऋण व्यवसाय दर्ज हुआ और सभी बैंक लाभ में आ गए।

■ बोले- शोध व अध्ययन को मिलेगा बढ़ावा

सीएम ने आगे कहा कि लोगों ने सोशल मीडिया को नजरअंदाज किया। विकास किस तरह बाधित हो जाता है। ए हमने पड़ोसी देश में देखा। आज के युग के अनुरूप हमें हर क्षेत्र में खुद को तैयार करना होगा। सेवा पखवाड़ा के दौरान पीएचसी, सीएचसी में आरोग्य मेले लगेंगे। आरएमएल को भी इसमें हिस्सा लेना चाहिए। तमाम घुमंतू जातियां अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखतीं। हमें उन लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोहिया संस्थान के विस्तार के लिए दूरदर्शन से बात चल रही है। वो जमीन मिलने से यहां का विस्तार हो सकेगा। यह जमीन संस्थान के पास ही उपलब्ध है।

**सेंसेक्स** 81101.32
**निफ्टी** 24868.60

**सोना रु.** 109707
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

**चांदी रु.** 128008
प्रति किलो



# अमेरिका को जेवरात निर्यात के विकल्प तलाश रहे सर्राफा व्यापारी: योगेश

**नई दिल्ली, वार्ता**

अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगने के बाद भारतीय सर्राफा व्यापारी दूसरे देशों के रास्ते वहां अपने सोने-चांदी के जेवरात निर्यात करने के विकल्प तलाश रहे हैं।

दिल्ली के भारत मंडपम में शनिवार से गहने-जेवरातों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी 'अपना दिल्लीवाला शो' के उद्घाटन के बाद आयोजकों ने मीडिया के साथ बातचीत में कहा कि देश का 60 से 70 प्रतिशत गहनों का निर्यात अमेरिका को किया जाता है। निश्चित रूप से अमेरिका के 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने से चुनौतियां सामने आई हैं, लेकिन उसके लिए वैकल्पिक बाजार तलाशे जा रहे हैं। प्रदर्शनी की आयोजक कंपनी इनफॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया के प्रबंध निदेशक योगेश मुद्रास ने कहा कि अमेरिका में सऊदी अरब से भी सोने और हीरे के जेवरातों का आयात किया जाता है। वहां भारतीय कारीगर भी इस उद्योग में बड़ी संख्या में काम करते हैं।

सर्राफा कारोबारी अब ऐसे ही देशों को निर्यात बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। इनमें ब्रिटेन, यूरोपीय संघ के देश और पश्चिम एशिया के देश शामिल हैं। हालांकि उन्होंने उम्मीद जतायी कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार पर जारी वार्ता सफल रहेगी। सोने की ऊंची कीमतों के प्रभाव के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में द बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (टीबीजेए) के चेयरमैन रामअवतार वर्मा ने कहा कि सोने के दाम फिलहाल घटने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि सोने ने पहले भी कई मौकों पर 'लंबी छलांग' लगाई है और उसके बाद लोगों को उम्मीद थी कि अब यह नीचे आएगा, लेकिन सोना कभी वापस नीचे नहीं आया।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में सोने की वास्तविक मांग कम हुई है, लेकिन दाम बढ़ने के कारण राजस्व लगातार बढ़ रहा है। टीबीजेए के सीनियर चेयरमैन नवीन कुमार जिंदल ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर में हाल में किए गए सुधारों में सोने पर कर कम नहीं किया गया। उन्होंने कहा सोने पर जीएसटी तीन प्रतिशत से घटाकर एक प्रतिशत करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब सोने के दाम कम थे उसकी तुलना में अब इस पर जीएसटी से सरकार को कई गुणा आमदनी हो रही है। इसलिए इस पर कर कम करके सरकार इस उद्योग का समर्थन कर सकती है।



### इस हफ्ते सोना 3,369 रुपये महंगा हुआ

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार पिछले शनिवार यानी 6 सितंबर को सोना 1,06,338 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब यानी 13 सितंबर को 1,09,707 रुपए पर पहुंच गया है। इसकी कीमत 3,369 रुपए बढ़ी है। वहीं चांदी की कीमत इस हफ्ते 4,838 रुपए बढ़ी है। पिछले शनिवार को ये 1,23,170 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी, जो अब 1,28,008 रुपए पर पहुंच गई है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,300 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,02,050 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,170 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,900 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,170 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,900 रही।

# चावल नरम, गेहूं-चीनी हुए मजबूत खाद्य तेलों-दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत दाम घट गए, जबकि गेहूं की कीमतों में तेजी रही। चीनी में भी मजबूती दर्ज की गयी। दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 89 रुपए घटकर 3,759 रुपए प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं 11 रुपए चढ़कर 2,859.13 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बोला गया। आटे के दाम में भी 31 रुपए की मजबूती रही और यह 3,334.63 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल औसतन 70 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 27 रुपए और पाम ऑयल की 40 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल 15 रुपए और सूरजमुखी तेल 12 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। वनस्पति में सात रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 72 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गई। चना दाल भी 72 रुपए सस्ती हुई। मूंग दाल में तकरीबन छह रुपए और मसूर दाल में 55 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी रही। वहीं उड़द दाल में आठ रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज तेजी रही। गुड़ की औसत कीमत 18 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी करीब 19 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7892.79 रुपए, मसूर काली 8115.39 रुपए, मूंग दाल 10089.95 रुपए, उड़द दाल 10446.72 रुपए, अरहर दाल 10571.89 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.13 रुपए और चावल 3759 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4329.01 रुपए और गुड़ 498074 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।



## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**रिश्तों में दरार....**

पुतिन पर सवालिया निशान है। हमें बहुत मजबूती से उतरना होगा। पुतिन के साथ मेरे हमेशा से अच्छे संबंध रहे हैं, यही एकमात्र युद्ध है, जिसे मैं सुलझा नहीं पाया हूं। ट्रम्प ने आगे बताया कि यूक्रेन-रूस संघर्ष को कम करने के संबंध में वह कैसे बहुत मजबूती से उतरने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें बैंकों पर प्रतिबंध लगाने और तेल व टैरिफ से जुड़े मामलों पर भी कड़ी कार्रवाई होगी। मैं पहले ही ऐसा कर चुका हूं, मैंने बहुत कुछ किया है। साक्षात्कार के दौरान उन्होंने अन्य संघर्षों को सुलझाने में अपने रिकॉर्ड को भी दोहराया। ट्रम्प ने कहा कि मैंने सात युद्ध रोके, सात। मैंने पाकिस्तान और भारत समेत कई युद्ध सुलझाए। कुछ तो अनसुलझे थे। कांगो और रवांडा, मैंने सुलझाया। लाखों लोग मारे गए। मैंने ऐसे युद्ध सुलझाए जो अनसुलझे थे। व्हाइट हाउस के एक बयान में ट्रम्प ने अपने अमेरिका फर्स्ट व्यापार एजेंडे का बचाव करते हुए कहा कि हम टैरिफ की वजह से सफल रहे हैं। इसने हमें उन देशों के साथ बातचीत करने की बड़ी ताकत दी है, जिन्होंने हमारा फायदा उठाया था। साथ ही इसने देश में अरबों डॉलर लाए हैं। हमारे पास एक बड़ा मामला है, यह अब सुप्रीम कोर्ट में है। यह मामला जीतना वाकई जरूरी है, क्योंकि इसने हमें एक अमीर देश बनाया है। ट्रम्प के मनमाने टैरिफ के कारण अमेरिका-भारत संबंधों में तनाव आ गया है। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत की ओर से अपने विशाल कृषि और डेयरी क्षेत्रों को खोलने का विरोध करने के बाद व्यापार समझौते पर बातचीत विफल हो गई। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार हर साल 190 अरब डॉलर से ज्यादा का होता है। ट्रम्प ने पहले भारत से आयात पर 25 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगाया, फिर कहा कि 27 अगस्त से टैरिफ दोगुना होकर 50 फीसदी हो जाएगा। यह टैरिफ नई दिल्ली की ओर से रूसी तेल की बढ़ती खरीद के दंड के रूप में लगाया गया है, क्योंकि वाशिंगटन यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए प्रयासरत है। हालांकि, जब ट्रम्प रूस और यूक्रेन की जंग नहीं रुकवा पाए, तो अब उन्हें अपने टैरिफ को पछतावा हो रहा है। इसके संकेत इस बात से ही मिलते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार को कहा था कि उनका प्रशासन भारत के साथ व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी रखे हुए है। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करेंगे। यह हफ्तों के कूटनीतिक गतिरोध के बाद संबंधों में सुधार का संकेत है। ट्रम्प की ओर से भारत में राजदूत के रूप में नामित सर्जियो गोर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले हफ्ते भारत के वाणिज्य मंत्री के वाशिंगटन दौरे पर प्रगति होगी। गोर ने भारत के बारे में कहा कि मैं यह सुनिश्चित करना अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाऊंगा कि वे हमारी ओर आकर्षित हों, न कि हमसे दूर जाएं। गोर ने कहा कि ट्रम्प ने प्रधानमंत्री मोदी पर व्यक्तिगत रूप से हमला नहीं किया है।

# उत्तर प्रदेश अग्निशमन विभाग को मिला एफएसएआई का सर्वोच्च सम्मान

**लखनऊ, वार्ता**

नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि कन्वेंशन हॉल में एफएसएआई द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में महाकुंभ-2025 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग को 'ब्रेवरी एवं सुपर हीरो ऑफ फायर सर्विसेज अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार विभाग की एडीजी पद्मजा चौहान के नेतृत्व में टीम को प्रदान किया गया।

महाकुंभ-2025 की सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुरुआत से ही 'सुरक्षित महाकुंभ' का संकल्प लिया था। चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में विभाग ने गंभीर से गंभीर अग्निकांड पर भी त्वरित काबू पाया और पूरे 45 दिन के आयोजन में शून्य जनहानि का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया। इस दौरान 185 अग्निकांड और 24 बड़ी आग की घटनाओं पर काबू पाते हुए लगभग 16.5 करोड़ रुपए की संपत्ति को सुरक्षित बचाया गया। सम्मान पाने वालों में प्रमुख रूप से प्रमोद शर्मा (नोडल ऑफिसर महाकुंभ मेला), अंकुश मित्तल (सीएफओ), रमेश तिवारी (सीएफओ), संजीव कुमार (फायर ऑफिसर) और अमित कुमार (सेकंड फायर ऑफिसर) शामिल रहे। प्रमोद शर्मा ने बताया कि फायर डिपार्टमेंट ने आयोजन से पहले जो युद्धस्तर की तैयारियां की थीं, ये उसी का नतीजा है कि आयोजन के दौरान हमारी टीम ने दिन रात अग्निजनित घटनाओं का पूरी बहादुरी से सामना किया और शून्य जनहानि का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया उन्होंने बताया कि महाकुंभ-2025 में 25 सेक्टरों में 54 फायर स्टेशन और 27 चौकियां स्थापित की गईं। 1500 प्रशिक्षित अग्निशमन कर्मियों की तैनाती की गई। 351 फायर टेंडर और आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। आर्टिकुलेटिंग वाटर टावर, क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल, एटीवी, फायर मिस्ट बाइक, रोबोट और फायर फाइटिंग बोट जैसी तकनीक का उपयोग किया गया। इन व्यवस्थाओं की वजह से बिना जनहानि के सभी घटनाओं को नियंत्रित किया जा सका।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# नगर पंचायत ने मजारों का कराया निर्माण

## गुरुवार देर रात शरारती तत्वों ने मजारों को तोड़ने का किया था काम, लोगों ने किया था हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कलावड़ा मार्ग से कुछ दूरी पर मुस्लिम जोगी समाज के कब्रिस्तान में शरारती तत्वो द्वारा गुरुवार देर रात बलवल शाह सहित कई मजार तोड़ दिये पंचायत द्वारा मजारों को बनवा दिया गया है। वहीं सुरक्षा के मुद्दे नजर पुलिस तैनात की गई है पुलिस ने पूछताछ के लिए कई युवकों को हिरासत में लिया है।

मजार तोड़ने की घटना को लेकर क्षेत्र के लोगो में आक्रोश फेल गया था। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाने का प्रयास किया लेकिन लोग आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े थे। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सचिन पंवार की देख रेख में मजार बनवाने का निर्माण कार्य रात को भी जारी रहा टूटे हुए मजारों को बनवाने के लिए करीब आधा दर्जन से अधिक श्रमिक लगाए गए है। निर्माण कार्य शीघ्र संम्पन कराने के लिए कब्रिस्तान परिसर में लाइट की व्यवस्था की गई शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात है। घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने टीमे बनाकर जांच पड़ताल में जुटी हुई है पुलिस द्वारा शरारती तत्वो की कुंडली खंगाली जा रही है। कस्बे में सांप्रदायिक



सद्भाव को पलीता लगाने की गरज से अंजाम दी गई। इस घटना के खुलासे के लिए पुलिस अराजक तत्वों की कुंडली खगालने में लगी है पूर्व में हुई घटनाओं पर अवलोकन करके शरारती तत्वों को रडार पर लिया जा रहा है। केस वर्कआउट करने के लिए सर्विसलॉस की टीम एक्टिव हो गई है। मजार तोड़ने की घटना के बाद खुफिया विभाग भी अलर्ट है घटना की सवदेनशीलता के मध्य नजर खुफिया विभाग पल-पल की अपडेट ले रही है। हालांकि नगर में शांति का माहौल है मोहल्ला जोगियान के सभासद साबिर, पूर्व चेयरमैन मेराजुद्दीन, कांग्रेस नेता रिहानुद्दीन ने लोगों की ओर से कानून पर भरोसा जताया है। पुलिस द्वारा कस्बे के कई स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### अतुल प्रधान ने आरोपियों को गिरफ्तार करने की रखी मांग

फलावदा के कलावड़ा मार्ग स्थित बलवल शाह व उनके अनुयायियों के मजार को शरारती तत्व द्वारा तोड़ दिया गया था। शनिवार को सरधना विधायक अतुल प्रधान मौके पर पहुंचे उन्होंने टूटी हुई एवं निर्माण कराई गई मजार को देखकर कहा यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है इस तरह की घटना करने वाले शरारती तत्व के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस संबंध में उन्होंने एसपी देहात राकेश कुमार मिश्र को फोन करके शरारती तत्वों को पकड़ने के लिए तेज कार्रवाई करने के लिए कहा। वहीं थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह को भी कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। इस दौरान सैयद मोहम्मद ईसा, सपा नेता मोहित तोमर, शाही अब्बास, साबिर सभासद, शूफी निजामुद्दीन, रही. सुद्दीन, मिंटू सभासद, वकील कुरैशी, सचिन चंद्रा, मनीष सैनी, आदि मौजूद रहे।

# लोकदल ने जानी क्षेत्र में चलाया सदस्यता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार को राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव और सिवाल खास विधानसभा प्रभारी रणबीर दहिया ने जानी क्षेत्र में सदस्य अभियान चलाया।

जिसमें लोक दल में काफी ग्रामीणों ने सदस्य ग्रहण की राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश के बाद लगातार रणबीर दहिया जानी क्षेत्र और कस्बा सिवाल खास के गांव में डोर टू डोर मेहनत कर रहे हैं और किसान मजदूर गरीबों व्यापारियों के सभी के हित के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। क्योंकि लोकदल ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें गरीबों व किसानों का पूरी तरह से ध्यान रखा जाता है। उन्होंने जानी खुर्द के ग्राम प्रधान वेदपाल फौजी के आवास पर भी सदस्य अभियान में काफी लोगों को जोड़ा और उसके बाद ढडरा दमगढी राधना



आदि गांव में सदस्य अभियान चलाया। इसमें काफी कार्यकर्ता लोक दल की पार्टी से जुड़े। इस मौके पर सचिन चौधरी, प्रदेश महासचिव मोनू, ढिडाला ग्राम प्रधान वेदपाल फौजी, सेंसर पाल, जमील अहमद, अनूप सैफी, रितिक खटीक, मनोज शर्मा, राजीव शर्मा, सर्वेश, प्रदीप, विक्रांत, ब्रह्म सिंह आर्य, नीरज, सैयद हसन सोनू खान, बसीर आदि मौजूद रहे।

# मेरठ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध तमंचे व 500 किलो पटाखे बरामद, चोरी की कई वारदातों का किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को पुलिस ने अभियान चलाते हुए कई बड़ी कार्रवाई कीं। ऑपरेशन शस्त्र और ऑपरेशन स्माइल के तहत पुलिस ने अपराधियों पर नकेल कसते हुए अवैध हथियार, भारी मात्रा में पटाखे बरामद करने के साथ-साथ चोरी की घटनाओं का खुलासा भी किया।

बागपत के बिनौली थाने की पुलिस ने न्यायालय से रिमांड पर लिये गये अभियुक्तों की निशानदेही पर 3 अवैध तमंचे, 2 जिंदा व 2 खोखा कारतूस बरामद किए। वहीं, बड़ौत थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 500 किलो अवैध पटाखे बरामद किए। इसी क्रम में मेरठ की पल्लवपुरम पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को दबोच लिया। मवाना थाना पुलिस ने भी तत्परता दिखाते हुए चोरी की घटना का पर्दाफाश कर तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। बुलंदशहर जिले के अहार थाना क्षेत्र में पुलिस ने साइबर फ्रॉड पीड़ित को बड़ी राहत दी। पुलिस की कोशिश से पीड़ित के खाते से निकाले गए 71,984 रुपये वापस दिलाए गए। इसके अलावा, ऑपरेशन स्माइल के तहत बागपत के चांदीनगर थाना पुलिस ने गुमशुदा 17 वर्षीय बच्चे को ढूंढकर सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इन कार्रवाईयों से न केवल अपराधियों में खौफ पनपा है बल्कि आमजन का पुलिस पर भरोसा भी और मजबूत हुआ है।

# सेना के ट्रक ने मारी टक्कर, रेहड़ी चालक की मौत

## खादर क्षेत्र से व्यवसथा देखकर लौट रहे थे सैनिक, आर्थिक मदद का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** आसिफाबाद मार्ग पर ग्राम खटकी के सामने सेना के ट्रक ने एक रेहड़ी वाले को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया वहीं सेना ने मृतक की आर्थिक मदद कर मामले को सुलझा लिया। खादर क्षेत्र के ग्राम शिवनगर निवासी मानस पुत्र सुभाष बंगाली



उम्र 55 वर्ष जो मजदूरी करता था वह शनिवार दोपहर नगर से धान के चावल निकलवा कर अपने गांव जा रहा था जैसे ही वह खटकी के सामने पहुंचा असीफाबाद की तरफ से आ रहे सेना के ट्रक से रेहड़ी की भिड़ंत हो गई। जिससे मानस की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस शव को लेकर सीएचसी पर आ गई, जहां से उसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मानस की मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी व बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल था। वहीं इस मामले में सेना के इंजीनियर लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष पूनिया ने बताया कि सेना खादर क्षेत्र में व्यवस्था देखने गई थी तथा चालक राहुल धीमी गति से गाड़ी चला रहा था मगर रेहड़ी ही अनियंत्रित होकर सेना की गाड़ी से टकरा गई। वहीं मृतक की आर्थिक मदद कर मामला निपटा लिया गया है। थाना प्रभारी विजय कुमार राय ने बताया कि दोनों पक्षों ने आपसी समझौते का प्रयास चल रहा है यदि मृतक की तरफ से कोई तहरीर आती है तो मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### सुभारती में तीन दिवसीय रंग कबीर महोत्सव का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ में भाषा विभाग, कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय, सुभारती विश्वविद्यालय, संत कबीर अकादमी संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्त्वावधान में रंग कबीर संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक उत्सव का समापन भव्य कार्यक्रम के साथ हुआ। बता दें कि यह आयोजन 11 से 13 सितम्बर 2025 तक स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्विद्यालय, सुभारतीपुरम, मेरठ में आयोजित किया जा रहा था। इस कार्यक्रम के समापन सत्र में संत कबीर अकादमी के निदेशक अतुल द्विवेदी, कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफे. डॉ. सुधीर त्यागी, ललित कला संकायाध्यक्ष प्रोफे. डॉ. पिंटू मिश्रा, औषधी विज्ञान संकायाध्यक्ष, डॉ. सोकिन्द्र कुमार, विभाग की अध्यक्षा आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोकदल ने दक्षिण विधानसभा के प्रभारी बदले

## सुशील कुमार और खालिद सब्जवारी को सौंपी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रालोद के जिलाध्यक्ष मतलूब गौड ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है कि विगत 9 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रिय मंत्री जयंत चौधरी के निर्देश पर विनय प्रधान को दक्षिण विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया था तथा उन्हे सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

लेकिन उनके द्वारा निजी कारणों से जिम्मेदारी ग्रहण न करने के कारण अब राष्ट्रीय अध्यक्ष की संस्तृति पर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ सुशील कुमार तथा प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ खालिद सब्जवारी को दक्षिण विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त करते हुए सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई है मतलूब गोड ने दोनों पदाधिकारियों से अच्छे परिणाम की आशा जताते हुए राष्ट्रीय लोकदल परिवार की तरफ से दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामना दी है। सुशील कुमार व खालिद ने कहा कि वह काफी समय से लोकदल में काम



कर रहे है। वह लोकदल की कार्यशैली से काफी प्रभावित है। उन्होंने कहा कि लोकदल पार्टी में हमेशा कार्यकर्ताओं का सम्मान होता है। बाकी अन्य पार्टियों में कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न होते देखा गया है। वह हमेशा लोकदल के सिपाही रहे है और रहेंगे। पार्टी ने जो उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है वह उस पर खरा उतरने का काम करेंगे और पार्टी के हितों पर काम करके ज्यादा से ज्यादा लोकदल के सदस्य बनाएंगें

# जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी ने बाढ़ से पीड़ित ग्रामीणों से की मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम नारंगपुर निमका में पौराणिक अन्नपूर्णा झारखंडी मंदिर पर अपर मुख्य अधिकारी वीके कुशवाहा रोहित रमन तथा जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी ने बाढ़ से पीड़ित ग्रामीणों से मुलाकात की तथा उनकी समस्या को सुनते हुए तत्काल उप जिला अधिकारी मवाना संतोष सिंह से फोन पर वार्ता करते हुए हर संभव मदद करने के लिए निर्देशित किया वहीं परम पूज्य यतींद्र गिरी महाराज ने 10 बड़े सामूहिक शौचालय निर्माण कराने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष से आग्रह किया। जो शीघ्र जिला पंचायत निधि से निर्माण करने की घोषणा की। इस मौके पर प्रधान शक्ति सिंह, जिला पंचायत सदस्य विकास उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख हस्तिनापुर नितिन पोसवाल, ब्लॉक प्रमुख परीक्षितगढ़ ब्रहम सिंह, सुंदर चौधरी बढ़ला, डीएम पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर रविंद्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# 48वीं यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में फैज रहमान ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्र ने जयपुर राजस्थान में आयोजित स्टेट राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित कराई गई शूटिंग चैंपियनशिप में मेडल जीतकर जामिया मिल्लिया व कस्बे का नाम रोशन किया।

दिल्ली जामिया मिलिया का छात्र व हाल निवासी फलावदा के फैज रहमान ने हाल ही में संपन्न हुई 48वीं यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से संस्थान का नाम रोशन किया। यह चैंपियनशिप 30 अगस्त से 7 सितंबर तक जयपुर राजस्थान में यूपी स्टेट राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई थी। जेएमआई के छात्र व हाल कस्बा निवासी फैज रहमान, बीए ऑनर्स मास मीडिया हिंदी, तृतीय वर्ष विश्वविद्यालय के शूटिंग प्लेयर ने चैंपियनशिप में कास्य पदक व इवेंट 32 सेंटर फायर पिस्टल जीता। जेएमआई के कुलपति प्रो.



मजहर आसिफ ने विश्वविद्यालय खिलाड़ियों को बधाई दी और राज्य चैंपियनशिप की विभिन्न स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान और पदक हासिल करने के उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे अन्य एथलीट्स को अपने-अपने खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेंगे। प्रो. आसिफ ने कहा कि उनकी जीत न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा को दर्शाती है बल्कि उनके द्वारा प्राप्त उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण का भी उदाहरण है। जेएमआई के रजिस्ट्रार प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने शूटिंग खिलाड़ियो की प्रशंसा की और उनके आगामी टूर्नामेंटों के लिए शुभकामनाए दी, ताकि वे जेएमआई का नाम रोशन करते रहें। उन्होंने ये भी कहा कि विश्वविद्यालय खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रतिबद्ध है। जेएमआई के निदेशक खेलकूद एवं क्रीड़ा प्रो. नफीस अहमद ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उन्हें दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और सच्चे प्रयासों के साथ अपने असाधारण प्रदर्शन को जारी रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उन्हें अपना पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया।

## मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति ने मुख्यमंत्री से की अपील

# पत्रकारों को प्रतिमाह पेंशन देने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पत्रकारों के हितों की लगातार सेवा और पत्रकारिता क्षेत्र में सुधार हेतु समर्पित प्रयास करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति की ओर से एक महत्वपूर्ण पत्र भेजा गया है। पत्र के माध्यम से प्रदेश के पत्रकारों को पेंशन देने की मांग दोहराई गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सशक्त नेतृत्व क्षमता और जनहित में किए गए निर्णयों की देशभर में सराहना होती रही है। पत्रकारिता के क्षेत्र में भी उनके प्रशासनिक दृष्टिकोण को सकारात्मक माना जाता है।

पत्र में समिति के प्रदेश महासचिव अरुण कुमार त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराया है कि कई वर्षों पूर्व राज्य सरकार द्वारा पत्रकारों को पेंशन देने की घोषणा की गई थी। लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस शासनादेश जारी नहीं हुआ है। समिति के अनुसार, देश के अन्य कई राज्यों में पत्रकारों को पेंशन देने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और राज्य सरकारों ने उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर दी है। पत्र में विशेष रूप से अनुरोध किया गया है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करके शासनादेश को शीघ्र जारी किया जाए ताकि पत्रकार जीवन में सम्मानजनक व स्थायी आर्थिक सुरक्षा पा सकें। इससे न केवल पत्रकारिता की स्वतंत्रता और गुणवत्ता में वृद्धि होगी, बल्कि पत्रकार समाज को भी आत्म निर्भर बनाने में मदद मिलेगी। पत्र में आगे लिखा गया है, कि ज्ञातव्य हो कि देश के अनेक राज्यों ने पत्रकारों को पेंशन प्रदान कर रखी है। आपसे निवेदन है कि आप संबंधित अधिकारियों को पेंशन जारी करने की घोषणा को क्रियान्वित करने हेतु निर्देशित करने की अनुकम्पा करें। उत्तर प्रदेश में पत्रकार समाज अनेक सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक समस्याओं का सामना करता आ रहा है। ऐसे समय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लगातार पत्रकारों के हितों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण प्रदेश में सकारात्मक संदेश फैला रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पिछली योजनाओं जैसे जन कल्याणकारी कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान और आर्थिक सुधारों के सफल क्रियान्वयन से प्रदेश की तस्वीर देशभर में उज्ज्वल हुई है। उनके प्रशासन में पारदर्शिता, न्यायप्रियता और विकासशील सोच के चलते जनता के बीच उनका विश्वास लगातार बढ़ा है। उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के महासचिव अरुण कुमार त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए शीघ्र पेंशन संबंधी शासनादेश जारी करने की अपेक्षा व्यक्त की है। समिति ने यह भी आश्वस्त किया है कि यदि यह पेंशन योजना क्रियान्वित होती है, तो यह प्रदेश के पत्रकार समाज को आत्म विश्वास और सम्मान के साथ कार्य करने का सशक्त मार्गदर्शन प्रदान करेगी। इस विशेष अपील से प्रदेशभर में पत्रकार समुदाय में आशा की नई लहर दौड़ गई है। विश्लेषक मानते हैं कि यदि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सकारात्मक पहल की जाती है, तो यह पत्रकारिता के क्षेत्र में ऐतिहासिक निर्णय होगा, जिससे यूपी के पत्रकार भविष्य में अपने कार्य को और भी आत्मनिर्भर व सम्मानजनक रूप से कर सकेंगे। प्रदेश के पत्रकारों की दशा को सुधारने की दिशा में यह कदम बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विकास, पारदर्शिता और जनकल्याणकारी नीतियां लगातार प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं। अब इस अपील के बाद सबकी नजरें इस पर होंगी कि कब तक पत्रकारों को पेंशन योजना का लाभ मिल सकेगा।

# भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन के प्रदेश प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी बने गौहर अनवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन की बैठक सैनिक विहार कालोनी स्थित प्रदेश कार्यालय पर आयोजित की गई। मीटिंग के दौरान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार सुखदेव सिंह की अनुमति मिलने के बाद प्रदेश अध्यक्ष चौधरी करण सिंह एवं प्रदेश महासचिव अमरपाल सिंह के द्वारा मीटिंग में मौजूद प्रदेश कमेटी के सभी पदाधिकारियों की मौजूदगी में जनपद मेरठ के पत्रकार गौहर अनवार को भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन की सदस्यता ग्रहण कराते हुए उन्हें प्रदेश प्रवक्ता एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी के पद पर मनोनीत किया गया। साथ ही संगठन के द्वारा यह आशा भी व्यक्त की गई है, कि वह संगठन को मजबूती देने एवं संगठन के विस्तार में



अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। गौहर अनवार के पद नियुक्ति के बाद मीटिंग में मौजूद संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी कैप्टन वीरसैन सिंह नैन प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अमर पाल सिंह प्रदेश महासचिव, महानन्द राणा प्रदेश कोषाध्यक्ष, विक्रम सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, सुनील बालियान प्रदेश सचिव, कैप्टन रिषिपाल सिंह मान जिला अध्यक्ष मेरठ, दीपक थपलियाल जिला कोषाध्यक्ष, सतेन्द्र सिंह जिला उपाध्यक्ष मेरठ के द्वारा उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देने के साथ-साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। और सभी के द्वारा देश प्रदेश के किसानों एवं मजदूरों के हित उत्थान के कार्यों में तत्पर रहने एवं समस्याओं के समाधान कराने में यूनियन के प्लेटफार्म से आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया गया।

# रालोद ने सदस्यता अभियान का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शनिवार को क्षेत्र के महल गांव में राष्ट्रीय लोकदल सामा. जिक न्याय सम्मेलन और सक्रिय सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें दलित व मुस्लिम समाज के काफी लोगों ने राष्ट्रीय लो. कदल की सदस्यता ग्रहण की।

सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़ और संचालन जिला महासचिव शबाब आलम उर्फ शब्बू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष सामाजिक न्याय मंच संगीता दोहरे, सरधना प्रभारी (सदस्यता अभियान) आतिर रिजवी, जिला अध्यक्ष मेरठ मतलूब गौड़ शामिल हुए। उन्होंने संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान पर ध्यान देने के साथ-साथ भविष्य में होने वाले पंचायत चुनाव पर मेहनत करने पर जोर दिया। सभा को संबो. धित करते हुए आतिर रिजवी ने कहा



कि सदस्यता अभियान के अंतर्गत सरधना विधानसभा से अधिक से अधिक सदस्य बनाये जायेंगे और चौधरी जयंत सिंह के हाथों को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा। जिलाध्यक्ष मतलूब गौड़ ने कहा कि जिला पंचायत चुनाव हेतू पार्टी जल्दी ही अपनी कमेटी घोषित करेगी जो जनपद में सभी वार्डों पर प्रत्याशी का चयन करने का काम करेगी। जिला अध्यक्ष ने कार्यक्रम के संयोजक व मेरठ के नवनियुक्त जिला सचिव अदनान रिजवी महल की जमकर प्रशंसा की ओर उनकी टीम को भी बधाई दी। कार्यक्रम में रालोद के वरिष्ठ नेता प्रतीक जैन, संजय पनवाड़ी, डॉ. इकबाल मलिक, आशीष पिंटू, अक्षय अतलपुर, इरशाद रिजवी, शब्बू लावड़, व रालोद के काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए भाकियू जिला अध्यक्ष ने भेजा राशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने पंजाब में आई आपदा के पीड़ितों की मदद के लिए 100 कुंतल गेहूं, 50 कुंतल चावल, तेल, मसाले आदि भेजे हैं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि संगठन कार्यकर्ता संगठित होकर पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद करें, क्योंकि आज उन पर जो आफत आई हुई है उस पर हमें मदद करने जरूरत है। हम पंजाब को किसी भी कीमत पर अकेला नहीं छोड़ेंगे। आवश्यक अनुरूप राहत सामग्री पहुंचती रहेगी। उन्होंने अन्य पार्टी के पदाधिकारियों से भी पंजाब में मदद पहुंचाने की अपील की है। इस दौरान सुनील जटपुरा, अनूप यादव, कृष्णपाल, वीरेन्द्र, ऋषिपाल, प्रशांत त्यागी, सुखपाल, सचिन आदि मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन में आपदा प्रबंधन पर विशेष व्याख्यान का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा के निर्देश पर शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देशीय हाल में आपदा प्रबंधन पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस मौके पर सहायक पुलिस अधीक्षक कोतवाली पुलिस लाइन अन्तरिक्ष जैन ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिस प्रशिक्षुओं को आपदा प्रबंधन और मानव संसाधन विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षुओं को बताया कि किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया बेहद जरूरी होती है। जैन ने प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, अग्निकांड के साथ-साथ मानवजनित आपदाओं के उदाहरण देते हुए बचाव, राहत और पुनर्वास की पूरी प्रक्रिया समझाई। साथ ही प्राथमिक बचाव उपाय, समन्वय तंत्र और मौके पर तुरंत कार्रवाई की रणनीतियों पर भी प्रकाश डाला। व्याख्यान के दौरान उन्होंने प्रशिक्षुओं को वास्तविक परिस्थितियों में कैसे शांत रहकर काम करना चाहिए, इस पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस बल आपदा प्रबंधन में अहम भूमिका निभाता है, इसलिए हर जवान को इस क्षेत्र में दक्षता हासिल करना जरूरी है। कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी आरटीसी और उपनिरीक्षक प्रशिक्षकगण भी मौजूद रहे। व्याख्यान के अंत में प्रशिक्षुओं के उत्साह की सराहना की गई और उन्हें आगे भी प्रशिक्षण लेकर समाज की सेवा में हमेशा तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया गया।



# एसआरएमआईएसटी दिल्ली-एनसीआर कैंपस में 'स्वागतम्-2025' का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस, गाजियाबाद में 'स्वागतम् 2025' फ्रेशर्स कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर पुलिस उप आयुक्त (ग्रामीण) गाजियाबाद, श्री सुरेन्द्र नाथ तिवारी (आईपीएस) तथा ओरिएंट इलेक्ट्रिक, फरीदाबाद (हरियाणा) के हेड-ह्यूमन रिसोर्स, श्री राजेश रघुवंशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने अपने



प्रेरणादायी विचार साझा कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में शास्त्रीय नृत्य, समूह नृत्य, पंजाबी नृत्य और बैंड प्रस्तुति जैसी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत बना दिया। मुख्य आकर्षण "मिस्टर एवं मिस फ्रेशर" प्रतियोगिता रही, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न चरणों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मिस फ्रेशर का खिताब सुश्री शिरीन मित्तल ने जीता, प्रथम उपविजेता संस्कृति रहीं तथा द्वितीय उपविजेता अरुणिमा मेनन बनीं।

मिस्टर फ्रेशर का खिताब ध्रुव त्यागी को प्रदान किया गया, जबकि प्रभाव तिवारी प्रथम उपविजेता और मनकरन सिन द्वितीय उपविजेता रहे। विजेताओं को जज सिमर खनेजा द्वारा सम्मानित किया गया।

इसके उपरांत रंगारंग डीजे नाइट के साथ कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में निदेशक डॉ एस विश्वनाथन, डीन डॉ आर पी महापात्रा, डीन आईक्यूएसी डॉ धौम्या भट्ट, डीन विज्ञान एवं मानविकी डॉ नवीन अहलावत, डीन एफएमएस डॉ विजयलक्ष्मी अयंगर तथा डीन रिसर्च डॉ ए गीता भवानी की गरिमामयी उपस्थिति और मार्गदर्शन ने आयोजन को और अधिक सफल और स्मरणीय बना दिया। इस आयोजन का उद्देश्य नए विद्यार्थियों का स्वागत करना और उन्हें प्रेरित करना रहा।

## युवा भाजपा नेता अनिल चौधरी के घर पहुंचे राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** क्षेत्र के युवा भाजपा नेता अनिल चौधरी(टिंकू)के आवास पर प्रदेश सरकार में उर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर पहुचे व उनके परि. जनों से मुलाकात की। राज्यमंत्री शनिवार को एक स्कूल के वार्षिक कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शामिल होने के लिए मोदीनगर आये थे कार्यक्रम के पश्चात देर होने के बावजूद वे हापुड़ रोड स्थित अनिल चौधरी के घर पहुंचे व उनके परिवार से मुलाकात कर सूक्ष्म समय व्यतीत किया। इस अवसर पर नपा चेयरमैन विनोद वैशाली,जानी ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी आदि भी मौजूद रहे।

## एमआईएम के कई नेताओं ने की समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी कार्यालय फैसल हुसैन जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में मुजमिल खान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष लोनी एमआईएम और चौधरी जाकिर हसन पूर्व सभासद एवं पूर्व नगर अध्यक्ष एमआईएम लोनी एवं नवतेज जाटव प्रधान ने समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा से प्रभावित होकर समाजवादी पार्टी की सदस्ता ग्रहण की। इस अवसर पर नितिन त्यागी जिला महासचिव, फरीद अली पूर्व नगर अध्यक्ष लोनी, मारूफ सैफी राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक सभा आदि उपस्थित रहे।

## मार्शल आर्ट सेल्फ डिफेंस क्लास, बच्चों और महिलाओं को मिला सुरक्षा का सबक

**गाजियाबाद।** आज के समय में आत्मरक्षा केवल एक कला नहीं बल्कि जीवन की अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है। बदलते सामाजिक परिवेश और अपराधों के बढ़ते मामलों ने यह साबित कर दिया है कि हर व्यक्ति, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, अपनी सुरक्षा के प्रति सजग और सक्षम हों। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए निंजा स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट स्कूल गेम एसोसिएशन उत्तर प्रदेश और एक्टिव ग्रीन (नींव) संस्था के संयुक्त तत्वावधान में नंदग्राम स्थित सेवा भारती विवे. कानंद विद्या मंदिर विद्यालय में विशेष सेल्फ डिफेंस क्लास का आयोजन किया गया।

## लायंस क्लब मोदीनगर टाउनशिप ने किया शिक्षकों को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** लायंस क्लब मोदीनगर टाउनशिप द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अनेक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। क्लब के अध्यक्ष सतीश नेहरा ने बताया कि कि राज्य पुरस्कार से सम्मानित प्रमोद कुमार सिरोही, अर्चना शर्मा, संजीव नेहरा, दिवाकर, कन्हैया लाल श्रीवास्तव, हरीश बाबू, विदित त्यागी, गुड्डू गुप्ता, लक्ष्मण सिंह राठी आदि विभिन्न स्कूलों के शिक्षको को सम्मान किया गया।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री नरेंद्र सिंह खजूरी ने कहा की लायंस क्लब द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया जाना एक बहुत ही उत्तम व



प्रेरणादाई पहल है। उन्होंने इस गौरवपूर्ण कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए लायंस क्लब अध्यक्ष सतीश नेहरा को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी सत्येंद्र तोमर ने सभी शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कहा कि शिक्षक समाज का आईना है उन्होंने शिक्षकों के प्रति अपने सकारात्मक भाव प्रकट किए। सतीश नेहरा ने कहा की लायंस क्लब सदैव समाज व राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए समाज सेवा के कार्य करता रहता है उन्होंने कहा कि शिक्षकों का सम्मान करना हम सभी के लिए बड़े सौभाग्य की बात है। प्रशास. निक प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित तहसील मोदीनगर के नायब तहसीलदार प्रशांत सक्सेना ने भी सभी शिक्षकों का सम्मान करते हुए इस नेक कार्य के लिए संस्था का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हिमांशु अग्रवाल नीरज त्यागी दिनेश चचड़ा अमित कौशिक विनोद नेहरा अमित त्यागी बृजेश शर्मा आशु अग्रवाल नवीन कुमार गौरव गुप्ता विपिन गर्ग नीरज गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## यूनाइटेड राउंड टेबल ने बाढ़ पीड़ितों के लिए किया राहत वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राउंड टेबल इंडिया की राउंड टेबल 308 और यूनाइटेड राउंड टेबल ने संयुक्त रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मदद के लिए बड़ा राहत अभियान चलाया। इस दौरान जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री, बिस्तर, दवाइयाँ और नकद सहयोग उपलब्ध कराया गया। राहत सामग्री अभियान के अंतर्गत लगभग 600 किलो राशन, कंबल, चादरें, सेनेटरी नैपकिन और अन्य आवश्यक वस्तुएँ दान की गईं। इसके साथ ही करीब 2 लाख मूल्य की दवाइयाँ भी वितरित की गईं।

आर्थिक सहयोग इस सेवा अभियान में 21,000 नकद राशि दान की गई। साथ ही, एक अन्य स्वतंत्र योगदान के रूप में ₹52,000 अमृतसर राउंड टेबल को भी भेजे गए, जिससे वहाँ के प्रभावित परिवारों को सहायता पहुँच सके। सहयोगी संस्था इस राहत कार्य में गूंज (GOONJ) आयोजन और वितरण भागीदार रहा, जिसने यह सुनिश्चित किया कि सहायता सामग्री सही समय पर बाढ़ पीड़ितों तक पहुँचे। उपस्थित पदाधिकारी एवं गणमान्य सदस्य कार्यक्रम में दोनों टेबल्स के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे राउंड टेबल 308 डॉ. प्रतीक शर्मा (चेयरमैन) आरुष (सेक्रेटरी) अभिषेक (वाइस चेयरमैन) यूनाइटेड राउंड टेबल 371 प्रतीक अग्रवाल (चेयरमैन) अंकुश बंसल (सेक्रेटरी) अक्षय मित्तल (एच.टी. एरिया 5) रवीश मित्तल एवं मानसी मित्तल

अंकुर जिंदल एवं मृधु जिंदल अंकित गर्ग एवं आरती गर्ग विशेष उपस्थिति शुभम गुप्ता (प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय युवा व्यापार मंडल) सामाजिक संदेश यह संयुक्त प्रयास राउंड टेबल इंडिया की उस परंपरा को सशक्त करता है, जिसमें सेवा और समाजसेवा को सर्वोच्च स्थान दिया जाता है।

गाजियाबाद की दोनों टेबल्स का यह कदम समाज के लिए प्रेरणा स्वरूप है और यह दर्शाता है कि मिलकर किसी भी आपदा से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है।

## हिन्दी भवन समिति ने किया नाट्य एक रात का शानदार का मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** हिन्दी भवन समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय नाट्य समारोह में अनुकृति कानपुर की दो महिला कलाकारों ने मां बेटी के रिश्ते का दिल को छू लेने वाले नाटक कोई एक रात का शानदार मंचन किया गया। लेखक अशोक सिंह के इस नाटक कोई एक रात का निर्देशन डा. ओमेन्द्र कुमार ने किया। यह कहानी है

एक माँ पूर्वा (संध्या सिंह) और बेटी सुमि (दीपिका सिंह) के बीच उस एक रात की, जिसमें बीते हुए वर्षों की टीस, समझौते और नाराजगी नजर आती है। नाटक उन दो पीढ़ियों की सोच, संघर्ष और जीवन मूल्यों के टकराव को दर्शाता है, जिनके रास्ते रंगमंच और फिल्मी दुनिया



-से जुड़ते हैं लेकिन उनके अनुभव और रास्ते बिलकुल अलग हैं। माँ ने फिल्मों में काम पाने के लिए अनगिनत समझौते किए। पहले एक काम के लिए, फिर दूसरे, फिर इस इंडस्ट्री में बने रहने के लिए, फिर अवॉर्ड्स के लिए और अंततः अपने स्टेटस और जीवनशैली को बनाए रखने के लिए। माँ मानती है कि यह दुनिया तभी कुछ देती है जब तुम बदले में कुछ देने को तैयार हो।

वहीं बेटी थिएटर से जुड़ी है - वह आदर्शों पर विश्वास करती है, अपने आत्म सम्मान को सर्वोपरि मानती है। वो माँ जैसे समझौते नहीं करती है। उसका मानना है कि थिएटर कभी उससे उसकी आत्मा नहीं मांगता, ना ही उसकी इज्जत की कीमत पर कुछ चाहता है। यह टकराव सिर्फ दो सोचों का नहीं, दो जिंदगियों का है - एक हकीकघ्त से समझौता कर चुकी औरत, और दूसरी वो लड़की, जो खुद को बचाना चाहती है। नाटक में भावनात्मक ऊँच-नीच, कटु संवादों के बीच और अंत में रिश्तों की गांठें खुलती हैं। जहाँ माँ-बेटी के बीच झगड़े, आरोप और नाराजगी है। वहीं कहीं न कहीं बेपनाह प्यार भी है, अपनापन भी है। मां की तबियत बिगड़ती है तो बेटी उसका सिर अपनी गोद में रख उसे दिलासा देती है।

## एक नजर

### सेवा पखवाड़ा के तहत आधार शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत राष्ट्रीय व्यापार मंडल व डाक विभाग एवं वार्ड 83 की पार्षद कविता प्रवीण भाटी के सहयोग से आधार कार्ड शिविर शनिवार को प्रारंभ हुआ। आधार कार्ड शिविर का उद्घाटन पंडित अशोक भारतीय ने किया। 18 वर्ष तक की आयु के नये आधार कार्ड बनाए गये तथा सभी आयु वर्ग के आधार कार्ड में संशोधन किया गया। दो दिवसीय आधार कार्ड शि. विर में मुख्य अतिथि के रूप में बालकिशन गुप्ता जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल रहे। बालकिशन गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय व्यापार मंडल जिले भर मे जहां जहां भी आधार कार्ड शिविर की आवश्यकता है वहा आधार कार्ड शिविर लगाकर सेवा करने को कृतसंकल्प है। शिविर के माध्यम से सेवारत राष्ट्रीय व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारी साधुवाद के पात्र हैं।

सुशील कुमार विकास चौहान राजपाल कौशिक के डी शर्मा बी डी शर्मा डाक्टर अनिल शर्मा मधुसूदन शर्मा अशोक गुप्ता आटे वाले राजीव निझावन आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया स्थानीय जनता ने शिविर के आयोजन की सराहना की श्रेया आई सेंटर इंदिरापुरम के द्वारा मुफ्त नेत्र जांच शिविर की व्यवस्था की गई वरिष्ठ नागरिको के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। पार्षद कविता प्रवीण भाटी एवं साहिबाबाद विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण भाटी ने सभी अतिथियों का माला पटका एवं स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत किया शिविर में 140 नये आधार कार्ड बनाए व संशोधित किये गये। इस अवसर पर मुख्य रूप से अमित शर्मा मनोज गुप्ता जिला महामंत्री सौरभ चौधरी अनिल कुमार तसिम मोनू गुप्ता दिनेश अमित कुमार कपिल हरदीप मनोज पोस्ट ऑफिस से डाक विभाग की टीम मे मनोज कुमार ने साथियो सहित व्यवस्थित रूप से शिविर संचालित किया। कविता प्रवीण भाटी के कार्यालय पर आयोजित आधार कार्ड एवं नेत्र जांच शिविर श्रृंखला में पहली बार दो दिवसीय शिविर पार्षद कार्यालय एसबीआई कंपलेक्स संपर्क एक्सटेंशन साहिबाबाद पर आयोजित किया गया।

## समाचार पत्र वितरकों की समस्याएं बताई

**गाजियाबाद।** ऑल इंडिया समाचार पत्र वितरक एसोसिएशन के सदस्यों ने शनिवार को राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान एसोसिएशन के चेयरमैन संजीव केरनी और राष्ट्रीय अध्यक्ष बब्बर सिंह चौहान ने मंत्री को समाचार पत्र वितरकों की परेशानियों से अवगत कराया। साथ ही मंत्री से समाचार वित. रकों के उत्थान के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। बब्बर सिंह चौहान ने बताया कि राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह इस बार जब भी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलेंगे तो उन्हें उनके समाज की परेशानियों से अवगत कराएंगे।

## एचएलएम कॉलेज में चल रहे फेडरेशन कप में प्रतिभाग करने वालीं टीमों ने दिखाया दम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड स्थित एचएलएम कॉलेज में चल रहे 15 वे फेडरेशन कप सॉफ्टबॉल नेशनल प्रतियोगिता के दूसरे दिन पुरुष वर्ग में मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश, पंजाब व दिल्ली, जम्मू-कश्मीर व मध्य प्रदेश और पंजाब व छत्तीसगढ़ के बीच मैच खेले गए जिसमें मध्य प्रदेश व पंजाब की टीम विजेता रहीं। वहीं महिला वर्ग में केरल व छत्तीसगढ़, दिल्ली व जम्मू कश्मीर, आंध्र प्रदेश व उत्तर प्रदेश और पंजाब व मध्य प्रदेश के बीच मैच खेले गए जिसमें केरल, दिल्ली, आंध्र प्रदेश व पंजाब की टीमें विजेता रही। सॉफ्टबॉल के साथ-साथ चौथे बेसबॉल 5 नेशनल प्रतियोगिता का भी आज आगाज हुआ। जिसमें विभिन्न राज्यों से आई टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर भारतीय सॉफ्टबॉल महासंघ एवं बेसबॉल 5 महासंघ के पदाधिकारी जिसमें मुख्यतः डॉ प्रवीण अनावकर, एल आर मौर्य, राकेश मिश्रा, वसीम खान, श्रीकांत थ्रोट एवं एचएलएम कॉलेज के डायरेक्टर डॉ अनुज अग्रवाल, असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ धीरज शर्मा, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभाग अध्यक्ष व प्रतियोगिता डायरेक्टर डॉ अर्जुन सिंह पंवार, डॉ अनिल बाजपेई, राहुल पंवार, प्रतियोगिता निर्देशक पंकज सिंह, आयोजन सचिव संजीत हूण आदि उपस्थित रहे।

# दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में भव्य इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोमेंद्र तोमर (विभाग ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री) रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में गौरव चौधरी (ब्लॉक प्रमुख जानी), दीपक राणा (चेयरमैन गन्ना समिति, मोहि. उद्दीनपुर) तथा नवीन नेहरा (मंडल अध्यक्ष, भाजपा मेरठ) (चीफ एक्जीक्यूटिव इन्जीनियर) महेश उपाध्याय, (एक्स चेयरमैन जिला सहकारी बैंक) जयवीर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन राजीव बोबल, प्रधानाचार्य विजेंद्र कुमार राणा द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत







और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं प्री-प्राइमरी विंग ने रंगारंग भारतीय नृत्य से सबका मन मोह लिया। इसके पश्चात विद्यालय के हेड बॉय अंशराज, हेड गर्ल श्रेया वशिष्ठ, डिप्टी हेड बॉय अथर्व त्यागी, और डिप्टी हेड गर्ल गीत शर्मा सहित अन्य छात्र-नेताओं को जिम्मेदारी का दायित्व सौंपा गया। मुख्य अतिथि सोमेंद्र तोमर ने बच्चों को अनुशासन, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा के महत्व और उमेश कुमार मोदी द्वारा विद्यालय में चलाई जा रही उच्च स्तरीय गति. विधियों को सराहते हुए, सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रेरणादायक संबोधन दिया। अन्य अतिथियों ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों को स्कूल समृति चिह्न प्रदान करके धन्यवाद ज्ञापित किया और संकल्प लिया कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों और नेतृत्व क्षमता में भी आगे बढ़ाया। विद्यालय के इस शानदार कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन राजीव बोबल, प्रधानाचार्य विजेंद्र कुमार राणा, पीआरओ रोहि. हत शर्मा, उपप्रधानाचार्या डॉ गुरमीत गुप्ता, डॉ. जेसी चावला भी उपस्थित रहें। दयावती मोदी पब्लिक स्कूल का प्रबंधन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर समर्पित है, जहां शिक्षा के साथ- साथ संस्कारों और नेतृत्व को भी विशेष महत्व दिया जाता है।


## सूचना

सूचित किया जाता है कि थाना बिलारी पर मु.अ.सं. 470/2023 धारा 409, 417, 419, 420, 422, 465, 468, 471, 506, 120बी भादवि. बनाम 1. सतेंद्र कुमार जैन पुत्र श्री जिया लाल जैन निवासी B-1003 ऋषभ प्लैटिनम, अहिंसा खंड-2 निकट दिल्ली पब्लिक स्कूल सिपरा सन सी इंद्रापुरम गाजियाबाद, 2. रोहित जैन पुत्र ओमप्रकाश जैन उर्फ प्रकाश जैन निवासी B-1003, ऋषभ प्लैटिनम अहिंसा खंड-2, निकट दिल्ली पब्लिक स्कूल इंद्रापुरम गाजियाबाद के विरूद्ध पंजीकृत है। जो लगातार फरार चल रहे है।

मा. न्या. श्रीमान अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय कोर्ट संख्या 02 जनपद मुरादाबाद द्वारा उक्त अभियोग के नामजद अभि.गण 1. सतेंद्र कुमार जैन पुत्र श्री जिया लाल जैन निवासी B-1003 ऋषभ प्लैटिनम, अहिंसा खंड-2 निकट दिल्ली पब्लिक स्कूल सिपरा सन सी इंद्रापुरम गाजियाबाद, 2. रोहित जैन पुत्र ओमप्रकाश जैन उर्फ प्रकाश जैन निवासी B-1003, ऋषभ प्लैटिनम अहिंसा खंड-2, निकट दिल्ली पब्लिक स्कूल इंद्रापुरम गाजियाबाद के विरूद्ध धारा 82 सीआरपीसी की उदघोषणा दिनांक 26.08. 2025 को जारी कराते हुए अभियुक्त गण को माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने हेतु आदेशित किया गया है। यदि अभियुक्त गण अपनी गिरफ्तारी एवं माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होते है, तो अभियुक्त गण के विरूद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

(उदय प्रताप)
प्रभारी निरीक्षक/ विवेचक
थाना बिलारी, मुरादाबाद
9454404034

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

## खेकड़ा की एक फैक्ट्री में ड्यूटी करने के लिए सुबह घर से निकला था युवक, घटना से परिजनों में मचा कोहराम


मृतक का फाइल फोटो





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** दिल्ली-शामली-सहारनपुर रेलमार्ग पर सूरजपुर महनवा रेलवे अंडरपास के निकट ट्रेन की चपेट में आने से हमीदाबाद उर्फ नया गांव निवासी 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक युवक खेकड़ा में प्राईवेट नौकरी करता था। तीन माह पहले ही उसकी शादी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेद दिया। वहीं, हादसे के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा गया।

शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार हमीदाबाद उर्फ नयागांव निवासी मनीष खेकड़ा की फैक्ट्री में नौकरी करता था। परिजनों ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे मनीष घर से खेकड़ा जाने के लिए निकला था। इसके बाद मनीष का शव सूरजपुर महनवा रेलवे अंडरपास के समीप रेलवे ट्रैक के पास पड़ा होने की जानकारी मिली। बताया कि मनीष की शादी गत चार जून को सिसाना गांव की रेनू से हुई थी, जो गर्भवती है। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वहीं, परि. जनों के साथ ग्रामीण भी पोस्टमार्टम हाऊस पहुंचे। दोपहर के समय पोस्टमार्टम के बाद वे मनीष के शव को उसके पैतृक गांव तमेलागढ़ी ले गए। वहीं, हादसे के बाद से मृतक युवक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की पत्नी तो रोते-बिलखते हुए कई बार बेहोश भी हुई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की बारिकी से जांच कर रही है।

## पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर किया हत्या का खुलासा



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में एक पारिवारिक विवाद ने जघन्य रूप ले लिया। किदवईनगर निवासी सोनू की हत्या उसके साले मोहन और उसके साथियों ने कर दी। घटना बृहस्पतिवार रात की है। आरोपियों ने सोनू को बावली गांव के जंगल में ले जाकर उसके सिर में दो गोली मारकर हत्या कर दी। शव रजबहे में मिला। मृतक के पिता सुखपाल ने मोहन और उसके दो साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

शुक्रवार देर रात पुलिस और आरो. पियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान दो आरोपी रोहित और सोनू पैर में गोली लगने से घायल हो गए। दोनों को बड़ौत सीएचसी में भर्ती कराया गया। पूछताछ में सामने आया कि मृतक सोनू अक्सर शराब पीकर अपनी पत्नी ज्योति से मारपीट करता था। ज्योति मोहन की बहन है। कई बार समझौता भी हुआ। एक बार सोनू ने मोहन के साथ भी मारपीट की। इसी से नाराज होकर मोहन ने अपने साथियों के साथ हत्या की योजना बनाई। एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान के अनुसार, दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगी हुई हैं। मामले की जांच जारी है।

## स्कूल में आयोजित हुई ड्राई फ्रूट अवेयरनेस गतिविधि

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल में शनिवार को एक अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक ड्राई फ्रूट अवेयरनेस एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इस गतिविधि में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सूखे मेवों की भूमिका निभाई, जैसे कि पिस्ता, काजू, एप्रीकोट, कैनबेरी, फिग, कीवी, बादाम, मखाना आदि। बच्चों ने इन सूखे मेवों के लाभ और उनके पोषण मूल्य के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कोर्डिनेटर शालू कौशिक ने किया। इस गतिविधि में प्राइमरी और प्री-प्राइमरी टीचर्स पूजा वर्मा, पूजा गोयल, रश्मि और आकांक्षा का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चों को संबो. धित करते हुए कहा कि सूखे मेवे न केवल हमारे शरीर को आवश्यक पोषण और पौष्टिक तत्व प्रदान करते हैं, बल्कि हमारे दिमाग को भी मजबूत बनाने में मदद करते हैं। सूखे मेवों में पाए जाने वाले विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं।

## अंकुर हत्याकांड में फरार चल रहे दो इनामी बदमाशों से हुई पुलिस की मुठभेड़

**बागपत।** कोतवाली पुलिस और सर्विलांस टीम ने मुठभेड़ के बाद अंकुर हत्याकांड में शामिल दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी 4 सितंबर को हुई एलएलबी छात्र अंकुर की हत्या में शामिल थे।

पुलिस को क्षेत्र में चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध दिखाई दिए। दोनों ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश अनमोल घायल हो गया। दूसरे आरोपी आनंद को मौके से ही



पकड़ लिया गया। दोनों संतोषपुर, बागपत के रहने वाले हैं। घायल अनमोल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों से दो अवैध तमंचे, पांच जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस पहले ही एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बागपत एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान के अनुसार, मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई बागपत कोतवाली में जारी है। घटना की पृष्ठभूमि में, संतोषपुर गांव के एलएलबी छात्र अंकुर की हत्या सिसाना गांव के पास हाईवे पर गोली मारकर की गई थी। इस हत्याकांड में शामिल दोनों आरो. पियों पर पुलिस अधीक्षक ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

## एक नजर

### नए ब्लॉक में बड़ौत से सात गांव शामिल करने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** किशनपुर बराल स्थित डीएवी इंटर कॉलेज में शुक्रवार की देर शाम तक चलती रही बैठक में कई गांव के ग्रामीणों ने भाग लिया जिसमें उन्होंने नए ब्लॉक में सात गांवों को शामिल न करने की मांग उठाई। बैठक में पूर्व प्रधान जिला पंचायत सदस्य भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह प्रधान ने कहा कि अशरफाबाद थल, खड़ाना, इब्राहिमपुर माजरा, फतेहपुर, किशनपुर, बराल और बुढ़पुर गांव को बड़ौत ब्लॉक से हटाकर नए ब्लॉक कान्हड़ में शामिल करने का प्रस्ताव पास किया गया है। कहा कि इन गांवों को बड़ौत ब्लॉक में ही रखा जाए, क्योंकि बड़ौत इन गांवों के नजदीक है और यहां आने जाने में कोई परेशानी नहीं होती। कान्हड़ ब्लॉक उनसे काफी दूर हो जाएगा और ऐसे में काफी परेशानी होगी। ग्रामीणों ने कहा कि गांवों को शामिल न करने की मांग को लेकर एक समिति गठित की जाएगी और फिर डीएम अस्मिता लाल को ज्ञापन सौंपकर गांवों को हटाने की मांग की जाएगी। यदि फिर भी समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान हरबीर सिंह, अनिल तोमर, यतेंद्र तोमर, सुखपाल, संजीव, सुधीर आदि मौजूद रहे।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर घरेलू हिंसा तथा तीन तलाक देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** दहेज की मांग पूरी न होने पर घरेलू हिंसा तथा तीन तलाक देने का आरोप। कोतवाली क्षेत्र की पीड़िता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र की महिला के मुताबिक उसकी शादी करीब तीन साल पूर्व हुई थी। शादी में पिता ने बुलेट दी थी, लेकिन ससुराल वाले शादी के बाद से ही कार की मांग कर रहे थे। इतना ही नहीं बेटी को जन्म देने पर भी ताने दिए गए। गत 10 सितंबर को करीब दो बजे दूध के बहाने कहासुनी की। आरोप है कि पति ने अपने दोस्त के सामने ही गाली-गलौच कर मारपीट की। शोर शराबा होने पर ससुर, सास, ननद और देवर ने भी मिलकर पिटाई की। इसका विरोध करने पर पति ने तीन तलाक भी दे दिया। पीड़िता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उधर, कोतवाली बागपत प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### सेवा पखवाड़ा और चुनाव तैयारियों पर हुई चर्चा, 17 सितंबर को रक्तदान कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के वाजिदपुर व कोताना मंडल में भाजपा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक सेवा पंखवाडा में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। भाजपा संगठनात्मक मंडल बड़ौत देहात के वाजिदपुर गांव में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितंबर पर होने वाले रक्तदान और स्वच्छता कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं से भाग लेने का आग्रह किया। मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर ने सभी अभियानों में शत-प्रतिशत सफलता का भरोसा जताया। वहीं कोताना मंडल में मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष सुदेश चौहान ने सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यकर्ताओं को हर बूथ तक पंहुचने का आहवान किया। कहा कि सेवा पखवाड़ा से लेकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व एमएलसी चुनाव तक हर घर अभियान में कार्यकर्ता जोर शोर से जुटकर सरकार के विकास कार्यो को हर घर तक पहुंचाने का काम करें। बैठक की अध्यक्षता मंडलाध्यक्ष दिनेश प्रधान व संचालन एससी मोर्चा जिला महामंत्री सतेन्द्र मौर्य ने किया। इस दौरान मंडल महामंत्री डा.श्रर्वण भारद्वाज, कपिल आर्य, कोषाध्यक्ष सौरभ जैन, चरण सिंह कश्यप, प्रकाश मलिक, राजकुमार त्यागी, सुभाष शर्मा खेड़की, ओमकार, त्यागी, दयानंद, महेश त्यागी, फूल सिंह , रोहतास, वीर सिंह, श्याम कुमार आदि मौजूद रहे।

## नेपाल सीमा पर ट्रक फंसने और माल की आपूर्ति न होने से उद्यमियों को डेढ़ करोड़ का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नेपाल में हुई हिंसा का रिम-धुरा उद्योग झुलस गया है। यहां से नेपाल में तैयार माल लेकर गए 50 ट्रक नेपाल की तरफ बॉर्डर पर फंसे हैं तो 30 ट्रक लौट चुके हैं। इससे अभी तक करीब डेढ़ करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। वहीं दो करोड़ रुपये का तैयार माल गोदाम में रखा हुआ है और यहां से नेपाल में आपूर्ति नहीं हो रही है। बागपत में रिम-धुरे बनाने की 123 फैक्टरियां चल रही हैं और इनका सालाना 50 करोड़ रुपये का टर्न ओवर है। यहां से तैयार माल नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका के अलावा देश के अलग-अलग राज्यों हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, बिहार, उड़ीसा और उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में भेजा जाता है। फिलहाल रिम-धुरा उद्योग को



पिछले कुछ दिनों से झटका लगा है। पहले कई राज्यों में बाढ़ के कारण आपूर्ति कम हुई तो अब नेपाल में हिंसा से भारी नुकसान उद्यमियों को झेलना पड़ रहा है। उद्यमियों के अनुसार नेपाल सीमा पर ट्रक फंसने और माल की आपूर्ति नहीं होने से अभी तक डेढ़ करोड़ रुपये का नुकसान उद्योग को हो चुका है। माल में जंग लगना, ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ना और ऑर्डर कैंसिल होना समेत अन्य इस नुकसान की प्रमुख वजह है। सरकार से मदद की मांग इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डा. योगेश जिंदल का कहना है कि सरकार को नेपाल के अधिकारियों से समन्वय बनाकर फंसे माल को सीमा पार करवाने की व्यवस्था जल्द करनी चाहिए।
साथ ही व्यापारियों को राहत देने के लिए आर्थिक सहायता और बीमा जैसी योजनाएं लागू की जाएं। इस मामले को लेकर व्यापारियों में परेशानी बढ़ती जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि इस अड़चन को आने से नगर के व्यापारियों पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। व्यापारी वर्ग परेशानी की तरफ बढ़ता जा रहा है क्योंकि इस शहर का रिम धुरा उद्योग देश विदेश में जाना जाता है यहां के व्यापारी कच्चा माल पक्का करके सप्लाई का काम करते है।

## थाना दिवस में एसपी व एएसपी ने सुनी जनसमस्यां




**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर जनता शिविर लगाकर जनता की समस्याएं सुनी गई। एसपी सूरज कुमार राय व एडिशनल एसपी प्रवीण कुमार चौहान ने सभी लोगों की समस्याएं सुनी उन्होंने अधिकारियों को आद. ेश किया कि सभी विभागों के अधिकारी सभी समस्याओं की जांच कर कर उनके जल्द निस्तारण करने का कार्य करें। किसी भी प्रकार की कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर उन्होंने पांच समस्याओं का निस्तारण किया। 39 समस्याएं संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनी गई। इस अवसर पर नवनियुक्त एडिशनल एसपी ने कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल के साथ कोतवाली का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण में सभी कार्य संपूर्ण तरीके से ठीक-ठाक मिला कहीं कोई भी गड़बड़ी दिखाई नहीं दी इस अवसर पर कोतवाली का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## मंगल दल निवाड़ा के सदस्य युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** शुक्रवार को मंगल दल निवाड़ा के सदस्य अनस की एक सड़क दुर्घटना में असामयिक मृत्यु हो गई। पूर्व ग्राम प्रधान निवाड़ा सरवर का पुत्र अनस हमेशा दूसरों की मदद के लिए तैयार रहता था और अपने भलाई के कामों से सभी के दिलों में बसता था।

युवक मंगल दल अध्यक्ष इनाम उल हसन ने बताया कि अनस उनका भतीजा होने के साथ- साथ युवक मंगल दल का एक सक्रिय सदस्य था जो हमेशा दूसरों की भलाई के लिए तत्पर रहता था। इनाम ने मार्च महीने की अनस की दरियादिली की एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि गांव निवाड़ा की एक महिला जिला एवं संयुक्त चिकित्सालय बागपत में बीमारी के चलते भर्ती थी।


मृतक का फाइल फोटो

यह खबर सुनते ही अनस ने तत्काल अपने पिता का रक्तदान का कार्ड मुहैया कराया जिससे उक्त महिला के लिए रक्त का इंतजाम करवाया गया, जो सरकारी अस्पताल में भर्ती थी। इसके अलावा, अनस प्रतिवर्ष पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित कैंडल मार्च में अग्रणी भूमिका निभाता था। अनस अपनी फिटनेस का बेहद ख्याल रखता था। अनस ने बहुत कम उम्र में असंख्य लोगों के दिलों में अपने लिए जगह बना ली थी। अनस के अचानक दुनिया छोड़कर चले जाने से बागपत क्षेत्र सहित समस्त युवक मंगल दल स्वयंसेवकों, ग्रामीणों और परिवार में गहरा शोक है। देर शाम से ही अनस के घर पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा है और लोग उसके लिए खुदा से दुआ मांग रहे हैं।

## पुलिस ने दो विस्फोटक पदार्थ तस्करों को किया गिरफ्तार

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली पुलिस ने दो विस्फोटक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 95 पेटियों में भरे 500 किलो प्रतिबंधित पटाखे बरामद किए हैं। आरोपी इन पटाखों को बागपत के विभिन्न स्थानों पर बेचने की योजना बना रहे थे।

बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में एसपी सूरज कुमार राय के निर्देशन में चल रहे चेकिंग अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के बाद उनके पास से प्रतिबंधित पटाखे बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कस्बा बड़ौत निवासी अमन पुत्र रामनरेश और वाजिदपुर थाना बड़ौत निवासी नदीम पुत्र हलीम के रूप में हुई है। बागपत एडिशनल



एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ बड़ौत कोतवाली में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रतिबंधित पटाखों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है।

## मनुष्य के पास सर्वश्रेष्ठ विवेक है: महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर के कौशल भवन सभागार में प्रवचन करते हुए आचार्य श्री 108 नयन सागर मुनि. राज ने कहा मनुष्य गति का जो जीव है उसको सर्वाधिक बुद्धिमान माना गया है वह अपने हित और अहित के निर्णय ले सकता है। मनुष्य के पास सर्वश्रेष्ठ विवेक है। मनुष्य अपने दुख से उचित निर्णय लेकर बच सकता है एक जीवन पशु का है जो कभी अपना दर्द भूख प्यास कभी किसी को नहीं बता सकता यह तिर्यांच गती है अपना बचा हुआ सामान जानवर को खिलाना सेवा भाव नहीं है तीर्थकर भगवान के समोसरण में पशु गति के दुखों का वर्णन किया गया है। मनुष्य के पास कोई मजबूरी नहीं है जबकि पशु अपनी मजबूरी का निवारण नहीं कर सकता हजारों लोग जानवरों को काटने का व्यवसाय कर रहे हैं यह कौन सा धर्म है मनुष्य जाति ने सभी नियमों को उलघन किया है। उसने पैसा कमाने के लालच में जीव हत्या का व्यापार करने में लगे हैं क्या यह पैसा मनुष्य को मौत और बुरे कर्म से बचा सकता है इसलिए मनुष्य को कम से कम यह सोचना चाहिए कि वह जो निर्णय ले रहा है वह योग्य है या नहीं जिस दिन अशुभ करम का उदय होगा। उसे दिन सब अच्छे बुरे का हिसाब यही देना होगा जब पैसा कम नहीं आएगा। सेवा का भाव जीवित रखना चाहिए नहीं तो संस्कृति खत्म हो जाएगी। मनुष्य प्रगति पर है पर अपने संस्कारों को गिरवी रखकर पशु हत्या उद्योग मनुष्य को नहीं चलने चाहिए। आज की धर्म सभा में प्रवीण जैन मनोज जैन मनोज जैन संभव जैन पवन जैन राजेश जैन राकेश जैन अनुराग मोहन दिनेश जैन अंकुर जैन अमित जैन आदि ने भाग लिया।

## जागौश गांव की यमुना नदी के किनारे मिला छात्र का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव में यमुना नदी के किनारे पर एक छात्र का शव छपरौली थाना पुलिस द्वारा बरामद किया गया। इसकी सूचना ग्राम वासियों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लवकुश शर्मा को दी तुरंत उन्होंने थाना छपरौली पुलिस को अवगत कराया। सूचना मिलते ही पुलिस यमुना नदी पर पहुंची। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की पहचान हिमांशु पुत्र जय भगवान 20 वर्ष निवासी संभालका जिला पानीपत के रूप में हुई छपरौली थाना पुलिस ने गोताखोर बुलवाकर शव को बाहर निकाला इस संबंध में मृतक हिमांशु के ताऊ ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि हिमांशु पिछले बुधवार को एक सप्ताह पूर्व घर से यमुनानगर देवीलाल कॉलेज में गया था। हिमांशु आयुर्वेदिक कॉलेज में अपनी पढ़ाई कर रहा था। हिमांशु अविवाहित हैं हिमांशु के ताऊ ओमप्रकाश ने बताया कि इसकी गुमशुदी की जानकारी



कैराना पुलिस एवं पानीपत पुलिस दोनों को दी गई थी। पुलिस तभी से जांच में जुटी हुई थी। शनिवार को 3बजे मृतक हिमांशु का शव यमुना नदी से बाराबंद किया गया है। इस संबंध में थाना छपरौली प्रभारी शिवदत्त ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। इस मामले का जल्दी ही खुलाशा कर दिया जाएगा। वहीं मृतक के परिवार में को. हराम मचा हुआ है। हिमांशु की मां पिता भाई बहन पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के पिता ने हत्या की आशंका जताई है।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# रोडवेज बस की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहां एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने ट्रैक्टर-ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली चला रहे रहे एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने बस चालक को हिरासत में ले लिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव रझेड़ा निवासी कैलाश चंद अपनी ट्रैक्टर ट्राली में हरा चारा लादकर हापुड़ की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के नेशनल हाईवे-9 मंसूरपुर कट के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी ट्रैक्टर-ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर-ट्राली हाईवे पर ही पलट गई और ट्रैक्टर ट्राली चालक कैलाश चंद गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान रोडवेज बस का आगे का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया और बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना हापुड़ देहात प्रभारी विजय गुप्ता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल ट्रैक्टर चालक कैलाश चंद को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने कैलाश चंद को मृत घोषित कर दिया। कैलाश चंद की मौत की खबर सुनते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि पुलिस द्वारा रोडवेज बस के चालक बलराम को हिरासत में लिया गया है और बस को अपने कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। जांच कर उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।







# बुजुर्ग महिला ने गंगा में लगाई छलांग, गोताखोरों ने बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के बृजघाट में गृहक्लेश के चलते एक बुजुर्ग महिला ने गंगा में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद गोताखोरों ने महिला गंगा में डूबने से बचा लिया और पुलिस को सौंप दिया।

मिली जानकारी के अनुसार गृहक्लेश के चलते एक बुजुर्ग महिला ने अचानक गंगा पुल से गंगा के गहरे पानी में छलांग लगा दी। महिला के पानी में कूदते ही आसपास क लोगो में चीख-पुकार मच गई। इस दौरान गंगा घाट पर मौजूद नाविक और गोताखोरों ने महिला को गहरे पानी में डूबने से बचाने क किए तुरंत अपनी नाव को महिला की तरफ घुमाया। महिला गहरे पानी में डूब रही थी लेकिन गोताखोर मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद महिला को गंगा में डूबने से सुरक्षित बचा लिया। पुलिस के मुताबिक गृहक्लेश के चलते महिला ने गंगा पुल से गंगा में छलांग लगा दी थी। फिलहाल बुजुर्ग महिला को गंगा में डूबने से सकुशल बचाया गया। तो वही गोताखोरों द्वारा महिला को बचाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने बुजुर्ग महिला के परिजनों को बुलाकर महिला को समझा बझाकर घर भेज दिया साथ ही पुलिस ने गोताखोरो के इस कदम को सराहनीय बताया।



# बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों की चोरी कर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में चोरों का आतंक देखने को मिला है। जहां बेखौफ चोरों ने एक बंद मकान को अपना निशाना बनाते हुए लाखों रूपये की नगदी समेत सोने चांदी के आभूषण चोरी कर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नूरकान गंज निवासी असलम अंसारी अपने परिवार के साथ मेरठ गए थे, जबकि उनका बेटा बिलाल घर पर ही था। रात करीब 10 बजे जब बिलाल अपने घर लौटा, तो उसने देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था और तिजोरी खुली हुई थी और घर में रखे 1.20 लाख रुपये की नकदी और लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। चोरी की सूचना बिलाल ने अपने परिजनों को दी। चोरी की जानकारी मिलते ही पीड़ित असलम और उनकी पत्नी मेरठ से तुरंत वापस लौट आए। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि चोरों ने छत के रास्ते घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित असलम ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और साक्ष्य इकठा कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में चोरी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।



# एसपी ने हाफ़िज़पुर थाने का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने हाफिजपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान, उन्होंने थाने के कार्यालय, मालखाना, हवालात, और महिला हेल्प डेस्क की व्यवस्थाओं की जाँच की।

एसपी ने थाने में अभिलेखों के रखरखाव की जाँच की और स्वच्छता का जायजा लिया। उन्होंने मालखाने और महत्वपूर्ण दस्तावेजों की देखरेख में विशेष सतर्कता बरतने पर जोर दिया, और चेतावनी दी कि किसी भी तरह की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिसकर्मियों को जनता के साथ शालीन व्यवहार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले हर व्यक्ति की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए और उनके समाधान में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। एसपी ने महिला हेल्प डेस्क पर जाकर पीड़ितों की शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया को देखा और शिकायत रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने महिलाओं की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान करने के निर्देश दिए। यह निरीक्षण थाने की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने और पुलिस व्यवस्था को अधिक जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से किया गया था।



# राष्ट्रीय लोकदल की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ क्षेत्र के गाँव बछलौता में राष्ट्रीय लोकदल की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी का विस्तार करना था, जिसके लिए एक सदस्यता अभियान चलाया गया। बैठक में पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर हापुड़ के कई लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। परवेज चौधरी ने अपने साथ एक दर्जन से ज्यादा लोगों को पार्टी में शामिल कराया।

इस बैठक में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजयवीर सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। बैठक के दौरान हापुड़ जिलाध्यक्ष रविंद्र चौधरी और महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डा. प्रियंका सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल आगामी जिला पंचायत और ग्राम पंचायत चुनावों में अपने पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को टिकट देगी। उन्होंने बताया कि पार्टी का सदस्यता अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा, जिसका लक्ष्य हापुड़ के हर गाँव और घर तक पहुँचकर नए सदस्य बनाना है। सदस्यता लेने वालों में परवेज चौधरी, भूषण शर्मा, धर्मेंद्र यादव, इंद्रपाल यादव, कृष्ण चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, कलवा, भूरे, फिरोज, प्रमोद चौहान, शहजाद, आकिल चौधरी, मुकेश चौधरी, शिवम चौधरी, भूरे चौधरी और विनीत चौधरी शामिल थे। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमंत मिश्रा, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र सिंह, किसान मोर्चा प्रदेश महासचिव मोनू चौधरी और महिला मोर्चा गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा अध्यक्ष चंचल चौधरी सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# समाधान दिवस में एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को ज़िलें में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने हाफ़िज़पुर थाने में थाना समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। एसपी ने थाने पर आए फरियादियों की समस्याओं को ध्यान से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों का समाधान निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। थाना प्रभारी और अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि हर शिकायत को प्राथमिकता दी जाए। इससे लोगों को बार-बार थाने नहीं आना पड़ेगा। एसपी ने फरियादियों से सीधा संवाद कर उनकी संतुष्टि का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस जनता को न्याय दिलाने का प्रभावी माध्यम है। यह महज एक औपचारिकता नहीं है। एसपी ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



## एक नजर

# सीआरपीएफ जवान का हृदय गति रुकने से निधन, असम से हापुड़ पंहुचा पार्थिव शरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गाँव अटूटा में शनिवार को शोक की लहर दौड़ गई, जब सीआरपीएफ जवान कुलदीप सिंह का असम के गुवाहाटी में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। 40 वर्षीय जवान का पार्थिव शरीर शनिवार सुबह उनके पैतृक गाँव पहुँचा, जहाँ सैकड़ों लोगों ने उन्हें नम आँखों से अंतिम विदाई दी।



सीआरपीएफ के जवान कुलदीप सिंह का अंतिम संस्कार उनके गाँव में सैन्य सम्मान के साथ किया गया। उनके बेटे अक्षित ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान सीआरपीएफ और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। जवान के अंतिम दर्शन के लिए अटूटा और आसपास के गाँवों से भी लोग उमड़ पड़े, जिससे पूरा माहौल गमगीन हो गया। गांव अटूटा निवासी मदन सिंह के बड़े बेटे कुलदीप ने 2002 में सीआरपीएफ में नौकरी शुरू की थी। वह गुवाहाटी में नर्सिंग असिस्टेंट के पद पर तैनात थे। उनकी अचानक मृत्यु की खबर सुनकर उनका पूरा परिवार सदमे में है। उनकी पत्नी नीता, बेटा अक्षित, बेटी जूही, और माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि कुलदीप एक बहादुर सैनिक के साथ-साथ एक मिलनसार और मददगार इंसान भी थे। उनकी असामयिक मृत्यु ने पूरे गाँव को स्तब्ध कर दिया है। इस दुखद घटना ने जवानों में बढ़ते हृदय रोगों और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को लेकर भी चिंता बढ़ा दी है।

# सरस्वती कॉलेज ऑफ फार्मेसी के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती कॉलेज ऑफ फार्मेसी के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा शनिवार को एक दिवसीय जागरूकता संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को अनुसंधान और नवाचार के लिए प्रेरित करना था।

यह संगोष्ठी पूरी तरह से ऑफ़लाइन थी, जिसमें 500 से अधिक छात्रों, शोधकर्ताओं, संकाय सदस्यों और उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा, कुलपति, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ थे। उन्होंने छात्रों को शोध, नवाचार और सामाजिक सेवा के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रोत्साहित किया। तकनीकी सत्रों में, विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। प्रो. बिभु प्रसाद पांडा जामिया हमदर्द, नई दिल्ली, थेराप्यूटिक प्रोटीन, डा. अजय कुमार शर्मा आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज, गाज़ियाबाद, क्रॉनिक डिज़ीज़ में बायोफार्मास्यूटिक्स, डॉ. पुनीत कपूर सरस्वती कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बायोलॉजिक्स और बायोसिमिलर्स उपस्थित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में सरस्वती समूह और शिक्षा जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियाँ उपस्थित थीं, जिनमें डा. नितिन कुमार प्राचार्य, सरस्वती कॉलेज ऑफ फार्मेसी, डा. एसके गुप्ता विभागाध्यक्ष, एन वरधाराजन जनरल मैनेजर, डा. मनोहारी शिवकुमार प्राचार्य, सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग, डा. आर. दत्त निदेशक, एल रुबावथी एचआर मैनेजर और डी सरवनन अकाउंट्स मैनेजर शामिल थे। इस अवसर पर सरस्वती समूह के चेयरमैन डा. जे. रामचंद्रन और वाइस चेयरपर्सन राम्या रामचंद्रन ने संगोष्ठी के सफल आयोजन पर बधाई दी। यह संगोष्ठी छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई, जिसने उन्हें नवीनतम तकनीकी प्रगति और शोध से अवगत कराया और उद्योग एवं शिक्षा जगत के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जनपद पुलिस द्वारा ग्राम, कस्बा, मौहल्ला, शिक्षण संस्थानों पर भ्रमण कर चौपाल लगाकर छात्राओं-बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

शनिवार को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद हापुड़ में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी। पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# कव्वाली के साथ धूमधाम से मनाई गई ईद-ए-मिलादुन्नबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मुस्लिम समुदाय के प्रमुख पर्व ईद-ए-मिलादुन्नबी को शुक्रवार की रात को जिले में बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। यह पर्व इस्लामिक कैलेंडर के तीसरे महीने रबी-उल-अव्वल की 12वीं तारीख को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इसी दिन आखिरी नबी और पैगंबर हज़रत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। इसी खुशी में मुस्लिम समाज के लोग विशेष प्रार्थना, जुलूस और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

सुबह से ही मुस्लिम बहुल इलाकों में रौनक देखने को मिली। जगह-जगह सजावट की गई, मिठाइयां बांटी गईं और जुलूस निकले गए। छोटे-बड़े सभी ने नए कपड़े पहनकर एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर हाजी नेता माजिद की ओर से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कव्वाली का आयोजन सबसे आकर्षण का केंद्र रहा। कव्वालों ने नात-ए-पाक और धार्मिक कलाम पेश किए, जिन्हें सुनकर माहौल आध्यात्मिक और खुशनुमा बन गया।

सैकड़ों की संख्या में लोग इस आयोजन में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सौहार्द और भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। हापुड़ थाना प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह, जदीद चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार, सिकंदरगढ़ चौकी प्रभारी विवेक चौहान, गढ़ गेट चौकी प्रभारी चेतन कुमार, रेलवे रोड चौकी प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मियों को मूर्ति भेंट कर व पटखा और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। आयोजन में हर तबके के लोग मौजूद रहे। मुस्लिम समाज के साथ-साथ अन्य धर्मों के लोगों ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर ईद-ए-मिलादुन्नबी की खुशियों में साझेदारी की।

आयोजकों ने बताया कि इस पर्व का संदेश शांति, भाईचारा और इंसानियत है, और इसी उद्देश्य से इस तरह के आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं।



# राष्ट्रीय लोक अदालत में 2,31,259 मामलों का हुआ निपटारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत ने बड़ी सफलता हासिल की है। इस एक दिवसीय आयोजन में कुल 2,31,259 मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें समझौता राशि के रूप में 9,34,87,625 का सेटलमेंट हुआ।

शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष, डा. अजय कुमार द्वितीय द्वारा किया गया। इस अवसर पर कई न्यायिक अधिकारी, बैंक अधिकारी, वकील और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिला न्यायाधीश ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य दोनों पक्षों को जीत दिलाना है, क्योंकि इसमें मामलों का निपटारा आपसी सहमति से होता है और किसी का नुकसान नहीं होता। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने 68 मामलों का निपटारा किया, जिसमें से 11 जोड़ों को सुलह कराकर भेजा गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने 45 मामलों में 1,00,65,000 का सेटलमेंट किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 4232 छोटे आपराधिक मामलों का निपटारा करते हुए 1,96,840 का जुर्माना वसूला। अन्य सिविल और न्यायिक मजिस्ट्रेटों ने भी बड़ी संख्या में दीवानी और आपराधिक मामलों का निपटारा किया। विभिन्न बैंकों ने 315 प्री-लिटिगेशन मामलों में 6,69,28,000 का सेटलमेंट किया, जिसमें 1,77,36,000 की नकद वसूली भी शामिल है। राजस्व, पुलिस और अन्य विभागों ने संयुक्त रूप से 2,25,028 मामलों को निपटाया। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सौरभ कुमार वर्मा ने इस सफल आयोजन के लिए सभी न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक, पुलिस, बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय लोक अदालत ने हापुड़ में लंबित मामलों को निपटाने और लोगों को तुरंत न्याय दिलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोदीनगर रोड पर एक पराठा स्टॉल पर पैसों को लेकर हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो में लोग एक-दूसरे को लात-घूंसे मारते नजर आ रहे हैं। पुलिस की शुरुआती जाँच के अनुसार, यह घटना मोदीनगर रोड पर एक पराठा स्टॉल पर हुई। बताया गया है कि कुछ लोग पराठे खाने के बाद पैसे देने को लेकर स्टॉल मालिक से बहस करने लगे। यह मामूली बहस जल्द ही गाली-गलौज और फिर मारपीट में बदल गई। देखते ही देखते दोनों तरफ से और भी लोग आ गए और सड़क पर ही मारपीट शुरू हो गई। इस घटना का वीडियो, जिसे शहापुड़ का पराठा दंगलश भी कहा जा रहा है, सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से फैल रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि लोग एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं, जबकि कुछ लोग बीच-बचाव की कोशिश कर रहे हैं। थाना प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने इस वीडियो का संज्ञान लिया है और मामले की जाँच शुरू कर दी है। पुलिस वीडियो फुटेज और सीसीटीवी की मदद से मारपीट करने वालों की पहचान करने में जुटी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक स्थान पर इस तरह का उपद्रव करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह वीडियो पुराना लग रहा है।



# मां-बेटे ने 13वीं मंजिल से कूदकर दी जान

■ ग्रेटर नोएडा में सुसाइड नोट मिला बेटे की बीमारी से थी परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में शनिवार सुबह महिला ने अपने 11 वर्षीय बेटे के साथ 13वीं मंजिल से छलांग लगा दी। नीचे गिरते ही दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से सोसाइटी में हड़कंप मच गया। लोग भागकर नीचे पहुंचे तो मां और बेटे के शव खून से लथपथ पड़े थे।

तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। महिला अपने बेटे के मानसिक मंदित होने से परेशान थी। शव के पास से सुसाइड नोट मिला है।

पूरा मामला ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र की एसीई सिटी में सुबह 10 बजे का है।



**बेटे की मानसिक बीमारी से परेशान थी:** सोसायटी निवासी दर्पण चावला अपनी पत्नी साक्षी चावला (37) और 11 साल के बेटे दक्ष के साथ रहते थे। उनका बेटा दक्ष चावला (11) मानसिक रूप से मंदित था। परिवार के करीबी बताते हैं कि बच्चे की हालत को लेकर साक्षी लंबे समय से तनाव में रहती थी। अक्सर पड़ोसियों से भी कहती थी कि उसकी जिंदगी बहुत मुश्किल हो गई है।

**मिला सुसाइड नोट लिखा दुनिया छोड़ रहे हैं:** पुलिस को घर से एक सुसाइड नोट मिला है। उसमें साक्षी और उसके बेटे ने लिखा है कि वे दुनिया छोड़ रहे हैं। हालांकि नोट में सीधे तौर पर किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिला बेटे की बीमारी और निजी हालातों से मानसिक रूप से बेहद परेशान थी। इसी कारण उसने यह कदम उठाया।

**सुबह 10 बजे कूदे, लोगों ने चीखें सुनीं:** पुलिस के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब 10 बजे सोसाइटी के लोगों ने जोरदार आवाज सुनी। नीचे देखा तो मां और बेटा गंभीर हालत में पड़े थे। कुछ ही मिनटों में उनकी मौत हो गई। घटना के बाद सोसाइटी के लोगों में दहशत फैल गई।

**पुलिस की जांच जारी:** बिसरख थाना प्रभारी ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। फिलहाल पुलिस सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग और अन्य परिस्थितियों की गहराई से जांच कर रही है। सोसाइटी के लोगों और मृतका के रिश्तेदारों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि आत्महत्या की असली वजह का पता चल सके।

## होटल की छत पर रखे जनरेटर में आग लगी

**नोएडा।** सेक्टर-37 में एक होटल की छत पर रखे जनरेटर में आग लग गई। आग की वजह शॉट सर्किट या हीटिंग बताई जा रही है। हालांकि अभी स्पष्ट कारण नहीं पता चल सका है। होटल स्टॉफ ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। साथ ही मेनटेनेंस स्टाफ ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। जब तक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची आग बुझा दी गई थी। इसका एक वीडियो भी सामने आया।

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि आग की वजह पता लगा रहे है। आग से कोई नुकसान नहीं है। जनरेटर में तेल होने की वजह से काले रंग का धुआं काफी दूर से देखा गया। आग फैली नहीं। जानकारी मिलते ही दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग को स्टाफ पहले ही बुझा चुका था। हालांकि पूर्णता बुझा दिया गया। होटल स्टाफ या इसमें ठहरे लोगों को बाहर निकालने की आवश्यकता नहीं हुई। उन्होंने बताया कि लगातार फायर डिपार्टमेंट की ओर से नोएडा के होटल स्टाफ को ट्रेनिंग दी जाती रही है।

# भाजपा का सेवा पखवाड़ा अभियान 17 से



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आगामी 17 सितंबर से गौतम बुध नगर में तीनों विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान शुरू होने जा रहा है।

जिसमें आज सेक्टर 44 में सैनिक विहार मंडल द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत बैठक में पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नवाब सिंह नागर ने सम्मिलित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़े के अंतर्गत चलने वाले कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी नरेश शर्मा, महामंत्री उमेश त्यागी एवं मंडल पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए दिल्ली में होगी रैली

**ग्रेटर नोएडा।** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली मंच (अटेवा) ने शनिवार को जेवर ब्लॉक कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। जिला संयोजक रविंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक का संचालन जिला महामंत्री जगवीर भाटी ने किया। बैठक का मुख्य एजेंडा 25 नवंबर को दिल्ली में होने वाली संवैधानिक रैली की तैयारियां थीं। ब्लॉक अध्यक्ष विश्वकर्मा ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर से बड़ी संख्या में कर्मचारी और शिक्षक रैली में शामिल होंगे।

मंडल मंत्री भूरा सिंह ने संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को अटेवा की सदस्यता लेनी चाहिए। इससे आंदोलन और मजबूत होगा।

बैठक में प्रदीप गुप्ता, प्रमोद कुमार, देवेंद्र कुमार, पदम सिंह और सतीश कुमार समेत कई पदाधिकारियों ने विचार रखे।

# नोएडा प्राधिकरण की शिकायत पर चार पर मुकदमा दर्ज

■ अवैध निर्माण, गालीगलौज और ईट पत्थर से मारने का प्रयास, अवैध निर्माण हटाने गई थी टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सोरखा जाहिदाबाद अवैध निर्माण हटाने गई प्राधिकरण की टीम ने भी एक एफआईआर दर्ज कराई है। प्राधिकरण ने घटना क्रम बताते हुए क्रास एफआईआर दर्ज कराई है। अधिसूचित जमीन पर अवैध निर्माण, सरकारी कार्य में बाधा डालने, जान से मारने की नीयत ये ईट पत्थर उठाने, धक्का मुक्की करने करने का आरोप लगाया। थाना सेक्टर-113 पुलिस ने सोनू, चेतन यादव, सुंदर, मोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इससे पहले किसानों की शिकायत पर जेई समेत छह लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था।





दरअसल प्राधिकरण की टीम शुक्रवार को सोरखा जाहिदाबाद के खसरा नंबर 834, 819 पर अवैध निर्माण ध्वस्त करने पहुंची थी। यहां किसानों ने इसका विरोध किया। अवर अभियंता के साथ मारपीट की गई। जिसके बाद पुलिस ने एक्शन लिया। इस मामले में किसानों पर लाठी पर चली। जिसके बाद किसानों ने थाने में शिकायत दी। शिकायत पर मुकदमा दर्ज करते हुए प्राधिकरण पुलिस के हैड कॉन्स्टेबल रहसूद्दीन और सिपाही जितेंद्र को सस्पेंड कर दिया गया। अब प्राधिकरण की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई।

**प्राधिकरण अवर अभियंता ने की थी शिकायत:** अवर अभियंता की ओर से दी गई शिकायत में कहा कि सोरखा जाहिदा बाद के खसरा नंबर 834 और 819 पर सोनू, चेतन यादव, सुंदर, मोनू द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है। जिसे हटाने के लिए 12 अगस्त 2025 और 12 सितंबर 2025 को उक्त कार्यक्रम तय किया गया। इसके तहत 12 सितंबर को वर्क सर्किल-6 भू लेख विभाग और नोएडा प्राधिकरण पुलिस मौके पर पहुंची। वहां उक्त लोगों ने विरोध किया।

**किसानों की ओर से छह लोगों पर:** किसानों की शिकायत पर थाना सेक्टर-113 पुलिस ने जेई निखिल, जेई विनीश, पटवारी मुकुल, सुपरवाइजर मनीष, हैड कॉन्स्टेबल रहसूद्दीन और कॉन्स्टेबल जितेंद्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस पूरे प्रकरण की जांच प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री को सौंपी है।

**भारतीय किसान परिषद करेगा घिराव:** वहीं भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने एक पंचायत करके फैसला लिया कि रविवार को थाना सेक्टर-113 का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण ने हमारे घर तोड़े। प्राधिकरण पुलिस ने किसानों के साथ मारपीट की। और अब किसानों के ऊपर ही मुकदमा दर्ज किया गया। ऐसे में किसान थाने का घिराव करेंगे। इसके अलावा 19 सितंबर को नोएडा में महापंचायत का ऐलान भी किया गया।

## एक नजर

### निवेश करने पर मुनाफा होने का झांसा देकर ठगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** साइबर अपराधी ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसाइटी में रहने वाले युवक को ऑनलाइन रकम निवेश कर मोटा मुनाफा होने का झांसा देकर सवा लाख से अधिक रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पंचशील हाईनीश सोसाइटी में कमल यादव परिवार के साथ रहते हैं। उनके पास कुछ दिनों पहले एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने ऑनलाइन रकम निवेश करने पर मोटा मुनाफा होने का झांसा दिया। इसके बाद उसने कमल के व्हाट्सऐप पर एक फाइल भेजी। उन्होंने जैसे ही फाइल को डाउनलोड किया तो उनके खाते से एक लाख 45 हजार रुपये कट गए। उन्होंने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट में घायल युवक ने दम तोड़ा, छह पर केस

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दनकौर रेलवे स्टेशन के पास स्थित कॉलोनी में रहने वाला युवक अपने दोस्त का विवाद सुलझाने के दौरान बृहस्पतिवार को मारपीट में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार को उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। एशियन पेंट कॉलोनी निवासी वीरेंद्र ने बताया कि उसका बेटा केशव (27) क्रेन चलाता था। बृहस्पतिवार रात बेटे के एक दोस्त का पड़ोसी युवक से झगड़ा हो गया था। जानकारी होने पर केशव मौके पर पहुंचकर विवाद सुलझाने का प्रयास कर रहा था। आरोप है कि दूसरे पक्ष ने केशव और उसके दोस्त पर डंडों से हमला कर दिया जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए थे। केशव को आनन-फानन में ग्रेटर नोएडा स्थित जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार को केशव ने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता की शिकायत पर आरोपी पक्ष के मनीष, मनोज, सोनू, सचिन उर्फ नटराज, दीपक उर्फ मोगली और मोहित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

### डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार जीजा-साले की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रोजा पुलिस चौकी के समीप बेकाबू डंपर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार जीजा-साले की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूलरूप से मधुबनी बिहार की रहने वाली महिला साधना अपने परिवार के साथ ग्रेनो वेस्ट की महालक्ष्मी एन्क्लेव कॉलोनी में रहती है। साधना ने पुलिस को बताया कि उसका पति प्रदीप और भाई कार्तिक ग्रेनो वेस्ट में निर्माणाधीन साइट पर काम करते थे। दोनों बुधवार की शाम काम कर स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रहे थे। रोजा पुलिस चौकी के समीप उनकी स्कूटी में बेकाबू डंपर ने टक्कर मार दी और भाग गया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको नजदीक के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। महिला ने अब इस घटना की शिकायत बिसरख थाना पुलिस से की है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपी डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

### 11 क्विंटल नकली पनीर बरामद

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के जेवर में खाद्य विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने शुक्रवार देर रात एक टूल प्लांट पर छापा मारा। यहां से 11 क्विंटल नकली पनीर बरामद किया गया। समाचार लिखे जाने तक कोतवाली में धरना जारी था।
मामले में एक स्थानीय भाजपा नेता का नाम सामने आया है। इसके बाद से क्षेत्र में सियासी माहौल गरम हो गया है। शनिवार को सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और नेता जेवर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस के रवैये के खिलाफ प्रदर्शन किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता संजीव बालियान भी धरने में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद कार्यकर्ताओं को थाने में धरना देना पड़ रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पुलिस एकतरफा कार्रवाई कर रही है। कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर दोषियों को बचाने का आरोप लगाया है। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है। खाद्य विभाग ने जब्त किए गए नकली पनीर को नष्ट करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दोस्त का विवाद सुलझाने गए युवक की हत्या

■ ग्रेटर नोएडा में छह लोगों ने क्रेन चालक को लाठी-डंडों से पीटा, अस्पताल में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर रेलवे स्टेशन के पास एशियन पेंट कॉलोनी में एक क्रेन चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान केशव के रूप में हुई है। केशव अपने दोस्त का विवाद सुलझाने गए थे। विवाद के दौरान आरोपी पक्ष ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल केशव को जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई दिनों तक चले इलाज के बाद शनिवार को उनकी मौत हो गई।

मृतक के पिता वीरेंद्र ने बताया कि गुरुवार रात को उनके बेटे के दोस्त का पड़ोस के एक युवक से झगड़ा हो गया था। केशव अपने भतीजे के साथ विवाद सुलझाने पहुंचे थे। इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान मनीष, मनोज, सोनू, सचिन उर्फ नटराज, दीपक उर्फ मोगली और मोहित के रूप में हुई है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। दोनों पक्ष एक ही मोहल्ले के रहने वाले हैं। तनाव की स्थिति को देखते हुए इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## जिम्स में कौशल प्रयोगशाला

**नोएडा।** जिम्स में विद्यार्थियों के लिए कौशल प्रयोगशाला, कार्यप्रणाली व उपयोगिताओं से परिचित कराने के लिए कार्यक्रम किया गया। इसमें कौशल शिक्षा, प्रशिक्षण इकाई की स्थापना की गई। यह इकाई स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और युवा महत्वाकांक्षी युवाओं पर केंद्रित कौशल विकास कार्यक्रम प्रदान करके संस्थान के सिद्धांतों को रूप देती है। इसके तहत नैदानिक प्रशिक्षण के लिए एक प्रभावी उपकरण के रूप में परिदृश्य-आधारित सिमुलेशन की समझ को बढ़ाना।

**मृत्यु प्रमाणीकरण पर कार्यशाला:** जिम्स के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग ने मृत्यु के मामलों में एमसीसीडी फॉर्म 4 और 4ए को सही तरीके से भरने के संबंध में सभी संकायों, रेजिडेंट और प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया।

# छात्रों के दो गुट भिड़े, सड़क पर चले लात-घूसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-2 थाना क्षेत्र के भंगेल इलाके में शुक्रवार को एक बड़ी वारदात हुई। यहां स्थित एक पब्लिक स्कूल के छात्रों में मामूली विवाद इतना बढ़ गया कि गाली-गलौज के बाद बात हाथापाई और मारपीट तक पहुंच गई। देखते-देखते दोनों पक्षों के छात्रों ने एक-दूसरे पर लात-घूसे बरसाने शुरू कर दिए।

इस घटना का वीडियो सामने आया था, जिसमें छात्र सड़क पर जमकर मारपीट करते नजर आ रहे हैं।

**स्कूल ड्रेस में नजर आए अधिकांश छात्र:** एसीपी वर्णिका सिंह ने बताया कि झगड़ा दोपहर में हुआ, जब जूनियर और सीनियर छात्रों के बीच कहासुनी बढ़ गई। वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि स्कूल ड्रेस पहने कुछ छात्र एक गुट के छात्र को बेरहमी से पीटते हैं। इसके बाद बाइक पर बैठे तीन छात्र एक अन्य छात्र को खींचते हुए सड़क पर घसीटते भी नजर आते हैं।

**सिटी बस टर्मिनल के पास हुआ झगड़ा:** यह घटना सेक्टर-82 सिटी बस टर्मिनल गेट के बाहर हुई। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वीडियो से साफ है कि झगड़े के दौरान हालात बेहद खतरनाक हो गए थे। जिस तरह एक छात्र को बाइक के साथ घसीटा जा रहा था, उसमें जरा सी चूक उसकी जान के लिए खतरा बन सकती थी। जानकारी के मुताबिक, विवाद की शुरुआत सीनियर छात्र के गाली देने से हुई थी, जिसके बाद दोनों गुट आमने-सामने आ गए।

**कई मीटर तक सड़क पर घसीटता गया छात्र:** वीडियो में एक छात्र को सड़क पर घसीटते हुए भी देखा गया। बताया गया कि कुछ छात्र एक ही बाइक पर चार-चार सवार होकर आए थे। जब मारपीट बढ़ी और मौके पर राहगीरों की भीड़ जुटने लगी, तो छात्रों का एक गुट वहां से भाग निकला।

**जांच में जुटी पुलिस:** पुलिस अब यह पता लगाने में जुट गई है कि आखिर विवाद की असली वजह क्या थी। मारपीट में शामिल छात्रों की पहचान अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। इसके लिए पुलिस ने स्कूल प्रबंधन और प्रिंसिपल से संपर्क किया है। अधिकारियों का कहना है कि वीडियो के आधार पर छात्रों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## किसान एकता संघ की मीटिंग में चेतावनी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के मूंजखेड़ा गांव में शनिवार को किसान एकता संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हाजी शफिया खां ने की, जबकि संचालन प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा ने किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (युवा) विक्रम नागर ने दो प्रमुख मुद्दों को उठाया। पहला, हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद किसानों को 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा अभी तक नहीं मिला है। दूसरा, यमुना प्राधिकरण में स्थानीय किसानों के बच्चों की अनदेखी की जा रही है। जबकि 200 किलोमीटर दूर से आए लोगों को रोजगार दिया जा रहा है।

बैठक में चिकित्सा, शिक्षा और युवाओं के भविष्य से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा हुई। संगठन ने चेतावनी दी कि अगर इन मुद्दों का जल्द समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

# मीडिया क्लब के अध्यक्ष ने की रक्षा मंत्री से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शनिवार को नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी और आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ नरेंद्र शर्मा ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। रक्षा मंत्री के दिल्ली स्थित आवास पर हुई मुलाकात के दौरान नोएडा की कानून व्यवस्था, विकास कार्यों और सामाजिक संगठनों द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की लेकर चर्चा की गयी। रक्षा मंत्री से मुलाकात के दौरान नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी ने भी नोएडा में पत्रकारों की सुरक्षा और अन्य मुद्दों को लेकर बातचीत की, वहीं पिछले दिनों मीडिया क्लब में फोटो जर्नलिस्ट द्वारा लगाई गयी फोटो प्रदर्शनी की भी जानकारी रक्षा मंत्री के साथ साझा की गयी। इसके अलावा पत्रकारों के हित में चलाई जा रही केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ भी नोएडा के पत्रकारों को मिले इसका भी अनुरोध रक्षामंत्री से किया गया। मुलाकात के दौरान मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी ने रक्षामंत्री को मीडिया क्लब में आने का आमंत्रण भी दिया जिस पर रक्षामंत्री ने शीघ्र ही मीडिया क्लब आने का आश्वासन दिया।



# 150 फुट लंबे मंच पर रामलीला का मंचन होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नवरात्र के साथ शहर में दुर्गा पूजा और रामलीला मंचन की शुरुआत हो जाएगी। इसके लिए दुर्गा पूजा समिति और रामलीला मंचन कमेटियां तैयारी में जुटी हैं। सेक्टर-62 स्थित रामलीला मैदान में श्रीराम मित्र मंडल की ओर से आयोजित रामलीला में 150 फीट लंबा दो मंजिला स्टेज बनाया जा रहा है। इसी के साथ 70 फीट का रावण का पुतला बनाने का कार्य जारी है। समिति के महासचिव डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि 22 सितंबर से रामलीला का मंचन शाम सात बजे से आरंभ होगा। यह रात 11 बजे तक चलेगा। इसी के साथ शहर में सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार करने के लिए 26 सितंबर को दोपहर में शोभायात्रा निकाली जाएगी।

यात्रा सेक्टर-20 हनुमान मंदिर से शुरू होगी। यह विभिन्न सेक्टर में होते हुए रामलीला मैदान पर संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि रामलीला कि तैयारियां जारी है। इसमें मुरादाबाद की मंडली शिवाकला लोक कल्याण समिति के 55 से ज्यादा कलाकार मंचन करेंगे। इसके लिए 150 फीट लंबा, 50 फीट चौड़ा और छह फीट ऊंचा दो मंजिला स्टेज तैयार किया जा रहा है। रामलीला के मुख्य आकर्षण में विभिन्न स्टॉल, फूड कोर्ट, शानदार और भव्य झूलों के साथ सुनियोजित मेले का आयोजन होगा। समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग ने बताया कि दशहरा महोत्सव पर रावण का 70 फीट, कुंभकरण का 65 फीट और मेघनाद का 60 फीट के पुतले बनाए जा रहे हैं। इनके दहन के साथ भव्य आतिशबाजी की जाएगी। दुर्गा पूजा महोत्सव 26 सितंबर से शुरू होगा शहर में दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए लगभग 150 स्थानों पर तैयारियां जारी है।

# न्याय का त्वरित व मैत्रीपूर्ण समाधान लक्ष्य: न्यायमूर्ति अजीत कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति एवं जिले के प्रशासनिक न्यायमूर्ति अजीत कुमार और जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह ने शनिवार को जिला न्यायालय सभागार में राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ किया।

न्यायमूर्ति अजीत कुमार ने कहा कि लोक अदालत न्यायिक प्रणाली का महत्वपूर्ण स्तंभ है। जहां वादों का त्वरित और मैत्रीपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने परिसर में लगाए गए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जाना। यहां कौशल विकास केंद्र द्वारा युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण योजनाएं प्रस्तुत की गईं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जहां नागरिकों की स्वास्थ्य जांच व परामर्श सेवाएं दी जा रही थीं। बैंकों ने जन-धन योजना, मुद्रा योजना व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी लाभार्थियों को उपलब्ध कराई। न्यायमूर्ति ने स्टॉलों लोगों ने अधिकतम लाभ उठाने की प्रेरणा दी। ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियमों के पालन को लेकर तैयार नुक्कड़ नाटक का भी शुभारंभ किया।

**जेल में मिलने वाली सुविधाओं को लेकर दिए निर्देश:** न्यायमूर्ति अजीत कुमार एवं जिला जज मलखान सिंह ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। परिसर में पौधारोपण किया और कैदियों के लिए उपलब्ध शैक्षिक व कौशल प्रशिक्षण गतिविधियों, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं पुनर्वास कार्यक्रमों को देखा। न्यायमूर्ति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कारागार को केवल दंडात्मक संस्था न मानकर इसे सुधार व पुनर्वास का केंद्र बनाया जाए।



**विद्यालय लुक्सर का किया भ्रमण:** कारागार निरीक्षण के बाद न्यायमूर्ति ने अपर प्राइमरी विद्यालय लुक्सर का भी दौरा किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद किया और उनके अध्ययन, सह पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं भविष्य की आकांक्षाओं के विषय में जानकारी ली। उन्होंने मिडडे मील व्यवस्था, पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष व शौचालयों को देखा। इस मौके पर अपर जिला जज/सचिव (पूर्वाकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्र मोहन श्रीवास्तव, अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) अजय कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**ट्रैफिक पुलिस का स्पेशल बूथ बना मददगार:** लोक अदालत आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक विवाद, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से जुड़े मामले, भू-राजस्व वाद, सेवा संबंधी मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट वाद और प्री-लिटीगेशन मामलों सहित सुलह-समझौते योग्य वादों का निस्तारण किया गया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने भी आम जनता की सहूलियत के लिए विशेष बूथ लगाया। यहां पर चालान संबंधी मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

# सीवर, पानी की समस्या पर निवासियों ने जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर थीटा की छह प्रतिशत आबादी में रहने वाले निवासियों में बिजली, पानी की व्यवस्था न होने को लेकर उबाल है। उन्होंने शनिवार को सुविधाएं नहीं मिलने पर विरोध दर्ज कराया।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 में सेक्टर का आवंटन हुआ था। कई साल बीतने के बाद भी सीवर, पानी, रास्तों की व्यवस्था ठीक प्रकार से नहीं कर पाई है। सेक्टर में शहर का सबसे बड़ा पार्क हैं,लेकिन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अनदेखी से बदहाल है। यहां आजतक पानी की सप्लाई प्राधिकरण बहाल नहीं कर पाया है। सीवर लाइन चोक पड़ी हुई है। सीवर जगह जगह ओवर फ्लो हो रहे है। मेंटेनेंस का जो कार्य चल रहा है। उसकी गुणवत्ता भी संदेह के घेरे में है। दीपक कुमार भाटी ने कहा कि हम लोग आज सेक्टर की समस्याओं के लिए इकट्ठा हुए है। समस्याओं के समाधान नहीं होने पर प्राधिकरण के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। यदि समाधान नहीं होता है तो ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर धरना प्रदर्शन करने पर विवश होंगे। इस मौके पर भवर सिंह,डॉक्टर कर्ण सिंह, देवेंद्र अवाना, तिलकराम भाटी, सरजीत सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# प्रधान पर लाठी-डंडों से हमला, चुनाव न लड़ने की दी धमकी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के ग्राम टोड्डा में शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे ग्राम प्रधान के घर में दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए ग्राम प्रधान से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के दौरान आरोपितों ने हवा में तमंचा भी लहराया। पीड़ित ग्राम प्रधान सोनू कुमार ने पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि कुछ युवक लाठी-डंडों से लैस होकर उनके घर में घुसे और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। साथ ही यह भी कहा कि यदि वे प्रधानी चुनाव में भाग लेने की कोशिश करेंगे तो गंभीर अंजाम भुगतना पड़ेगा। सोनू कुमार ने कहा, अगर पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई नहीं करती है, तो हम सभी प्रधान मिलकर चौकी परिसर में धरना प्रदर्शन करेंगे। यह दबंगाना रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगे प्रशासन के सामने रखेंगे। चौकी प्रभारी खूब सिंह ने बताया कि पीड़ित ग्राम प्रधान की तहरीर मिली है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मैत्री क्रिकेट मैच में सहारनपुर की टीम विजयी

## सहारनपुर आयुक्त, डीआईजी, शामली डीएम व एसपी ने खेला क्रिकेट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला प्रशासन सहारनपुर एवं जिला प्रशासन शामली के मध्य मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन शामली क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड पर संपन्न हुआ।जिसमें सहारनपुर प्रशासन की ओर से कप्तान के रूप में आयुक्त महोदय अटल कुमार राय, उप कप्तान के रूप में डीआईजी अभिषेक सिंह के नेतृत्व व जिला प्रशासन शामली की ओर से कप्तान के रूप में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान व उप कप्तान के रूप में पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में दोनों टीमों के मध्य मैच संपन्न हुआ। जिला प्रशासन सहारनपुर व जिला प्रशासन शामली के कप्तानों के बीच टोंस हुआ और जिसमें जिला प्रशासन शामली के कप्तान डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें जिला प्रशासन शामली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 09 विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाने का लक्ष्य रखा। सहारनपुर प्रशासन की ओर से कप्तान के रूप में आयुक्त अटल कुमार राय, डीआईजी अभिषेक सिंह, सीडीओ सहारनपुर सुमित राजेश महाजन ने जबरदस्त बैटिंग करते हुए लक्ष्य को प्राप्त किया और 14 ओवर की समाप्ति पर ही 02 विकेट के नुकसान पर 108 रन बनाकर जीत हासिल की। इस अवसर पर आयुक्त अटल कुमार राय ने कहा कि कार्यों के साथ-साथ हमें खेल में भी समय देना चाहिए क्योंकि खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है। जिला प्रशासन शामली के कप्तान डीएम शामली अरविन्द कुमार चौहान ने आयुक्त महोदय सहारनपुर, डीआईजी और सीडीओ सहारनपुर समस्त टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों टीमों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में इस मैच को खेल खेल की भावना से खेला गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन शामली की टीम में उप कप्तान के रूप में पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह, सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि./रा), शामली, एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन, अश्वनी कुमार त्यागी उप क्रीड़ाधिकारी शामली, पुलिस विभाग से क्षेत्राधिकारी थाना भवन जितेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी शामली अमरदीप मौर्य, इंस्पेक्टर वीरेंद्र कसाना, सचिन शर्मा, राहुल कादियान आदि टीम के खिलाड़ी मौजूद रहे। जिला प्रशासन सहारनपुर व जिला प्रशासन शामली दोनों टीम के बीच हुए क्रिकेट मैच का सफल संचालन क्रिकेट कोच के रूप में विनय कुमार, लोकेन्द्र सिंह के अलावा अनुराग शर्मा द्वारा किया गया।

# पुलिस व गो तस्करों में मुठभेड़, गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस और गौ-तस्करों के बीच शनिवार को मुठभेड़ हो गई। आत्मरक्षार्थ की गई पुलिस फायरिंग में एक तस्कर गोली लगने से घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके से अवैध हथियार, जिंदा गौवंश और कटान के उपकरण बरामद किए हैं।

शनिवार को शहर कोतवाली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के आदेश पर गौकशी रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस को बलवा बाईपास से सिम्भालका जाने वाले मार्ग पर गौ-तस्करों के छिपे होने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो तस्करों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक तस्कर नावेद पुत्र नसीम निवासी ग्राम खेड़ी करमू, थाना कोतवाली शामली गोली लगने से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने नावेद के कब्जे से 315 बोर का तमंचा, एक खोखा, दो जिंदा कारतूस, कटान के उपकरण एक दांव, दो छुरे, एक कुल्हाड़ी, दो रस्सियां और एक जीवित गौवंश बरामद किया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी शामली भेजा गया। पुलिस के मुताबिक नावेद के दो साथी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस टीमों को लगाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

## एक नजर

### मंडल स्तर बॉक्सिंग में सत्यनारायण इं. का. ने जीता गोल्ड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** माध्यमिक विद्यालयों की मंडल स्तर की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सत्यनारायण इंटर कॉलेज के एक छात्र ने गोल्ड मेडल जीता है। इस प्रतियोगिता का आयोजन जनपद सहारनपुर के डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में किया गया। जिसमें सहारनपुर मण्डल के तीनो जनपद क्रमशः शामली, मुजफ्फरनगर एवं सहारनपुर के माध्यमिक विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सत्यनारायण इण्टर कॉलेज, शामली के छात्र पीयूष ने 52 से 54 किग्रा। भार वर्ग में अपने प्रतिद्वन्दी को पांच-शून्य से हराकर विजय प्राप्त की। विद्यालय पहुंचने पर अध्यक्ष सुशील कुमार गर्ग, प्रबंधक राजीव संगल, प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने छात्र पीयूष कुमार को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कहा कि बॉक्सिंग में काफी धैर्य, साहस तथा देर तक मुकाबला करने की आवश्यकता होती है। छात्र पीयूष में ए सभी गुण हैं इसलिए इसने यह जीत हासिल की।

### 15 लाख की स्मैक संग एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमंडी पुलिस ने ऑपरेशन सवेरे के अन्तर्गत चलाए अभियान में एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 लाख रूपये की स्मैक बरामद की है। पुलिस ने पकडे गए तस्कर के पास से तस्करी में प्रयुक्त मोबाईल फोन व बाइक भी बरामद की है। शनिवार को ऑपरेशन सवेरा के अन्तर्गत नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के तहत आदर्शमंडी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने ग्राम तितरवाड़ा, थाना कैराना निवासी रिजवान पुत्र उमरदीन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 75 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 15 लाख रूपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी से तस्करी में प्रयुक्त मोबाइल और बाइक भी जब्त की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/29/60 (3) के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

### निर्माणधीन मकान की छत से गिरकर युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव हसनपुर निवासी एक युवक निर्माणाधीन मक की छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों द्वारा निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन युवक की उपचार से पूर्व ही दम तोड दिया। पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव हसनपुर निवासी 35 वर्षीय राहुल पुत्र राममेहर अपने निर्माणाधीन मकान की छत पर खडा था। बताया जाता है कि मकान की तीसरी मंजिल पर लगे जाल से अचानक युवक का संतुलन बिगड गया और वह असंतुलित होकर सीधा तीसरी मंजिल से जमीन पर जा गिरा। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के छत से गिरने से परिजनों में हडकंप मच गया और वह गंभीर रूप से घायल राहुल को लेकर शामली अस्पताल में पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन शव को लेकर सीएचसी शामली पहुंचें और परिजनों को मामले की सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राहुल के दो बच्चे है, जिसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ।

### जिला परिषद चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को शहर के विश्वकर्मानगर स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय पर जिला परिषद चुनाव को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कांग्रेस पार्टी जनपद शामली की सभी 19 जिला परिषद वार्डों में अपने चुनाव चिन्ह द्धसिंबलत्रः पर प्रत्याशी उतारेगी। बैठक को संबोधित करते हुए सहारनपुर कोर्डिनेटर एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जिला परिषद चुनाव मजबूती के साथ लड़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी गरीब, नौजवान, व्यापारी, किसान और ग्रामीणों की आवाज को सड़क से लेकर संसद तक बुलंद कर रहे हैं। अब समय है कि कांग्रेस की विचारधारा को हर गांव और हर वर्ग तक पहुंचाया जाए। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित करें और कांग्रेस की नीतियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी दें। ओमप्रकाश शर्मा ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस सभी 19 वार्डों में अपने प्रत्याशी उतारेगी और मजबूत कांग्रेस विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ताओं का पैनल बनाकर प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा। बैठक में बाबू खघन, प्रवीण तरार, ओमवीर उपाध्याय, शेखरपाल, अश्वनी शर्मा, बिजेन्द्रपाल वर्मा, आदेश कश्यप, लोकेश कटारिया, अश्वनी कौशिक, रविन्द्र आर्य, ईशु शर्मा, सोहिल धीमान, साजिद सैफी, सुरेश पाल सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गांव से थानाभवन आ रहे बालक पर हमला

**थानाभवन।** थाना क्षेत्र के गांव भैसानी इस्लामपुर निवासी एक 17 वर्षीय बालक पर रास्ते में दो युवकों ने हमला कर दिया। घटना में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

पीड़ित के पिता फैयाज पुत्र अय्यूब ने थानाभवन थाने में तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र शावेज (17 वर्ष) किसी काम से गांव से थानाभवन आ रहा था। जब वह मसावी स्कूल के पास पहुंचा तो पीछे से बाइक पर आए दो युवक जुनैद और जुबैर पुत्रगण इरफान निवासी मोहल्ला नत्थू पट्टी, भैसानी इस्लामपुर ने उसकी मोटरसाइकिल रुकवाकर उस पर हमला कर दिया। हमले में शावेज गंभीर रूप से घायल हो गया।

उसी समय गांव की ओर से आ रहे कुछ लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायल को बचाया, जिसके बाद दोनों हमलावर वहां से फरार हो गए। घायल को थाना भवन थाने पर लाया गया। पुलिस ने मेमो देकर घायल शावेज को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाभवन में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार दिया गया। थानाभवन पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर कराई गई श्रुतलेख व निबंध प्रतियोगिता



शामली



रॉक गोल्ड शामली



सत्य नारायण इंटर शामली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली नगर के रेलवे रोड स्थित सत्यनारायण शिशु मंदिर में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर कक्षा एलकेजी से कक्षा तीन तक श्रुतलेख कक्षा चार व पांच में हिंदी की महत्वता विषयपर निबंध प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें बच्चों ने हिंदी में सुंदर अक्षरों में अपने विचारों को लिखा। कक्षा एलकेजी में शिवोम रिद्धि अक्षित यूकेजी में रुद्राक्ष शिवन्या लक्ष्मी कक्षा एक में पायल अनन्या सिंह व टिया कक्षा 2 में शिव शिवांगी व अब्दुल समद कक्षा तीन में प्रज्ञा आर्य, परी मित्तल, रिद्धिमा दीक्षित कक्षा चार में पीहू शिवानी गंगा कक्षा 5 अ में गोरी कुमुद व परीकक्षा 5ब में पारस आदित्य अर्पित क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विजेताओं को प्रधानाचार्य उमेश शर्मा जी द्वारा पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर सभी अध्यापक अध्यापिकाए उपस्थित रहे।

**शामली।** शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में हिंदी दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक सुनील गोयल व शिखर गोयल ने किया। बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या अनिता सिवाच ने कहा कि हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है एवं हिन्दी हमारी पहचान है अतः हम सभी को हमारे सभी कार्य हिन्दी भाषा में ही सम्पादित करना चाहिए तभी हिन्दुस्तान भी उन्नति के शिखरको प्राप्त करेंगा। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों, कविताओं, भाषणों और नाटड रूपांतरणों के माध्यम से हिंदी भाषा की महत्ता और गौरव का संदेश दिया। विद्यालय परिवार ने सभी को हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और संरक्षण का संकल्प दिलाया।



हिन्दू महिला महाविद्यालय शामली

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर कॉलेज में पत्र लेखन, प्रार्थना पत्र लेखन एवं काव्य पाठ आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता सीनियर वर्ग कक्षा 11 व 12, जूनियर वर्ग कक्षा 9 व 10 तथा सबजूनियर वर्ग कक्षा 6 से 8 के छात्र छात्राओं के मध्य कराई गई। प्रतियोगिता में प्रार्थना पत्र लेखन का विषय हिन्दी अध्यापक के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र रहा। जबकि हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा' शीर्षक काव्य पाठ के लिए छात्र छात्राओं को दिया गया। सभी छात्र छात्राओं ने उत्सुक्ता एवं उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर छात्रा वंशु बंसल, तुलसी, वंशिका, छात्र सूर्यदेव, मुकुट, ने हिन्दी दिवस पर अपने विचार रखे। मौके पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार, सतीश आत्रेय, घनश्याम सारस्वत, रामनाथ, शिवकुमार, महेशनारायण गौड, अनिल कश्यप, सुमन शर्मा, सारिका गर्ग मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष कार्यक्रम एवं अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदना सत्र से हुई, जिसमें प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार, हिंदी प्रवक्ता गीता रानी और आचार्य संजीव कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान गीता रानी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है, जो हमें इतिहास, संस्कृति और साहित्य से जोड़ती है। स्वतंत्रता आंदोलन में हिंदी का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया था और आज इसका वर्चस्व न केवल भारत में बल्कि अमेरिका, नाइजीरिया और चीन जैसे देशों में भी बढ़ रहा है। इस अवसर पर विद्यालय में अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें 435 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं और छात्राओं को मातृभाषा के सम्मान और प्रयोग के लिए प्रेरित किया। मौके पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, कविता रानी, अनीता रानी, अमित कुमार, रवि कुमार, कपिल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मोनिका रानी, सुरभि रानी, विकास कुमार और मोहित कुमार मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के हिंदू महिला महाविद्यालय में शनिवार को हिंदी दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बीए और बीकॉम की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

शनिवार को प्रतियोगिता में छात्राओं ने कवियों-कवयित्रियों के चित्र बनाए, दोहे और विचार प्रस्तुत किए। साथ ही कविताओं और भाषणों के माध्यम से हिंदी भाषा के महत्व पर अपने विचार रखे। प्रतियोगिता में बीए की सुहानी ने प्रथम, निदा उस्मानी ने द्वितीय और आकांक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ। मंजू गर्ग ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी विश्व की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। हिंदी दिवस का उद्देश्य इस भाषा को प्रोत्साहित करना और इसके प्रचार-प्रसार के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं बल्कि हमारी सभ्यता, संस्कृति और इतिहास की अमूल्य धरोहर है, जिस पर हम सबको गर्व होना चाहिए। इस मौके पर महाविद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।



सरस्वती बालिका विद्या शामली



कांधला

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी दिवस मनाया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रो। बृजभूषण द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्एक राष्ट्र की पहचान उसकी भाषा होती है। उन्होंने कहा कि भारत विविध भाषाओं का देश है, जिसकी विशेषता भारतीय संस्कृति और साहित्य ने सहेजकर रखी है। प्राचार्य ने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान में अंग्रेजी का बोलबाला बढ़ता जा रहा है, लेकिन आने वाले समय में हिंदी, चीनी, रूसी भाषाओं का वैश्विक प्रभाव भी बढ़ेगा और हिंदी का परचम विश्व पटल पर लहराएगा।इस मौके पर लघु कथा और लघु काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें निर्णायक मंडल डॉ सीमा सिंह, डॉ पंकज चौधरी एवं डॉ श्याम बाबू ने प्रतिभागी छात्राओं की रचनाओं का मूल्यांकन किया। लघु काव्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान, सादिया एवं प्रिंसी सैनी ने हासिल किया, द्वितीय स्थान तेहरीन को मिला जबकि तृतीय स्थान महविश को प्रदान किया गया। वहीं, लघु कथा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तेहरीन, द्वितीय स्थान महविश और तृतीय स्थान मुस्कान ने प्राप्त किया।प्राचार्य प्रो। बृजभूषण ने सभी छात्राओं को उनके सृजनात्मक प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया और हिंदी भाषा के महत्व को समझने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का सफल आयोजन हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ श्याम बाबू ने किया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ और दर्जनों और छात्राएं मौजूद रही।

# पुलिस उप महानिरीक्षक ने किया रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र अभिषेक सिंह ने रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों से संवाद करते हुए उचित दिशा निर्देश दिए है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र अभिषेक सिंह ने शनिवार को जनपद शामली स्थित रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों से संवाद स्थापित कर प्रशिक्षण, आवास एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। डीआईजी अभिषेक सिंह ने आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे कठोर परिश्रम, अनुशासन और समर्पण भाव से उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने प्रशिक्षण केन्द्र पर नियुक्त आउटडोर एवं इनडोर प्रशिक्षकों को भी व्यावहारिक और उत्कृष्ट प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह मौजूद रहे।

# सीएम से मिले विधायक प्रसन्न चौधरी

## विकास कार्यों पर की गई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शामली सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने शनिवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र एवं जनपद से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की।

शनिवार को विधायक प्रसन्न चौधरी ने मुख्यमंत्री से भैंसवाल में प्रस्तावित जनपदीय खेल स्टेडियम का निर्माण शीघ्र शुरू कराने की मांग की। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे कराकर इंटर कॉलेज व डिग्री कॉलेज स्थापित कराने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने शामली में परिवहन विभाग से जुड़ी गंभीर समस्याओं के समाधान की भी मांग की। इसके अतिरिक्त विधायक प्रसन्न चौधरी ने कैराना व झिंझाना यमुना खादर क्षेत्र में हाल की भारी बारिश से बर्बाद हुई किसानों की फसलों का सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाए जाने की अपील भी मुख्यमंत्री से की। विधायक प्रसन्न चौधरी ने बताया कि क्षेत्र की अन्य समस्याओं से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया है। जल्द की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया है और क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाएगे।

## थाना प्रांगण में आयोजित किया थाना समाधान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार एवं उप निरीक्षक सुभाष सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में फरियादियो की समस्याओं को सुनने एवं उनका समाधान करने का प्रयास किया गया। समाधान दिवस में तीन शिकायत पहुंची एक निस्तारण किया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक सुभाष सिंह के द्वारा बताया गया तीन शिकायतें पहुंचीं, जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। बाकी शिकायतों पर टीम गठित करने स्थानांतरण के निर्देश दिए गए हैं।प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि इस तरह के आयोजन से पुलिस-जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित होता है और आम जनता की समस्याएं समय पर सुलझाई जा सकती हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वह अपनी समस्याएं बेझिझक अपने नजदीकी थाना समाधान दिवस में लेकर आएं, ताकि उनका निस्तारण शीघ्रता से किया जा सके।

# शराबी पुत्र के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी एक व्यक्ति ने अपने पुत्र पर मारपीट करने व शराब पीकर आए दिन पीड़ित को परेशान करने का आरोप लगाते हुए आरोपी पुत्र के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है। शनिवार को कस्बा निवासी तेजपाल ने बताया कि उसका पुत्र शराब पीने का आदी हो गया है जो आए दिन शराब पीकर पीड़ित व उसके परिवार को परेशान करता है। जब पीड़ित अपने पुत्र को शराब पीने से रोकने और देर रात तक घर नहीं आने का विरोध करता है तो आरोपी उनके साथ मारपीट करता है। पीड़ित पिता ने थाने पर पहुंचकर कलयुगी पुत्र के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल में एक 26 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई परिजनों ने पति सहित ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। कस्बा झिंझाना के मोहल्ला चंदनपुरी निवासी रियाजुद्दीन की पुत्री गुलशना की नो वर्ष पूर्व कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी जावेद के साथ शादी हुई थी। शनिवार को गुलशना की घर पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता की मौत की सूचना पाकर विवाहिता के परिजन भी पहुंच गए और घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और विवाहिता के परिजनों सहित ससुरालयों से पूछताछ की।

विवाहिता के परिजनों ने पति जावेद सहित ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक विवाहिता के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो रोकरम बुरा हाल है। मृतक विवाहिता





अपने पीछे अपने तीन बच्चे रोते बिलखते छोड़ गई जिसमे दो लड़की वह एक लड़का है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि महिला की मौत का कारण स्पष्ट नहीं है शव पीएम के लिए भेज दिया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणो का पता चल पाएगा। परिजनों द्वारा कोई भी तहरीर नहीं दी गई तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 175619 वादों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 175619 वादों का निपटारा किया गया। इस दौरान चार करोड़,37 लाख, 29 हजार व 464 रूपए की धनराशि का सेटलमेंट किया गया।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली व उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में शनिवार को जनपद न्यायाधीश इंदर प्रीत सिंह जोश द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ कैराना स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में दीप प्रज्वलन करके किया गया, जिसमें समस्त न्यायिक अधिकारीगण तथा बैंक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव प्रतिभा ने बताया कि राष्ट्रीय



लोक अदालत में जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा 4 मामले, प्रधान न्यायाधीश-पारिवारिक न्यायालय द्वारा 48 मामले, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट विशेष शामली न्यायालय द्वारा 247 मामले, अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश पोक्सो शामली द्वारा 3 मामले,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वारा 5 मामले, मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट शामली न्यायालय द्वारा 349 मामले, अपर मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट कैराना द्वारा 926, सिविल जज सी डि एसीजेएम शामली द्वारा 709, सिविल जज सी डि एसीजेएम कैराना द्वारा 731,सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायायिक मजिस्ट्रेट शामली द्वारा 769,सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी शामली द्वारा 712, सिविल जज जूनियर डिवीजन कैराना द्वारा 855, अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन

जनपद न्यायाधीश इंदर प्रीत सिंह जोश ने दीप प्रज्वलित करके राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया 43729464 रूपए की धनराशि का हुआ सेटलमेंट



कोर्ट नम्बर 1 कैराना द्वारा 714 मामलों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार जनपद शामली स्थित समस्त न्यायालयों के द्वारा 6054 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें कुल 7497385 रुपये का सेटलमेंट किया गया। राजस्व न्यायालयों द्वारा कुल 168830 मामलों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया,जिसमें 59000 रुपए की धनराशि का सेटलमेंट किया गया। इसके अलावा बैंकों से सम्बन्धित 735 प्री-लिटीगेशन वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें कुल 36173079 रूपए की धनराशि का सेटलमेंट हुआ। इस प्रकार जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष शामली इंदर प्रीत सिंह जोश के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान 175619 वादों का निस्तारण किया गया,जिसमें कुल 4,37,29,464 रूपये की राशि का सेटलमेंट हुआ।

प्रभारी सचिव आंचल कसाना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली ने राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन पर सभी का आभार व्यक्त किया।

**लोक अदालत में तीन वैवाहिक दंपतियों का कराया मिलाप**

जनपद न्यायाधीश इंदर प्रीत सिंह जोश व प्रधान न्यायाधीश परिवारिक न्यायालय बिजेश शर्मा ने तीन वैवाहिक दंपतियों का पारिवारिक वादों का समझौता कराया। इस दौरान वैवाहिक दंपतियों ने एक दूसरे के गालों में मालाएं पहनाई और खुशी खुशी अपने घरों को रवाना हो गए।

## विधवा से मारपीट, पिता-पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** हाजीपुर दुगड्डा निवासी विधवा महिला खतीजा पत्नी हनीफ ने बताया कि उसके पड़ोस के जमशेद वह उसका पुत्र जैद पीड़ित से रंजिश रखते हैं। रंजिश में आए दिन पिता पुत्र पीड़िता के साथ अभद्र व्यवहार व गाली-गलौज करते रहते हैं। पीड़िता का आरोप है कि विगत शुक्रवार को पीड़ित अपने घर पर बैठी हुई थी तभी उसके पड़ोसी पिता-पुत्र पीड़िता के घर में घुस आए और आते ही गाली -गलौज करनी शुरू कर दी। जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपियों ने जमकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित विधवा महिला की तहरीर पर पिता-पुत्र के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## भाजपा नेता के पुत्र से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** इस्लामपुर घसौली निवासी बदरू खान कई वर्षों से भाजपा का कार्यकर्ता है। भाजपा नेता बदरू खान ने शनिवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि विगत शुक्रवार को उसका पुत्र समद गांव के ही अपने साथी सुहेल के साथ बाइक पर सवार होकर अपने गांव में आ रहा था। पीड़ित का आरोप है कि तभी बाइक पर सवार होकर आधा दर्जन से अधिक युवक आए और आरोपियों ने उसके पुत्र व उसके साथी को कस्बे के घसौली स्टैंड पर पकड़ लिया और मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग भी मौके पर आ गए आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने जाते-जाते तीन युवकों को पहचान लिया जो कि क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत के रहने वाले हैं। पीड़ित के अनुसार उसका कई दिन पूर्व है एक युवक के साथ मोबाइल पर फोटो लगाने को लेकर विवाद हुआ था उसी रंजिश को लेकर आरोपियों ने मारपीट की है। भाजपा नेता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### जिला परिषद चुनाव को लेकर बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को शहर के विश्वकर्मानगर स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय पर जिला परिषद चुनाव को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कांग्रेस पार्टी जनपद शामली की सभी 19 जिला परिषद वार्डों में अपने चुनाव चिन्ह (सिंबल) पर प्रत्याशी उतारेगी। बैठक को संबोधित करते हुए सहारनपुर कोर्डिनेटर एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जिला परिषद चुनाव मजबूती के साथ लड़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी गरीब, नौजवान, व्यापारी, किसान और ग्रामीणों की आवाज को सड़क से लेकर संसद तक बुलंद कर रहे हैं। अब समय है कि कांग्रेस की विचारधारा को हर गांव और हर वर्ग तक पहुंचाया जाए। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आ]वान किया कि वे गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित करें और कांग्रेस की नीतियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी दें। ओमप्रकाश शर्मा ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस सभी 19 वार्डों में अपने प्रत्याशी उतारेगी और मजबूत कांग्रेस विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ताओं का पैनल बनाकर प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा। बैठक में बाबू खान, प्रवीण तरार, ओमवीर उपाध्याय, शेखरपाल, अश्वनी शर्मा, बिजेन्द्रपाल वर्मा, आदेश कश्यप, लोकेश कटारिया, अश्वनी कौशिक, रविन्द्र आर्य, ईशु शर्मा, सोहिल धीमान, साजिद सैफी, सुरेश पाल सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।

# थाना आदर्शमंडी पुलिस पर किसानों का शोषण किए जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भाकियू पदाधिकारियों ने थाना आदर्शमंडी पुलिस पर किसानों का शोषण किए जाने का आरोप लगाते हुए थाने परिसर में धरना प्रदर्शन किया। उन्होने पुलिस का घेराव करते हुए गंभीर आरोप लगाए है। कई मामलों में पुलिस पर कार्यवाही न करने और किसानों से ट्रेक्टर लूट के मुकदमे को चोरी में दर्ज करने का आरोप लगाया है।

शनिवार को भाकियू के दर्जनों पदाधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल खाटियान, जिलाध्यक्ष सांता प्रधान के नेतृत्व में थाना आदर्शमंडी पहुंचे, जहां उन्होने पुलिस पर किसानों का उत्पीडन किए जाने और उनकी कोई सुनवाई न किए जाने का आरोप लगाते हुए दरा बिछाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होने पुलिस का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी की और कई गंभीर आरोप लगाए। धरने को संबोधित करते हुए कपिल खाटियान ने बताया कि चरथावल के बिरालसी निवासी किसान सुधीर पुत्र राजपाल गत एक सितंबर को अपनी ट्रेक्टर ट्राली में



मुंजी लेकर करनाल जा रहा था। शहर के सहारनपुर रोड़ स्थित साई मंदिर के निकट बदमाशों ने मारपीट करते हुए ट्रेक्टर लूट लिया था, जिसमें पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर ट्रेक्टर बरामद किया था, लेकिन पुलिस ने मुकदमा चोरी में दर्ज किया।

जिससे किसान को कोर्ट कचेरी के चक्कर काटकर आर्थिक नुकसान का भी सामना करना पडा। इसके अलावा कस्बा बनत निवासी राजबीर सिंह पुत्र धर्मवीर सिंह द्वरा इलाहबाद कोर्ट से जमीन पर कुर्रो से पूर्व की भांति जमीन पर कब्जा करने के आदेश दिए गए, लेकिन थाना आदर्शमंडी पुलिस झूठी शिकायत के आधार पर किसान की छह बीघा जमीन पर खेती नही करने दे रही है।

वही उन्होने बताया कि शामली के मौहल्ला रेलपार कुडाना रोड निवासी अक्षय निर्वाल पुत्र देवेन्द्र सिंह निर्वाल से 14700 रूपये की ऑन लाईन ठगी के मामले में पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाया। उन्होने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी को भाकियू पदाधिकारी फोन करते है तो वह उनके साथ दुर्व्यावहार करते है और फोन नही उठाते है। भाकियू पदाधिकारियों के धरने के बीच एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ अमरदीप मौर्य भी पहुंचे। जिन्होने किसानों को समझा बुझाकर शांत किया। एएसपी ने आश्वासन दिया कि ट्रेक्टर लूट वाले मामले में धाराऐं बढाई जाएगी, कुर्रे बंदी की जांच सीओ सिटी करेगे और किसान से ऑन लाईन ठगी के मामले में मुकदमा दर्ज कर जल्द ही कार्यवाही की जाएगी।

साथ ही भाकियू पदाधिकारियों को हर थाने में सम्मान दिया जाएगा। जिसके बाद भाकियू पदाधिकारी शांत हुए और धरना खत्म कर दिया गया। धरने की अध्यक्षता बाबा रण कुमार व संचालन विदेश मलिक ने किया। मौके पर जिलाध्यक्ष सांता प्रधान, युवा जिलाध्यक्ष मोहित शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप पंवार, मास्टर जाहिद, गौतम पंवार, पुष्कर सैनी, गयूर अली, सतबीर मूछ, मांगेराम, देवराज पहलवान आदि मौजूद रहे।

# गुघाल में दंगल का पांचवा दिन, पहलवानों ने दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर का ऐतिहासिक मेला गूगाल का दंगल पांचवें दिन पूरी रौनक पर रहा। अखाड़े में उतरे पहलवानों ने अपने दमखम से दर्शकों का दिल जीत लिया। शाम 4 बजे से ही हजारों की भीड़ दंगल देखने पहुंची और दांव.पेंच पर तालियों की गूंज चारों ओर सुनाई दी।

इस दिन के मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। कई पहलवानों ने शानदार खेल दिखाया। अधिकांश कुश्तियां बराबरी पर छूटीं, वहीं एक बड़े मुकाबले में जीत का सेहरा बंधा। सौरव पहलवान दहा की कुश्ती नसीम पहलवान कैराना के साथ हुई जिसकी इनाम राशि 2100 रूपए थी और दोनो पहलवान बराबर रहे।

वक्कार पहलवान गंगोह उधम सिंह पहलवान दाहा के बीच इनाम 2100 रूपए के साथ हुई कड़े संघर्ष के बाद दोनो पहलवान बराबर रहे। मोईन पहलवान झाड़वान अंसार पहलवान गंगोह के बीच हुई जिसकी इनाम राशि 1500 रूपए थी जो बराबरी पर छूटी। जाकिर पहलवान जलालाबाद आकिल पहलवान दहा के बीच 1500 रूपए इनाम की कुश्ती हुई जो कड़े मुकाबले के बाद बराबरी पर छूटी।ग"यूर बापोंली बनाम किशन दहा 3100 रूपए इनाम के साथ हुई।ग"यूर बापोंली ने किसान दहा को कड़े संघर्ष में पछाड़कर जीत अपने नाम की और दर्शकों से जोरदार तालियां बटोरीं।मेले की कमेटी की ओर से सभी पहलवानों को नकद इनाम और सम्मान प्रदान किया गया। आयोजकों ने कहा कि मेला गूगाल का दंगल गांव.नगर की खेल संस्कृति का प्रतीक है और इसका उद्देश्य युवाओं को पारंपरिक खेलों से जोड़ना है।

### समाधान दिवस में जमीन संबंधी तीन प्रार्थनापत्रों में दो का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** शासन के निर्देशानुसार थाना भवन थाने में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भवन क्षेत्र अधिकारी जितेंद्र सिंह यादव ने की। समाधान दिवस पर जमीन संबंधी कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के लिए संबंधित हल्का लेखपाल को पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर जांच कर निस्तारण करने के आदेश दिए गए। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि शासन की मंशा है कि आम जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि पीड़ित पक्ष को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। कार्यक्रम थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत, अपराध निरीक्षक राहुल सिसोदिया, लेखपाल जितेंद्र, भूपेंद्र, अंकुर, वासु कटारिया सहित हल्का इंचार्ज व राजस्व टीम सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# साल्हापुर यमुना में मिले शव का पांच दिन बाद किया अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** बीते आठ सितम्बर को साल्हापुर के यमुना तट पर मिले शव का पोस्टमार्टम के बाद शामली के एक एनजीओं द्वारा पुलिस की मौजूदगी मे अन्तिम संस्कार कर दिया गया। शव की पहचान नही हो सकी। चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव साल्हापुर में बीतें आठ सितम्बर को यमुना नदी के तट पर लावारिश अवस्था मे नग्न शव मिला था। खेतो मे लकडी बीन्ने वाली महिलाओं ने नग्न शव के देखकर ग्रामीणों को सूचना दी थी। जानकारी मिलते ही चौसाना व झिंझाना पुलिस के साथ फोरेंसिक की टीमें भी मौके पर पहुँची थी और शव को पडताल करके पंचनामा भरा गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया गया था। शुक्रवार तक शव की पहचान नही हो सकी थी,जिसके बाद शामली के एक एनजीओ के सहयोग से पुलिस ने शव का अन्तिम संस्कार करा दिया। चौकी प्रभारी खूब सिंह ने बताया कि शव के सम्बंध मे कोई जानकारी नही मिली है। अलग अलग माध्यम से लापता लोगो के सम्बंध मे जानकारी जुटाई जा रही है। वही दूसरी ओर पुलिस के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त नही हो सकी।



थानाभवन। दंगल में जोर-आजमाइश करते पहलवान। छाया शाह टाइम्स

### मोदी के जन्मदिन से बापू के जन्मदिन तक भाजपा चलाएगी सेवा पखवाड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भाजपा युवा मोर्चा की संगठनात्मक जिला बैठक भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रवासी सिद्धार्थ युगल ने बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक भाजपा सेवा पखवाड़ा अभियान चलाएगी। इसके अंतर्गत युवा मोर्चा 17 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा, जिसमें पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता रक्तदान करेंगे और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इसके अलावा मंडल स्तर पर मेडिकल कैंप आयोजित किए जाएंगे। अभियान के दौरान 21 सितंबर को नमो मैराथन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवाओं को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आने वाले दिनों में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। जिलाध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा ने कहा कि युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता परिश्रम और आपसी सहयोग से सेवा पखवाड़े के सभी कार्यक्रमों को सफल बनाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री विनीत बालियान, जिलाध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष तेजस्वी पवार, गौरव विश्वकर्मा, कौशिन्द्र पुंडीर, सन्नी शर्मा, सौरभ खैवाल, सचिन चौहान, पारस भारद्वाज, अंकित सैनी, वैभव शर्मा, अनुज धानिया आदि मौजूद रहे।

# स्कूल संचालकों की बैठक में यू-डीआईएसई पोर्टल-आरटीई मुद्दों पर हुआ विचार-विमर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** महाराजा अग्रसेन जूनियर हाई स्कूल, गढ़ी हसनपुर में स्कूल संचालकों की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न निजी विद्यालयों के प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य यू-डीआईएसई पोर्टल पर सभी आवश्यक जानकारी पूर्ण रूप से अपडेट करना, ड्रॉपबॉक्स को खाली करना और आरटीई पोर्टल से जुड़ी तकनीकी व प्रशासनिक समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। इस मीटिंग में उ0प्र0 मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ ईकाई ब्लॉक ऊन मे शामिल करीब बीस स्कूल संचालकों व प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता योगेश गौतम द्वारा की गई। उन्होंने उपस्थित सभी स्कूल प्रतिनिधियों से अपील की कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर यू-डीआईएसई पोर्टल के सभी सेक्शन भरें, जिससे शिक्षा विभाग को आवश्यक आंकड़े समय पर प्राप्त हो सकें। साथ ही यह भी कहा गया कि ड्रॉपबॉक्स में अनावश्यक दस्तावेजों को हटाकर केवल आवश्यक कागजात ही अपलोड करें ताकि सिस्टम की गति व संचालन में कोई बाधा न



आए। आरटीई पोर्टल से संबंधित कई समस्याएं जैसे छात्रों का सत्यापन, पोर्टल पर गलत जानकारी, और भुगतान में हो रही देरी पर भी चर्चा की गई। संचालन समिति ने इन समस्याओं को जिलास्तर पर उठाने और समाधान हेतु एक ज्ञापन तैयार करने का निर्णय लिया। बैठक में संगठन की प्रगति, सदस्यता शुल्क की अदायगी और आगामी शैक्षिक सत्र की योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अंत में सभी स्कूलों को निर्देशित किया गया कि वे संगठन के दिशा-निर्देशों का पालन करें और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सहयोग करें।बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई और सभी प्रतिभागियों ने संगठनात्मक एकता को बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस दौरान प्रधानाध्यापक महाराजा अग्रसेन जू0हाई0 स्कूल से रामधन जी,गोल्ड की पब्लिक स्कूल संदीप सैनी,एसडीएम चौसाना से योगेश गौतम,आंचल मोहन गर्ग,जुगल किशोर खोडसमा,अश्वनी शर्मा लव्वा,रविन्द्र कुमार शामली शामला,जग रोशन शर्मा लक्ष्मीपुरा आदि मौजूद रहे।

## स्कूल- कॉलेज के बाहर चलाया एंटी रोमियो व साइबर जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** थाने की महिला कांस्टेबल के द्वारा स्कूल एवं कॉलेज के बाहर छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव और एंटी रोमियो कानून के तहत उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान के दौरान छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराए गए और पंपलेट वितरित किए गए।महिला कांस्टेबल मिथिलेश ने बताया कि यह अभियान सरकार की योजनाओं के अनुरूप चलाया जा रहा है, ताकि समाज में विशेषकर युवा वर्ग को सुरक्षित और सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए छात्र-छात्राओं को इंटरनेट पर सुरक्षित रहने के उपाय भी समझाए गए।इस दौरान छात्राओं ने भी जागरूकता कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुलिस प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि छात्राएं बिना भय के सुरक्षित रूप से शिक्षा प्राप्त कर सकें।हेल्पलाइन नंबर एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी पंपलेट के माध्यम से वितरित की और बताया कि समय पढ़ने पर हेल्पलाइन नंबरों की मदद लेकर अपनी सुरक्षा कर सकती है।

## ट्रेक्टर रिपेयर को लेकर मारपीट और जातिसूचक गालियों की तहरीर पर पुलिस ने की जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे में एक व्यक्ति ने अपने साथ हुई मारपीट और जातिसूचक गालियों का आरोप लगाते हुए पुलिस चौकी में तहरीर दी है। आरोपी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

चौसाना निवासी संजय पुत्र चतर सिंह ने बताया कि वह अपने ट्रेक्टर की रिपेयरिंग कराने के लिए नईम व फरमान निवासी चौसाना के पास गया था। वहां कुछ व्यक्तियों ने उसके साथ गाली गलोच की और हाथापाई की। साथ ही उसे जातिसूचक अपशब्द कहकर अपमानित किया गया। प्रार्थी ने पुलिस चौकी चौसाना में तहरीर दी और न्याय की गुहार लगाई। चौकी प्रभारी ने बताया कि प्रार्थी की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है। आरोपों की सत्यता का पता लगाया जाएगा। यदि आरोप सही पाए गए, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### सड़क निर्माण के दौरान दो पक्षों में मारपीट एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी बबलू ने बताया कि उनकी गली काफी दिनों से जर्जर हो गई थी जिस पर बरसात होते ही कीचड़ फैल जाता है। पीड़ित के द्वारा ग्राम प्रधान से मांग की गई थी कि सड़क बनवाई जाए। शनिवार को सड़क निर्माण के लिए ग्राम प्रधान द्वारा निधि से सड़क पर मिट्टी भराव का कार्य कराया जा रहा था। पीड़ित का आरोप है कि तभी पड़ोसी मिंटू पक्ष के द्वारा सड़क बनाई जाने का विरोध करते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। पीड़ित के द्वारा सड़क बनवाई जाने का हवाला देकर निर्माण कार्य कराने का प्रयास किया गया तो आरोपी ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर पीड़ित के साथ लाठी डंडों से मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मीनाक्षी, जैस्मीन और नूपुर फाइनल में

**लिवरपूल, वार्ता।** जैस्मीन (57 किग्रा) ने वेनेजुएला की ओमैलिन कैरोलिना अल्काला सेगोविया को 5-0 से हराकर लिवरपूल में 2025 विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह पहली भारतीय बन गई हैं। जैस्मीन के बाद नूपुर (80 किग्रा) ने तुर्की की दुजतास सेयमा को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इन दोनों की कामयाबी के बाद मीनाक्षी (48 किग्रा) ने मंगो. लिया की लुत्सैखान को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

### महाराज ग्रोइन चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 मैचों से बाहर

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर केशव महाराज इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के बाकी बचे दो मैचों से बाहर हो गए हैं, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को घोषणा की। महाराज को ग्रोइन में चोट लगी है। 30 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर ब्योर्न फोर्टुइन, जिन्होंने आखिरी बार सितम्बर 2024 में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला था, को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है।

### साल्ट के विस्फोटक 141 रन, इंग्लैंड की रिकॉर्ड जीत

**मैनचेस्टर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड का मुकाबला रिकॉर्ड तोड़ने वाले तमाशे में बदल गया, जहां बाउंड्रीज की बरसात हुई, कई यादगार पल टूटे और इतिहास की किताबें पल-पल बदलती रहीं। मेजबान टीम ने शुक्रवार रात 304/2 का स्कोर बनाया, जो पुरुषों के टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में किसी पूर्ण सदस्य देश द्वारा बनाया गया।

● दुबई अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में चिरस्थायी प्रतिद्वंद्विता का एक और अध्याय लिखा जाएगा आज ●

# भारत-पाक के बीच आज होगा महासंग्राम

**दुबई, वार्ता।** भारत-पाक मैच में कुछ खास होता है। दिन भर उत्सुकता धीरे-धीरे बढ़ती है, और जब तक खिलाड़ी मैदान पर उतरते हैं, तब तक माहौल उम्मीदों से भर जाता है।

रविवार शाम, दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में, प्रशंसक इस चिरस्थायी प्रतिद्वंद्विता का एक और अध्याय देखेंगे, और यह मुकाबला कौशल और साहस दोनों से ही गढ़ा हुआ होने का वादा करता है। भारत के लिए, ध्यान उनकी गेंदबाजी पर होगा। कुलदीप यादव एक ऐसे गेंदबाज के रूप में परिपक्व हो गए हैं जिनके पास असाधारण नियंत्रण और विविधता है। यूएई के खिलाफ उनका स्पैल इस बात की याद दिलाता है कि धैर्य के साथ कलाई की स्पिन कितनी प्रभावी हो सकती है। वरुण चक्रवर्ती बल्लेबाजों के लिए एक अलग तरह की पहेलियां लेकर आते हैं, और अक्षर पटेल की निरंतर सटीकता उनकी चतुराई का पूरक है। दूसरी तरफ जसप्रीत बुमराह हैं, एक ऐसा गेंदबाज जो पारी के हर चरण में अपने कप्तान को विकल्प देता है-नई गेंद से, बीच के ओवरों में, और आखिरी क्षणों में जब दबाव में स्पष्टता की सबसे ज्यादा जरूरत होती है।

भारत की बल्लेबाजी भी कम आशाजनक नहीं है। युवा अभिषेक शर्मा ने पावरप्ले में बढ़त हासिल करने की क्षमता दिखाई है, जबकि शुभमन गिल का शांत स्वभाव दूसरे छोर पर आश्वस्त करने वाला है। सूर्यकुमार यादव अपने स्ट्रोक्स की विविधता के साथ एक बार फिर टीम की धुरी होंगे, जिनका साथ तिलक वर्मा, संजू सैमसन, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे और अक्षर पटेल देंगे। यह एक ऐसा लाइनअप है जो परिस्थिति के अनुसार




ढल सकता है, चाहे इसके लिए कड़ी मेहनत की जरूरत हो या अचानक तेजी की। पाकिस्तान अपनी तांकतें लेकर आएगा। फखर जमान में बड़े मौकों पर अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता है, और सैम अयूब का क्रीज पर संतुलन उन्हें एक बेहतरीन विकल्प बनाता है। मोहम्मद हारिस मध्यक्रम में एक ऊर्जावान खिलाड़ी हैं। गेंद से, मोहम्मद नवाज और अबरार अहमद भारत की प्रगति को धीमा करने में सक्षम हैं, जबकि शाहीन अफरीदी और हारिस रऊफ गति और लस्वग से खतरनाक बने हुए हैं। दुबई की पिच अक्सर उन लोगों को फायदा पहुंचाती है जो इसे समझने में समय लगाते हैं। शुरुआत में, गेंद तेज गेंदबाज़ों के लिए थोड़ी हिल सकती है, लेकिन एक बार सतह स्थिर हो जाने पर, स्ट्रोक खेलना आसान हो जाता है। अगर स्पिनर अनुशासन बनाए रखते हैं, तो उन्हें अपने काम में मजा आएगा, और हमेशा की तरह, ओस की संभावना कप्तानों को पहले बल्लेबाजी करने या लक्ष्य का पीछा करने के बारे में सावधानी से सोचने पर मजबूर करेगी। इन दोनों टीमों के बीच मैच शायद ही कभी सीधे होते हैं। एक पल की चमक या एकाग्रता की कमी खेल की दिशा बदल सकती है। अपनी गेंदबाजी में अनुभव और विविधता के साथ, भारत थोड़ी बढ़त के साथ शुरुआत करता है, लेकिन टी-20 क्रिकेट में, और खासकर इस मुकाबले में, भविष्यवाणियां हमेशा अनिश्चित होती हैं। प्रशंसक इस बात को लेकर निलश्चत हो सकते हैं कि कल की शाम उन्हें उस खेल का आनंद लेने का एक और कारण देगी जिसे वे सभी पसंद करते हैं, जो कौशल, तीव्रता और आपसी सम्मान के साथ खेला जाता है।

**भारत की संभावित प्लेइंग इलेविन:** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), दुबे, पांड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप, बुमराह, वरुण

**पाक की संभावित प्लेइंग इलेविन:**-सईम अयूब, साहिबजादा फरहान, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), फखर जमान, सलमान आगा (कप्तान), हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, फहीम, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ/सुफियान मुकीम, अबरार अहमद



## स्वर्ण पदक से एक जीत दूर सात्विक-चिराग

हांगकांग, वार्ता। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने ली-निंग हांगकांग ओपन 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जो इस साल का उनका पहला फाइनल है। स्मैश ब्रदर्स की इस जोड़ी ने चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन और लिन लबग-वेई को केवल 38 मिनट में 21-17, 21-15 से हरा दिया। भारत की दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता जोड़ी अब फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से भिड़ेगी। भारतीय जोड़ी अब स्वर्ण पदक जीतने से एक कदम दूर रह गयी है।

## नई पीढ़ी के सामने पुराना रोमांच पैदा करने की चुनौती

**● दोनों टीमें इस एशिया कप में नई पीढ़ी के सितारों के साथ मैदान पर उतरेंगी, पिछले कुछ सालों में भारत ने पाक पर अपना दबदबा बना रखा है**

**दुबई, वार्ता।** एशिया कप 2025 का सबसे बड़ा मैच भारत बनाम पाकिस्तान आज दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों टीमों ने अपने टूर्नामेंट की शुरुआत जीत के साथ की है।

भारत ने अपने पहले मैच में यूएई टीम को 9 विकेट से हराया है तो पाकिस्तान ने अपने पहले मैच में ओमान टीम के खिलाफ 93 रन से बड़ी जीत दर्ज की है। दोनों टीमें इस एशिया कप में नई पीढ़ी के सितारों के साथ मैदान में उतरेंगी। पुराने दिग्गज जैसे विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा पाकिस्तान के तरफ से बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान इस बार खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच हमेशा हाई वोल्टेज मुकाबले देखने को मिले है लेकिन पिछले कुछ सालों में भारतीय टीम ने पाकिस्तान के ऊपर दबदबा बनाए रखा है। यह दोनों टीमें इस साल चैंपियन ट्रॉफी के बाद फिर से आमने-सामने होगी। दोनों टीमों की कोशिश टूर्नामेंट में अपनी दूसरी दर्ज करने के ऊपर रहेगी। भारत बनाम पाकिस्तान के बीच खेले गए पिछले 10 मैचों के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो भारतीय टीम ने पाकिस्तान के ऊपर अपना दबदबा कायम रखते हुए 7 मैच जीते हैं।

### इन पर रहेंगी नजरें

अभिषेक शर्मा ने पिछले मैच में दिखाया था कि वह किस कदर की आक्रामक बल्लेबाजी कर सकते हैं। अभिषेक के आने से भारतीय टीम के प्रदर्शन में और भी अधिक सुधार आया है। वह टीम के एक अहम खिलाड़ी बन गए हैं। दूसरी ओर पाकिस्तान के नए तूफानी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस पर भी नजरें होंगी।

शुरुआती कुछ मैचों में ही उन्होंने दिखाया है कि वह बेहद ही आक्रामक बल्लेबाजी करने का हुनर रखते हैं। बतौर विकेटकीपर भी वह टीम के लिए अहम योगदान देते दिखे हैं।

### मौसम और पिच रिपोर्ट

एशिया कप का यह हाई वोल्टेज मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जाएगा। इस मैच में मौसम थोड़ा गर्म रह सकता है। तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक जाने की उम्मीद है तथा ह्यूमिडिटी 61प्रतिशत तक रहेगी। इस मैच में बारिश होने की संभावना काफी कम है। कुल मिलाकर एक टी-20 मैच के लिए अच्छा वातावरण है। इस मैदान पर अभी तक खेले गए मैचों में पिच काफी संतुलित नजर आई है। स्पिनर्स ने इस पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत ने यूएई के खिलाफ अपना पहला मैच इसी मैदान पर खेला है, जिसमें कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए थे। पाकिस्तान टीम ने भी ओमान के खिलाफ अपना पहला मैच दुबई मैदान पर ही खेला है। दोनों टीमों को पिच और मैदान के बारे में पर्याप्त जानकारी है। भारतीय टीम ने चैंपियन ट्रॉफी में भी अपने सभी मुकाबले दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेले थे जिससे टीम को इस मैच में फायदा मिल सकता है।

## पेरेज और डनफी ने टोक्यो विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण पदक

**● महिला वर्ग में गत चैंपियन पेरेज ने 35 किमी. पैदल चाल में लगभग शुरुआत से लेकर अंत तक 2:39:01 का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता**

**टोक्यो, वार्ता।** विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में स्पेन की एथलीट मारिया पेरेज ने 35 किलोमीटर पैदल चाल का अपना खिताब बरकरार रखा है तथा पुरुष वर्ग की इसी स्पर्धा में कनाडा के धावक इवान डनफी ने अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। 34 वर्षीय डनफी दौड़ के शुरुआती चरणों में धैर्यपूर्वक पीछा करने वाले समूह में बने रहे और 30 किलोमीटर के बाद मसातोरा कवानो और हयातो कात्सुकी की अग्रणी जापानी जोड़ी को पछाड़कर मेजबान टीम की नौ दिवसीय टूर्नामेंट में स्वर्णिम शुरुआत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जापान नेशनल स्टेडियम में हुई इस स्पर्धा में आखिरी लैप में यह कनाडाई धावक थोड़ा धीमा पड़ गया, लेकिन जल्द ही उसने स्वयं को संभाला और आगे बढ़ता गया और दो घंटे, 28 मिनट और 22 सेकंड में फिनिश लाइन को पार किया। ब्राजील के कैओ बोनफिम ने भी जापानी जोड़ी को पीछे छोड़ते हुए 2:28:55 का समय लेकर रजत पदक जीता, उनके बाद एशियाई खेलों की चैंपियन कात्सुकी ने 2:29:16 का समय लेकर कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग में गत चैंपियन पेरेज ने महिलाओं की 35 किमी पैदल चाल में लगभग शुरुआत से लेकर अंत तक 2:39:01 का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। इटली की एंटोनेला पाल्मिसानो, तीन मिनट से अधिक पीछे रहकर 2:42:24 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

## ईशा ने महिलाओं की एयर पिस्टल में जीता सोना

**ईशा ने महिलाओं की 10 मी. एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को प्रतियोगिता का पहला पदक दिलाया**

**निंगबो, वार्ता।** ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम पिस्टल विश्व चैम्पियन ईशा सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल, निंगबो (चीन) में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को प्रतियोगिता का पहला पदक दिलाया। निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में हुए फाइनल में ईशा ने मेजबान चीन की पसंदीदा और फॉर्म में चल रही याओ चियानसुन को मात्र 0-1 अंकों से पछाड़ा। वहीं, इस स्पर्धा की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन कोरिया की ओ येजिन को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पहली बार विश्व कप एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण जीतने के बाद ईशा ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं क्योंकि एयर पिस्टल वही स्पर्धा है जिससे मैंने शूटिंग की शुरुआत की थी। इसमें विश्व कप स्वर्ण जीतना मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। मेरे कुछ लक्ष्य पूरे होते देख अच्छा लग रहा है। आगे की चुनौतियों पर उन्होंने कहा कि इस साल का अगला बड़ा लक्ष्य विश्व चैम्पियनशिप है।

हम उसके लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और मुझे यकीन है कि काहिरा में भारतीय टीम का प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। फाइनल के दौरान मानसिकता पर बात करते हुए ईशा बोलीं कि हां, मुझे पता था कि भारत को अब तक कोई पदक नहीं मिला है और मुकाबले में विश्व स्तरीय निशानेबाज हैं। लेकिन मैं इन खिलाड़ियों के खिलाफ कई बार फाइनल खेल चुकी हूं और अब मुझे विश्वास है कि पिस्टल मेरे हाथ में है और असली लड़ाई मेरी खुद के साथ है। इसलिए मैं मैच को ज्यादा से ज्यादा एंजॉय करने की कोशिश करती हूं। ईशा और रिदम सांगवान ने 578 अंक बनाकर महिलाओं की एयर पिस्टल फाइनल के अंतिम दो स्थान हासिल किए। याओ चियानसुन 584 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं। वहीं, केवल रैंकिंग अंक के लिए खेल रही एशियाई खेलों की चैम्पियन पलक गुलिया ने शानदार 586 अंक बनाए, जो सभी से बेहतर था। भारत की तीसरी प्रतिभागी सुरभि राव 568 अंक बनाकर 25वें स्थान पर रहीं। आठ निशानेबाजों के फाइनल में ईशा और रिदम ने अच्छी शुरुआत की। पहले पांच शॉट के बाद रिदम शीर्ष पर थीं और ईशा दूसरे स्थान पर, जबकि हंगरी की पेरिस ओलंपिक पदक विजेता वेरोनिका मेजर पीछा कर रही थीं। दूसरी सीरीज के बाद ईशा 0-2 अंकों की बढ़त से शीर्ष पर आ गईं। रिदम पांचवें स्थान पर खिसक गईं और अंत तक उसी पर रहीं। सिंगल शॉट शुरू होने पर दबाव का असर ओलंपिक चैम्पियन ओ येजिन पर भी दिखा जब उन्होंने 11वें शॉट पर निचले 8 अंक लगाए। 12वें शॉट के बाद चीन की 19 वर्षीय ज़ेंग सबसे पहले बाहर हुईं। ईशा ने 13वें शॉट पर 10-8 का सटीक निशाना लगाया। रिदम ने भी 15वें शॉट पर 10-8 मारकर कुछ समय के लिए चौथे स्थान पर चढ़ाई की, लेकिन 18वें शॉट तक पहुंचते-पहुंचते उनका अभियान समाप्त हो गया। अंतिम छह शॉट्स में ईशा 1-1 अंकों से आगे थीं, लेकिन 19वें शॉट के बाद याओ ने अंतर घटाकर 0-6 कर दिया। ईशा ने दबाव झेलते हुए लगातार दो 10-7 लगाए और अंत तक 0-1 अंक की नजदीकी बढ़त बनाए रखी। उन्होंने 242-6 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दिन की दूसरी स्पर्धा, पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में, भावेश शेखावत 575 अंकों के साथ 22वें स्थान पर रहे। उनके हमवतन प्रदीप सिंह शेखावत भी समान स्कोर के साथ 23वें स्थान पर रहे।



## नवनीत कौर ने 200 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने की उपलब्धि हासिल की



**हांगझोऊ, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को भारतीय खिलाड़ी नवनीत कौर को महिला एशिया कप 2025 में जापान के खिलाफ सुपर 4 मैच में 200 अंतर्राष्ट्रीय मैच पूरे करने पर बधाई दी है।

नवनीत वर्तमान में चल रहे महिला एशिया कप 2025 में भारत के लिए दूसरी सबसे अधिक गोल करने वाली खिलाड़ी हैं। 29 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 2013 जूनियर महिला विश्व कप में जूनियर टीम को कांस्य पदक दिलाने में मदद करने के बाद 2014 में सीनियर टीम में पदार्पण किया था। तब से वह भारतीय महिला हॉकी टीम में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में से एक रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने हर बड़े वैश्विक टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर टीम के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

राष्ट्रमंडल खेलों में नवनीत ने बर्मिंघम में 2022 संस्करण में भाग लिया, जहां उन्होंने भारत को कांस्य पदक दिलाने में मदद की। वह एशियाई खेलों में टीम के यादगार अभियानों का भी हिस्सा थीं, जहां उन्होंने 2018 में जकार्ता-पालेमबांग में रजत पदक और 2022 में हांगझोऊ में कांस्य पदक जीता। इसके अलावा नवनीत उस भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं जिसने काकामिगाहारा में 2017 महिला एशिया कप में स्वर्ण पदक और बाद में मस्कट में 2022 संस्करण में कांस्य पदक जीता था।

## क्रिकेट के अलावा हमारे दिमाग में कुछ भी नहीं है: कोटक

**दुबई, वार्ता।** भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबले पर हमेशा लोगों को ज्यादा ध्यान रहता है, लेकिन एशिया कप 2025 में इन दोनों देशों के मुकाबले से दो दिन पहले तक फोकस सिर्फ क्रिकेट पर है। भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि बीसीसीआई और सरकार की अनुमति के बाद ही हम खिलाड़ी और कोच इस मुकाबले के लिए तैयार हैं। हम यहां खेलने के लिए आए हैं। यह एक टक्कर का मैच होगा। भारत-पाकिस्तान का मुकाबला हमेशा टक्कर का होता है। तो हम उसी पर फोकस करना चाहेंगे। शुक्रवार को भारत के अभ्यास सत्र से पहले कोटक से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान के खिलाफ मैचों का बहिष्कार करने की बातों के बीच सिर्फ क्रिकेट पर ध्यान देना मुश्किल होता है? भारत और पाकिस्तान के बीच राजनी. तिक रिश्ते तनावपूर्ण हैं, जो हाल के महीनों में और बिगड़े हैं। अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच सीमा पर तनाव बढ़ गया था। कोटक ने कहा कि सच कहूं तो मुझे ऐसा नहीं लगता। जब हम खेलने आते हैं, मुझे लगता है कि खिलाड़ी सिर्फ क्रिकेट खेलने पर फ़ोकस करते हैं। मुझे नहीं लगता कि उनके दिमाग में क्रिकेट के अलावा कुछ और होता है और हम भी उसी पर फ़ोकस करते हैं। दूसरा बड़ा मुद्दा भारत के बल्लेबाजी क्रम का है और सवाल है कि संजू सैमसन 5 या 6 नंबर पर सफल हो पाएंगे या नहीं? कोटक ने साफ कर दिया कि ओपनर्स और नंबर 3 के बारे में साफ सोच है लेकिन बाकी बल्लेबाजी लचीली है और खिलाड़ी उसी हिसाब से तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप हमारी बैटिंग लाइन-अप देखें तो हर कोई किसी भी नंबर पर जाकर मैच खत्म कर सकता है। हमारे पास चार-पांच आक्रामक खिलाड़ी हैं, जिन्हें प्रमुख कोच या कप्तान, स्थिति के हिसाब से भेजते हैं।

## हरभजन की बीसीसीआई प्रमुख की दौड़ में शामिल होने की अटकलें



**● हरभजन ने अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है, जिससे उनकी संभावित रूचि को लेकर अटकलें लगाई जा रही है**

**मुंबई, वार्ता।** दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बाद अब स्पिनर हरभजन सिंह का नाम भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के शीर्ष पद के लिए जोड़ा जा रहा है। तें. दुलकर पहले ही इस दौड़ में शामिल होने से इनकार कर चुके हैं, लेकिन हरभजन ने अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है, जिससे उनकी संभावित रुचि को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। पंजाब क्रिकेट संघ (पीसीए) द्वारा 45 वर्षीय पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह को नामांकित किए जाने से इस ताजा चर्चा में कुछ दम नजर आ रहा है। नामांकन आधिकारिक रूप से दाखिल होने के बाद ही तस्वीर साफ होगी, क्योंकि केवल राज्य संघ द्वारा समर्थित उम्मीदवार ही चुनाव लड़ने के पात्र हैं। हरभजन ने सभी प्रारूपों में 367 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले है। सत्तारूढ़ भाजपा का बीसीसीआई के कामकाज पर काफी प्रभाव है और यह सरकार खेल संस्थाओं में शीर्ष पदों के लिए अनुभवी खिलाड़ियों को प्राथमिकता देने के लिए जानी जाती है। गांगुली और रोजर बिन्नी, दोनों पूर्व भारतीय अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, सत्तारूढ़ पार्टी की खिलाड़ी-प्रथम नीति के कारण ही बीसीसीआई अध्यक्ष बने चुके है। हरभजन ने क्रिकबज के फोन और संदेशों का जवाब नहीं दिया। उम्मीदवारों के इन पदों के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद सच्चाई सामने आ जाएंगी। बीसीसीआई के चुनाव अधिक. ारी एके जोति के अनुसार, नामांकन विंडो 20 और 21 सितम्बर तक खुली रहेगी और चुनाव 28 सितम्बर को होंगे। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव होना है। ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक के हालिया रुझानों को देखते हुए मौजूदा अध्यक्ष देवजीत, प्रभतेज सिंह भाटिया व रोहन के क्रमशः सचिव, कोषाध्यक्ष व संयुक्त सचिव पद पर बने रहने की उम्मीद है।

# भ्रष्टाचार रोकेगा अल्बानिया में AI मिनिस्टर

## अल्बानिया दुनिया का पहला ऐसा देश बना, जिसके पास एक पिक्सल और कोड से बने एआई मंत्री



**पीएम बोलेः सरकारी ठेकों पर नजर रखेगी, विपक्ष ने कहाः यह पब्लिसिटी स्टंट, संविधान के खिलाफ**

**तिराना।** अल्बानिया दुनिया का पहला ऐसा देश बन गया है जिसके पास एक एआई मंत्री है। यह कोई इंसान नहीं, बल्कि पिक्सल और कोड से बनी एक वर्चुअल मंत्री है, जो पूरी तरह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मुताबिक काम करती है। प्रधानमंत्री एडी रामा ने हाल ही में चौथी बार चुनाव जीतने के कुछ महीनों बाद डिएला को अपने कैबिनेट में शामिल किया है।

डिएला को सरकारी फंडिंग प्रोजेक्ट्स और पब्लिक टेंडरों में भ्रष्टाचार रोकने की जिम्मेदारी दी गई है। विपक्ष ने इसकी आलोचना की है। डेमोक्रेटिक पार्टी ने कहा कि यह एक पब्लिसिटी स्टंट है और संविधान के खिलाफ भी है। अल्बानियाई भाषा में डिएला नाम का मतलब 'धूप' या 'सूरज' होता है। डिएला इससे पहले भी अल्बानिया में काम कर चुकी है। वह एक एआई-आधारित वर्चुअल असिस्टेंट थी, जो नागरिकों को सरकारी दस्तावेज पाने में मदद करती थी। यानी कि अल्बानियाई नागरिक पहले से ही डिएला से परिचित हैं। रामा का दावा है कि डिएला ने ई-अल्बानिया प्लेटफार्म पर दस लाख से ज्यादा लोगों की मदद की। लेकिन अब उनका इरादा है कि डिएला को एक साधारण चैटबाट से कहीं आगे ले जाकर सरकारी कामकाज का अहम हिस्सा बनाया जाए। डिएला पहली बार 19 जनवरी 2025 को लॉन्च हुई थी। उसे अल्बानिया की डिजिटल सेवा प्लेटफार्म ई-अलबानिया में वर्चुअल असिस्टेंट के रूप में पेश किया गया।

**सरकारी डेटा लीक नहीं करेगी**

डिएला रामा कहते हैं कि बड़ी-बड़ी विकसित अर्थव्यवस्थाएं अभी भी पुराने तरीकों पर अटकी हैं, जबकि अल्बानिया इस पहल के जरिए एक छलांग लगा सकता है। रामा ने कहा कि उनका मकसद अल्बानिया को ऐसा देश बनाना है जो पूरी तरह करप्शन फ्री हो। एआई मंत्री बनाना एक प्रतीकात्मक कदम है क्योंकि अल्बानिया के संविधान के मुताबिक मंत्री बनने के लिए इंसान का वयस्क और सक्षम होना जरूरी है। लेकिन फिर भी, एक इंसान की बजाय एआई को चुनने के कई फायदे बताएं जा रहे हैं। डिएला कभी सरकारी रहस्य लीक नहीं करेगी, न ही भ्रष्टाचार या खर्च घोटालों में फंसेगी। उसे सिर्फ बिजली चाहिए।

इससे पहले जून में रामा ने कहा था कि एक दिन अल्बानिया में डिजिटल मंत्री या यहां तक कि एआई प्रधानमंत्री भी हो सकते हैं। तब बहुत कम लोगों ने सोचा होगा कि यह इतनी जल्दी हकीकत बन जाएगा। अल्बानिया की राजधानी तिराना में शुक्रवार को एनीयो कासो, जो अल्बानिया के कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्रिप्टोकरेंसी लाइसेंसिंग विभाग के प्रमुख हैं, ने एआई मंत्री डिएला का परिचय दिया। डिएला की नई भूमिका को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आ रहीं है। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने इसे 'हास्यापद' और 'असंवैधानिक' कहा है। वहीं, कुछ लोगों का मानना है कि यह अच्छी पहल है। वित्तीय सेवाओं की कंपनी बाल्कन कैपिटल की संस्थापक अनीडा बजरकतारी बिजा ने कहा कि पीएम एडी रामा अक्सर सुधारों को नाटकीयता के साथ पेश करते हैं, इसलिए लोग इसे दिखावा मान सकते हैं, लेकिन अगर इसे सचमुच पारदर्शिता बढ़ाने और भरोसा कायम करने वाले सिस्टम में बदला गया, तो यह उपयोगी साबित हो सकता है। भ्रष्टाचार-विरोधी एक्सपर्ट्स भी मानते हैं कि एआई से फायदा हो सकता है। किंग्स कालेज लंदन के डा. एंडी होक्सहाज का कहना है कि अगर एआई सही तरह से प्रोग्राम किया जाए, तो यह आसानी से बता सकता है कि कम्पनी ने जो दावें किए थे उसे पूरा किया या नहीं। होक्सहाज का मानना है कि अल्बानिया के पास भ्रष्टाचार से निपटने का बड़ा कारण है, क्योंकि यूरोपीय संघ में शामिल होने की प्रक्रिया में यह सबसे अहम शर्त है।



मुंबई। दादर बीच पर सफाई अभियान में भाग लेते युवा।

## नेपाल हिंसाः पीएम पद छोड़ने वाले ओली पर एफआईआर

■ **आरोपः पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर ज्यादती का आदेश दिया**

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के खिलाफ शनिवार को राजधानी काठमांडू में एफआईआर दर्ज की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओली पर आरोप है कि 8 सितम्बर को जब आंदोलन शुरू हुआ था, तब उन्होंने पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर हमले और ज्यादती का आदेश दिया था। ओली ने भारी दबाव के बीच 9 सितम्बर को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद से ही वो आर्मी की सुरक्षा में हैं। वहीं, नेपाल की अंतरिम पीएम सुशीला कार्की आज घायल आंदोलनकारियों से मिलने काठमांडू के हास्पिटल पहुंची। सुशीला कार्की ने शुक्रवार को ही नेपाल के अंतरिम पीएम पद की शपथ ली है। उन्हें 5 मार्च, 2026 तक संसदीय चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई है। 6 दिनों की हिंसा के बाद काठमांडू के कई इलाकों से कर्फ्यू हटा दिया गया है। वहीं, 6 जगहों पर अब भी कर्फ्यू जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के पंजाब में बाढ़ से 97 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में हाल ही में आई बाढ़ से कम से कम 97 लोगों की मौत हो गई और 44 लाख से जयादा लोग प्रभावित हुए हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने यह जानकारी दी है। पीडीएमए के अनुसार शुक्रवार को रावी, सतलुज और चिनाब नदियों में जलस्तर बढ़ने से आई बाढ़ ने पूरे प्रांत में 4500 से जयादा गांवों को नुकसान पहुंचाया है।

### इराक में मस्जिद में सुन्नी मौलवी की हत्या

**बगदाद।** इराक की राजदानी बगदाद के दक्षिणी डोरा जिले में स्थित एक मस्जिद के इमाम शेख अब्दुल सत्तार अल-कुरघुली की शुक्रवार को मस्जिद के अंदर हत्या कर दी गई। इराक में सुन्नी मुस्लिम धार्मिक मामलों की देखरेख करने वाली सुन्नी एंडोमेंट ने एक बयान में यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया कि सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से घटना में शामिल अपराधियों को पकड़ लिया गया है और उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

### यूक्रेन के ड्रोनों ने रूस के तेल टर्मिनल पर किया हमला

**कीव।** यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसएसयू) ने ड्रोनों के जरिए बाल्टिक सागर पर रूस के सबसे बड़े तेल टर्मिनल प्रिमोर्स्क बंदरगाह पर हमला किया। उक्रिनफॉर्म समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। आगे कहा कि ड्रोनों ने बंदरगाह में एक जहाज और एक पम्पिंग स्टेशन पर हमला किया, जिससे आग लग गई तथा तेल की आपूर्ति अस्थाई रूप से रुक गई।

## चीन पर लगाएं 50 से 100 प्रतिशत टैरिफः ट्रम्प

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने भेजा नाटो देशों को पत्र यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए एकजुट होकर सामने आएं**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को जानकारी दी कि उन्होंने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों को पत्र भेजा है। इस पत्र में उन्होंने कहा, मैं रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हूं, लेकिन तभी लगाऊंगा जब सभी नाटो देश इस पर सहमत हों और वहीं कदम उठाना शुरू कर दें और सभी नाटो देश रूस से तेल खरीदना पूरी तरह बंद कर दें।

ट्रम्प ने लिखा, जैसाकि आप जानते हैं कि नाटो की जीत के लिए अब तक पूरी कोशिशें नहीं हुई हैं और कुछ देशों की ओर से रूसी तेल की खरीद वाकई चौंकाने वाली है। इससे रूस के खिलाफ बातचीत में आपकी स्थिति और सौदेबाजी की ताकत कमजोर हो जाती है। खैर, अगर आप तैयार हों तो मैं तैयार हूं। बस आप बताइए कि कब शुरू करना है? मेरा मानना है कि इसके साथ ही अगर नाटो एक समूह के तौर पर चीन पर 50 से 100 फीसदी तक टैरिफ लगाए, जिन्हें रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त होने के बाद पूरी तरह से हटा लिया जाए तो यह इस खौफनाक और बेवजह के युद्ध को खत्म करने में बहुत मददगार साबित होगा। ट्रम्प ने आगे लिखा, चीन का रूस पर काफी मजबूत नियंत्रण है और पकड़ बनी हुई है। ये सख्त टैरिफ उस पकड़ को कमजोर करने का काम करेंगे।

## भारत की चुप्पी को जॉन बोल्टन ने सराहा

### पूर्व अमेरिकी एनएसए ने टैरिफ मुद्दे को लेकर कहाः यह ट्रम्प से निपटने का सबसे अच्छा तरीका



**बोल्टन ने कहाः अगर आप उनके बहकावे में आकर उनके साथ सार्वजनिक रूप से बहस में पड़ जाते हैं, तो इससे चीजें आसान नहीं होंगी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ओर से लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ पर भारत की चुप्पी की पूर्व अमेरिकी एनएसए ने सराहना की है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ पर भारत का ज्यादातर चुप रहना और गुप्त कूटनीति पर निर्भर रहना ठीक है।

मुझे लगता है कि ट्रम्प जैसे व्यक्ति से निपटने का यही सबसे अच्छा तरीका है। अगर आप उनके बहकावे में आकर उनके साथ सार्वजनिक रूप से बहस में पड़ जाते हैं, तो इससे चीजें आसान नहीं होंगी। पूर्व अमेरिकी एनएसए ने कहा कि अमेरिका में इस बात को लेकर काफी चिंता थी कि दो टैरिफ मुद्दों के साथ-साथ ट्रम्प द्वारा कश्मीर में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में शांति लाने का श्रेय लेना अनुचित था। मुझे लगता है कि भारत का दीर्घकालिक हित रूस के साथ सैन्य और आर्थिक संबंधों को कम करने में है, क्योंकि रूस तेजी से चीन के साथ एक धुरी बन रहा है। पुतिन और शी जिनपिंग ने असीमित साझेदारी की बात की है। जब प्रधानमंत्री मोदी बीजिंग जाते हैं और पुतिन, शी जिनपिंग और किम जोंग उन से हाथ मिलाते हैं, तो यह अमेरिका के लिए एक संकेत होता है। सभी ने वे तस्वीरें देखीं, लेकिन यह भारत के लिए कोई दीर्घकालिक रणनीति नहीं है। भारत-अमेरिका संबंधों पर उन्होंने कहा कि रिश्ते अब भी वैसे ही हैं। भारत सरकार को ट्रम्प को एक बार के प्रस्ताव के रूप में देखना चाहिए और उससे निपटना चाहिए। जो भी कदम उन्हें भारत के राष्ट्रीय हित में लगें, उन्हें उठाना चाहिए, लेकिन इसे ट्रम्प की खासियत समझना चाहिए। किसी व्यापक अमेरिकी दृष्टिकोण को नहीं दर्शाना चाहिए। ट्रम्प के पास कोई समग्र राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति नहीं है। वह बहुत ही लेन-देन वाले हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भारत और अमेरिका के बीच तनाव का एक बड़ा कारण ट्रम्प की बेहद अनिश्चित शैली है। हालांकि भारत की ओर से कई चिंताएं हैं, लेकिन सबसे बड़ी चिंता पिछले कई वर्षों से भारतीय कंपनियों द्वारा रूसी तेल और गैस की खरीद पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ है। यह दर्शाता है कि ट्रम्प कितने अनिश्चित हो सकते हैं क्योंकि उन्होंने प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए रूस पर प्रतिबंध या टैरिफ नहीं लगाया है, न ही उन्होंने प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए चीन पर प्रतिबंध या टैरिफ लगाया है। जबकि चीन भारत से कहीं बड़ा खरीदार है और कई अन्य खरीदार हैं।

## इजरायल ने पाक को दिखाया आईना

**न्यूयार्क।** इजरायल ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए उस पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। इजरायल ने कहा कि पाकिस्तान इस तथ्य को नहीं बदल सकता कि खूंखार आतंकी ओसामा बिन लादेन उनकी धरती पर मारा गया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच जमकर आरा. प-प्रत्यारोप का दौर चला। दरअसल पाकिस्तान ने कतर में इजरायली हमले की निंदा की और पूछा कि शविदेशी धरती पर आतंकवादी को निशाना क्यों बनाया गया? इस पर इजरायली राजदूत ने तीखा जवाब देते हुए पाकिस्तानी प्रतिनिधि की बोलती बंद कर दी। इजरायली प्रतिनिधि डैनी डैनन ने कहा कि जब ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में मार गिराया गया था, तब तो सवाल यह नहीं पूछा गया था कि विदेशी धरती पर एक आतंकवादी को क्यों निशाना बनाया गया।

## नेपाल में फंसे भारत के 251 लोगों ने की वापसी

### अब तक 409 लोगों ने लगाई थी मदद की गुहार



■ **सीमावर्ती नेपालगंज में उपद्रव के बाद अभी हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं**

**नई दिल्ली/ लखनऊ।** नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों की मदद के लिए बनाए गए विशेष कंट्रोल रूम में मदद मांगने का सिल. सिला जारी है। अब तक 409 लोगों ने मदद की गुहार लगाई है हालांकि इनमें से 251 सकुशल वापस आ चुके हैं। बाकी लोगों की मदद के प्रयास किए जा रहे हैं। बता दें कि कंट्रोल रूम में करीब 30 काल आ चुकी हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर गुहार लगाने वालों से भी संपर्क कर मदद की जा रही है।

डीजीपी राजीव कृष्ण गृह मंत्रालय और आईबी के अधिकारियों से लगातार वार्ता कर लोगों की वापसी सुनिश्चित करा रहे हैं। भारत-नेपाल सीमा शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी सील रही। सीमावर्ती नेपालगंज में उपद्रव के बाद अभी हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं। इसका सीधा असर अब खाने-पीने की वस्तुओं और लंबी दूरी की यात्राओं पर दिखने लगा है। चावल, मक्का, दवा और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं लादे करीब एक हजार ट्रक सीमा पर खड़े हैं। मुंबई, दिल्ली, शिमला और गोवा तक चलने वाली बसें भी यात्रियों के अभाव में हाईवे किनारे खड़ी हैं। इस बीच शुक्रवार सुबह पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के 20 से अधिक टैंकर नेपाली सेना की निगरानी में नेपाल रवाना किए गए। सप्लाई ठप होने से नेपाल में 150 ग्राम के पैकेट वाला जो बिस्कुट पहले 50 रुपये में मिलता था, अब वह 150 रुपये में मिल रहा है। यही हाल 600 ग्राम के पैक का भी है। यह बिस्कुट पहले नेपाल में 160 रुपये का मिलता था, जो अब 300 तक पहुंच चुका है। रसोई गैस के सिलिंडर की भी मारामारी मची है। कुछ क्षेत्रों में तो खाद्य पदार्थों की तस्करी भी शुरू हो गई है। रुपईडीहा स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) पर माल लदे ट्रकों की लंबी कतार लगी है। इनमें पेट्रोलियम उत्पाद, दवा, चावल, मक्का और मशीनरी जैसी आवश्यक वस्तुएं हैं। शुक्रवार सुबह अधिकारियों ने पेट्रोल और डीजल टैंकरों को प्राथमिकता पर नेपाल सेना की सुरक्षा में भेजना शुरू कर दिया है, लेकिन बड़ी संख्या में ट्रक अब भी फंसे हुए हैं। बार्डर पर हालात ऐसे ही रहे तो नेपाल में खाद्य सामग्री और दवाओं की भारी किल्लत हो सकती है। सीमा सील होने से परिवहन पूरी तरह प्रभावित है। आम दिनों में रुपईडीहा से मुंबई, गुजरात, दिल्ली, शिमला, हरिद्वार और गोवा जाने वाली निजी बसें नेपाली यात्रियों से भरी रहती थीं, लेकिन अब ये बसें हाईवे 927 के किनारे खड़ी हैं। जिले से सटे नेपाली गांवों में दो दिन हुई हिंसा के बाद नेपाल सेना ने मोर्चा संभाल लिया है।

## पाकिस्तान में आतंकी हमले में मारे गए सेना के 12 जवान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम क्षेत्र के दक्षिण वजीरिस्तान जिले में शनिवार तड़के सुबह आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की चौकी पर हमला कर दिया, जिसमें 12 जवान मारे गए और चार अन्य घायल हैं। अधिकारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने नाम न बताने के शर्त पर शिन्हुआ को बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह करीब पांच बजे घटी जब आतंकियों ने सुरक्षा बलों की दल पर गोलीबारी कर दी। सूत्रों ने आगे बताया कि घायल जवानों की हालत नाजुक बनी हुई है। सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) संगठन का एक स्थानीय कमांडर इस क्षेत्र में सक्रिय है। हालांकि अभी किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## ब्रिटेन में दिनदहाड़े भारतवंशी महिला से सामूहिक दुष्कर्म

■ **आरोपियों ने पीड़िता से अपने देश वापस जाने को भी कहा**
■ **पुलिस घटना की नस्लीय भेदभाव और घृणा अपराध से जोड़कर जांच कर रही**

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतवंशी सिख महिला से सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, 20 वर्षीय महिला से पार्क में दिनदहाड़े दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। आरो. पियों ने पीड़िता से अपने देश वापस जाने को भी कहा।

पुलिस इस घटना की नस्लीय भेदभाव और घृणा अपराध से जोड़कर जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे से पहले घटी। पीड़िता से टेम रोड इलाके में एक पार्क में दिन के उजाले में दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि दोनों हमलावर गोरे लोग थे। पुलिस ने उनके हुलिए की जानकारी साझा की है, जिसमें बताया गया है कि एक आरोपी मजबूत कदकाठी का है और उसने गहरे रंग का स्वेट शर्ट और दस्ताने पहने हुए थे। वहीं दूसरे आरोपी ने ग्रे रंग की जैकेट पहनी हुई थी। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए स्थानीय लोगों से मदद की गुहार लगाई है और कोई भी संदिग्ध सीसीटीवी फुटेज, वीडियो आदि मुहैया कराने की अपील की। इस घटना को लेकर ब्रिटेन के भारतवंशी और सिख समुदाय में गहरी नारा. जगी और गुस्सा है। ब्रिटेन में हाल के समय में सिख समुदाय के खिलाफ नस्लीय हमलों की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं।


## रूस के कामचटका में 7.4 तीव्रता का भूकंप

**सुनामी की चेतावनी जारी बीते 3 महीनों में 7 तीव्रता से ज्यादा के 3 भूकंप दर्ज हुए**

**मॉस्को।** रूस के कामचटका में शनिवार को 7.4 तीव्रता का भूकंप आया है। भूकंप के बाद यहां सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। यह भूकंप 39.5 किलोमीटर की गहराई पर आया। यूएसजीएस ने पहले भूकंप की तीव्रता 7.5 बताई थी, लेकिन बाद में इसे 7.4 कर दिया। पैसिफिक सुनामी चेता. वनी केंद्र ने कहा कि भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर के दायरे में रूस के तटों पर खतरनाक लहरें उठ सकती हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इससे पहले 30 जुलाई को यहां 8.8 तीव्रता का भूकंप आया था, जो दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप आया था। कामचटका में बीते तीन महिनों में 7 तीव्रता से ज्यादा के 3 भूकंप दर्ज किए गए हैं। रूस के कामचटका में जो प्रशांत 'रिंग आफ फायर' का हिस्सा है, इस साल भूकंपीय गतिविधियों का केंद्र रहा। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलाजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के आंकड़ों के अनुसार, इस साल यहां कुल 1200 से अधिक भूकंप दर्ज किए गए हैं। इनमें से अधिकांश छोटे-मोटे (मैग्निटयूड 2.0 से 4. 0 के बीच) थे, लेकिन 4.0 या इससे ऊपर के 150 से ज्यादा भूकंप हुए।

## हिंदी दिवस पर विशेष...

# हिन्दुस्तानी भाषा और हिंदी का संबंध



शहजाद अली

**भारत** की भाषाई विरासत विश्व की सबसे समृद्ध परंपराओं में गिनी जाती है। विभिन्न भाषाएं विचारधाराए हमारे समाज में विद्यमान है संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को आधिका. रिक दर्जा प्राप्त भारतीय मुद्रा पर 15 भाषाएं प्रदर्शित की जाती हैं इनमें हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। यहां की बोलियों, उपभाषाओं और भाषाओं ने न केवल सांस्कृतिक विविधता को जन्म दिया है, बल्कि सामाजिक एकता को भी मजबूत किया है। इसी क्रम में हिन्दुस्तानी भाषा का उल्लेख सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह हिंदी और उर्दू दोनों की जननी कही जाती है। हिंदी दिवस के अवसर पर इन दोनों भाषाओं के संबंध को समझना हमारे लिए प्रासंगिक है।

बहरहाल मध्यकालीन भारत में विभिन्न जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक समूहों का परस्पर मिलन हुआ। फारसी, अरबी, तुर्की और संस्कृत जैसी भाषाओं का संपर्क स्थानीय बोलियों से हुआ, जिससे एक साझा बोलचाल की भाषा का निर्माण हुआ। यही भाषा आगे चलकर हिन्दुस्तानी कहलाई। यह भाषा सरल, समझने में आसान और जनमानस की भाषा थी। लिपि को अगर भूल जाएं तो आज भी जनमानस की भाषा वही हिन्दुस्तानी है।




हिन्दुस्तानी भाषा के दो रूप विकसित हुएकृहिंदी और उर्दू। हिंदी ने संस्कृत शब्दावली को अधिक ग्रहण किया और देवनागरी लिपि को अपनाया। उर्दू ने फारसी और अरबी शब्दों को आत्मसात किया और नस्तालीक लिपि का उपयोग किया। अमीर खुसरो को जहां हिंदी भाषी लोग हिंदी के पहले कवि कहते हैं वही उर्दू भाषी लोग उन्हें उर्दू का पहला शेयर मानते है।लेकिन दोनों की व्याकरण, वाक्य रचना और मूल स्वरूप एक ही है। यही कारण है कि सामान्य बोलचाल में हिंदी और उर्दू की सीमाएं अक्सर धुंधली पड़ जाती हैं।

### 1 साहित्यिक और सांस्कृतिक योगदान


हिंदी और उर्दू दोनों ने मिलकर भारत की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध किया है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यही हिंदुस्तानी भाषा राष्ट्रीयता की अभिव्यक्ति बनी रही। एथनोलोग 2020की रिपोर्ट के मुताबिक हिन्दी-उर्दू बोलने वालों की जनसंख्या 85करोड है। अमीर खुसरो, खघन खाना,कबीर, तुलसीदास और सूरदास जैसे कवियों की हिंदी रचनाओं ने भक्ति और आध्यात्मिकता का संदेश दिया। मीर, गालिब और फैज जैसे उर्दू शायरों ने प्रेम, मानवता और सामाजिक चेतना को स्वर दिया। दोनों भाषाओं के साहित्य ने एक-दूसरे से शब्द, शैली और भाव ग्रहण किए, जिससे एक अनूठा सांझा साहित्यिक संसार बना।

### 2 राष्ट्रीय एकता का प्रतीक

हिन्दुस्तानी भाषा और हिंदी-उर्दू का संबंध केवल भाषाई नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामा. जिक भी है। यह भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है, हिंदी और उर्दू, भले ही अलग-अलग रूपों में विकसित हुई हों, परंतु उनकी आत्मा एक ही है हिन्दुस्तानी। हिंदी दिवस के अवसर पर हमें याद रखना चाहिए कि भाषा कोई दीवार नहीं, बल्कि पुल है जो दिलों को जोड़ती है। हिंदी और उर्दू का संबंध भाईचारे, साझी संस्कृति और भारतीयता की पहचान है। दोनों को मिलकर ही हम अपनी भाषाई धरोहर को पूर्ण रूप में समझ सकते हैं।

# शाहरुख खान और गुरु रंधावा पंजाब के किसानों की मदद को आगे आए

## शाहरुख की मीर फाउंडेशन ने पंजाब में बाढ़ प्रभावित 1500 परिवारों तक पहुंचाई मदद






**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की मीर फाउंडेशन ने पंजाब में बाढ़ प्रभावित 1,500 परिवारों तक मदद पहुंचाई है।

मीर फाउंडेशन स्थनीय एनजीओ के साथ मिलकर पंजाब बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद कर रहा है। इसके तहत जरूरी रिलीफ किट्स बांटी जा रही हैं, जिनमें दवाइयां, हाइजीन से जुड़ी चीजें, खाने-पीने का सामान, मच्छरदानी, तिरपाल की चादरें, फोल्डिंग बेड, कॉटन के गद्दे और दूसरे जरूरी सामान शामिल हैं। यह पहल अमृतसर, पटियाला, फाजिल्का और फिरोजपुर जैसे जिलों के कुल 1,500 परिवारों तक पहुंचेगी। इसका मकसद है कि लोगों को तुरंत स्वास्थ्य, सुरक्षा संग आश्रय की जरूरतें पूरी की जा सकें, जिससे बाढ़ से प्रभावित परिवार सम्मान के साथ अपनी जिंदगी को दोबारा पटरी पर ला सकें।

उधर, जानेमाने गायक गुरु रंधावा पंजाब में किसानों के बीच गेहूं के बीज का वितरण करेंगे। गुरु रंधावा ने हमेशा संकट के समय अपने लोगों का साथ दिया है। हाल ही में पंजाब में आई बाढ़ के दौरान, वह सबसे पहले मदद करने वालों में शामिल रहे। इससे पहले उन्होंने उस मां का घर दोबारा बनवाने का वादा किया था, जिसने इस आपदा में अपनी छत खो दी थी।अब एक और सराहनीय कदम उठाते हुए, गुरु रंधावा ने घोषणा की है कि जैसे ही बाढ़ का पानी कम होगा और हालात सामान्य होंगे, वे सभी बाढ़ प्रभावित किसानों को गेहूं के बीज वितरित करेंगे। इस पहल का मकसद किसानों को खेती फिर से शुरू करने और सम्मान के साथ जीवन को दोबा.रा बसाने में मदद करना है। अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए गुरु ने कहा, जैसे ही बाढ़ खत्म होगी और पानी नीचे जाएगा, मैं प्रभावित गांवों में गेहूं के बीज बांटूंगा ताकि अगली फसल बोई जा सके और लोग एक नई शुरुआत कर सकें। गुरु रंधावा का यह कदम उनके जड़ों से गहरे जुड़ाव और पंजाब के लोगों के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। बाढ़ की कुछ झलकियां भी साझा की व सभी से बेहतर दिनों की दुआ करने का आग्रह किया।



# दोस्तों के चक्कर में चलती ट्रेन से कूद गईं करिश्मा शर्मा



## हादसे में सिर और पीठ पर चोट लगी, अस्पताल में भर्ती कराया गया

**मुंबई।** एक्ट्रेस करिश्मा शर्मा मुंबई लोकल ट्रेन से सफर करते समय हादसे का शिकार हो गईं। घटना के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए इसकी जानकारी दी। करिश्मा ने अपनी पोस्ट में लिखा, कल जब मैं चर्चगेट शूट के लिए जा रही थी तो मैंने साड़ी पहनकर ट्रेन से जाने का फैसला किया। जैसे ही ट्रेन में चढ़ी, वह तेज होने लगी। मैंने देखा कि मेरे दोस्त ट्रेन पकड़ नहीं पाए। डर की वजह से मैंने छलांग लगा दी और पीछे गिर गई। एक्ट्रेस ने आगे लिखा, मेरी पीठ में चोट लगी है, सिर पर सूजन है और पूरे शरीर पर चोट के निशान हैं। डाक्टरों ने MRI किया और मुझे एक दिन के लिए आब्जर्वेशन में रखा है। ताकि सिर की चोट सीरियस न हो। कल से दर्द हो रहा है, लेकिन मैं हिम्मत बनाए हुए हूं।

जल्दी ठीक होने के लिए दुआ करें और अपना प्यार भेजें, यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। करिश्मा की एक दोस्त ने भी अस्पताल से उनकी तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, यकीन नहीं हो रहा, मेरी दोस्त ट्रेन से गिर गई और उसे कुछ याद नहीं है। हमने उसे फर्श पर पाया और तुरंत अस्पताल लाए।

डाक्टर जांच कर रहे हैं। सब दुआ करें कि वह जल्दी ठीक हो जाए। उनकी दोस्त ने घटना से पहले का एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें करिश्मा स्टेशन पर साड़ी पहने नजर आ रही हैं। बता दें कि करिश्मा शर्मा प्यार का पंचनामा 2 और रागिनी एमएमएस रिटर्न्स जैसे प्रोजेक्ट्स से जानी जाती हैं। करिश्मा शर्मा होटल मिलन, फस्टी फसाते और एक विलेन रिटर्न्स जैसी फिल्मों में भी नजर आईं।

करिश्मा ने कई वेब सीरीज में भी काम किया है। उन्होंने लाइफ सही है से वेब डेब्यू किया। इसके अलावा हम-आई एम बिकाज आफ अस, फिक्सर और सुमेर सिंह केस फाइल्स गर्लफ्रेंड्स जैसी वेब सीरीज में भी नजर आईं। घटना के बाद लोग करिश्मा की सलामती और हादसे की जानकारी जानने के लिए गूगल पर उन्हें सर्च कर रहे हैं।

## मेरे रहो 12 दिसम्बर को होगी रिलीज

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शन की नई फिल्म मेरे रहो 12 दिसंबर को रिलीज होगी। फिल्म मेरे रहो में जुनैद खान और साई पल्लवी की मुख्य भूमिका होगी। इस फिल्म का निर्माण आमिर खान और मंसूर खान मिलकर कर रहे हैं। फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने सोशल मीडिया पर बताया, आमिर खान प्रोडक्शंस की नई फिल्म मेरे रहो 12 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस रोमांटिक ड्रामा में जुनैद खान और साई पल्लवी हैं।

# जो अजब है वो गजब है के साथ लौटा इंडियाज गॉट टैलेंट

**मुंबई।** नवजोत सिंह सिद्धू ने इंडियाज गॉट टैलेंट का नया सीजन लांच किया है। नवजोत सिंह सिद्धू की प्रोमो में दमदार लाइन दुनिया में सबसे बड़ा रोग, मेरे बारे में क्या कहेंगे लोग, उन लोगों की परेशानियों को दिखाती है जिन्हें समाज की सोच रोकती है।

यह लाइन टैलेंट्स को प्रेरित करती है कि वो ऐसे बंधनों से ऊपर उठकर बिना किसी डर अपने सपनों का पीछा करें। इंडिया गॉट टैलेंट के पहले प्रोमो में आने वाले सफर की बस एक झलक दिखाई गई है, जिसमें टैगलाइन जो अजब है, वो गजब है इस सीजन की असली रूह को बखूबी पेश करती है। शो के बारे में बात करते हुए नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि मैं उन टैलेंट्स को देखने के लिए उत्साहित हूं जो अनोखे, क्रिएटिव हैं और इतनी हिम्मत रखते हैं कि आम सोच को चैलेंज कर सकें। यह कमाल के टैलेंट्स न सिर्फ पूरे देश को हैरान करने वाले हैं बल्कि अनगिनत लोगों को अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित भी करने वाले हैं। इंडियाज गॉट टैलेंट का प्रीमियर चार अक्टूबर 2025 से, हर शनिवार और रविवार रात 9:30 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर होगा।

# कंतारा: चैप्टर 1 के लिए होम्बले फिल्म्स ने देशभर से जोड़े कारीगर

**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स ने कंतारा: चैप्टर 1 की भव्य दुनिया बनाने के लिए भारत के कारीगरों और संस्कृति का शानदार संगम किया है। होम्बले फिल्म्स की 'कंतारा: चैप्टर 1' एक बेहद अनोखी फिल्म है, जो ऐसे अंदाज से भारतीय संस्कृति को दिखाती है, जिसकी वो असल में हकदार है। मेकर्स ने इस सोच को पूरा करने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ी है। होम्बले फिल्म्स की 'कंतारा: चैप्टर 1 जनता द्वारा सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है। साल 2022 में आई कंतारा बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट बनकर सबसे बड़ी स्लीपर हिट बनकर उभरी, जिसे बाद इस प्रीक्वल से दर्शकों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं। यह फिल्म कंतारा की दुनिया को बड़े पैमाने पर पेश करने के लिए तैयार है, जिसके लिए कारीगरों और क्रू के मेंबर्स ने अलग-अलग राज्यों से आकर फिल्म की पुरानी दुनिया को फिर से जिदा करने में अपना घस योगदान दिया है। कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, पश्चिम बंगाल और बाकी जगहों से कारीगर और क्रू के मेंबर्स आए। हर कारीगर और क्रू मेंबर ने फिल्म की पुरानी दुनिया को फिर से जिंदा करने के लिए अपनी खासियत का कमाल दिखाया।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.

Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

# 52 वर्ष की हुईं महिमा चौधरी



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री महिमा चौधरी आज 52 वर्ष की हो गई। महिमा चौधरी का जन्म पश्चिम बंगाल के दार्जिलिग में 13 सितम्बर 1973 को हुआ था। उन्होंने दसवी कक्षा तक कुर्सेओंग में डॉवहिल में पढ़ाई की और बाद में दार्जिलिग के लोरेटो कॉन्वेंट में चली गई । उन्होंने स्थानीय सौंदर्य प्रतियोगिता में मिस दार्जिलिंग का खिताब जीता। महिमा ने बतौर अभिनेत्री अपने करियर की शुरुआत वर्ष 1997 में प्रदर्शित सुभाष घई की ब्लॉककबस्टर फिल्म परदेस से की। इस फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया। अपनी पहली रिलीज परदेस से पहले, उन्होंने अपने निर्देशक सुभाष घई की सिफारिश पर अपना नाम बदलकर महिमा चौधरी रख लिया, जो मानते थे कि एम अक्षर उनकी फिल्मों में अग्रणी अभिनेत्रियों के लिए भाग्यशाली होता है। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म धड़कन में अपने बेहतरीन अभिनय के लिए महिमा सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से नामांकित की गई। वर्ष 2006 में शादी करने के बाद महिमा चौधरी ने फिल्मों में काम करना कुछ कम कर दिया था। जब महिमा काम कर रही थी, उसी दौरान उनका एक भयानक एक्सीडेटं भी हुआ था। फिल्म दिल क्या करे की शूटिंग के दौरान महिमा चौधरी का कार एक्सीडेंट हुआ था- उस दौरान उनके चेहरे में कांच के टुकड़े धंस गए थे-उस दौरान महिमा के चेहरे से कांच के 67 टुकड़े निकाले गए थे। वर्ष 2006 में महिमा ने बिजनेसमैन बॉबी मुखर्जी से शादी की थी, लेकिन वर्ष 2013 में दोनों का तलाक हो गया। महिमा की एक बेटी है जिसका नाम आर्यना है। महिमा की जिंदगी में सिर्फ एक्सीडेंट ही नहीं, बल्कि एक और बड़ा चैलेंज ब्रेस्ट कैंसर के रूप में आया, लेकिन महिमा ने हिम्मत नहीं हारी और इस बीमारी से भी लड़ाई जीती। महिमा ने अपनी बेटी आर्यना का जिक्र करते हुए बताया था कि जब वो कैंसर से परेशान थी, तब उनकी बेटी ने स्कूल जाना छोड़ दिया था, जिससे उनकी मम्मी को कोविड 19 का खतरा न हो। महिमा चौधरी अब पूरी तरह ठीक हो चुकी हैं। महिमा चौधरी ने अपने सिने करियर में लगभग 35 फिल्मों में अभिनय किया है। महिला चौधरी की इस वर्ष फिल्म इमरजेंसी प्रदर्शित हुई है। दाग द फायर, कुरुक्षेत्र, दिल क्या करे, लज्जा, दीवाने, खिलाड़ी 420, ओम जय जगदीश, दिल है तुम्हारा, सौतन, सहर, सैंडविच, बागबान आदि हैं।